# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, बुधवार 11 फरवरी 2026


पं. दीनदयाल उपाध्याय का पुण्य स्मरण

# एकात्म मानवदर्शन के प्रणेता और समर्थ भारत निर्माण के चिंतक

***वे चाहते थे कि विकास का लाभ अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे , तभी वह सच्चा विकास कहलाएगा। यही अंत्योदय का भाव***

व्यक्ति से समाज और समाज से राष्ट्र निर्माण का मार्ग दिखाने वाले , विलक्षण व्यक्तित्व के धनी , एकात्म मानव दर्शन और अंत्योदय के प्रणेता पं . दीनदयाल उपाध्याय के चरणों में कोटिशः नमन। पं . दीनदयाल जी का जीवन भारत राष्ट्र को दिशा देने वाला प्रकाश स्तंभ है। वे एक ऐसे ऋषि राजनेता थे जो समाज, संस्कृति और राष्ट्र के समग्र उत्थान के लिए समर्पित रहे। उन्होंने राजनीति को राष्ट्रधर्म की साधना का माध्यम माना। उनका स्पष्ट मत था कि स्वतंत्र भारत ▸▸ शेष पेज 4 पर



डॉ. मोहन यादव

सीएम का ब्लॉग

### उनका मत-कृषि सुदृढ़ होगी, तो किसानों की आय बढ़ेगी

पं . दीनदयाल जी ने आर्थिक विकास के लिए कृषि, उद्योग, परिवहन, व्यापार समाज, सुरक्षा एवं सेवा का एक स्पष्ट और व्यावहारिक क्रम बताया। इस क्रम में कृषि प्रधान देश भारत में खेती को प्रथम स्थान देने की आवश्यकता व्यक्त की। उनका मानना था यदि देश में कृषि सुदृढ़ होगी, तो किसानों की आय बढ़ेगी, ग्रामीण जीवन में स्थिरता आएगी और उद्योगों को कच्चा माल एवं श्रम दोनों सहज रूप से उपलब्ध होगा। इससे किसान, उपभोक्ता और समाज तीनों का संतुलन बना रहेगा। मुझे यह बताते हुए संतोष है कि मध्यप्रदेश में प्रधानमंत्री मोदी के ▸▸ शेष पेज 4 पर

### पीएम के संकल्प दीनदयाल जी के स्वप्निल भारत की ही साकार अभिव्यक्ति

हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत जिस विकास पथ पर अग्रसर है, उसके मूल में पं . दीनदयाल जी का चिंतन है। विरासत से विकास, आत्मनिर्भर भारत, वोकल फॉर लोकल और सबका साथ - सबका विकास, यह सभी एकात्म मानव दर्शन के आधुनिक रूप हैं। प्रधानमंत्री मोदी का संकल्प है कि वर्ष 2047, स्वतंत्रता के शताब्दी वर्ष तक भारत को विश्व की सर्वोच्च शक्ति के रूप में स्थापित किया जाए। यह संकल्प पं . दीनदयाल जी के स्वप्निल भारत की ही साकार अभिव्यक्ति है। प्रदेश के हर क्षेत्र की क्षमता, मेधा और दक्षता को अवसर प्रदान करने के लिए जहां रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का नवाचार किया गया, वहीं भोपाल में संपन्न हुई ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट से स्थानीय उद्योगों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने का प्रयास किया गया। निवेश के लिए हमने यूके, जर्मनी, जापान और दावोस आदि यात्राएं कीं और हैदराबाद, कोयंबटूर सहित मुंबई में रोड-शो के माध्यम से उद्योगपतियों को आमंत्रित किया। यह ▸▸ शेष पेज 4 पर



कैबिनेट ने लिया बड़ा फैसला

## मुख्यमंत्री ने 'बेटियों' के लिए खोले पेंशन के द्वार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

- महिला सशक्तिकरण के लिए मुख्यमंत्री का एक और फैसला
- पारिवारिक पेंशन के लिए अविवाहित, विधवा और तलाकशुदा बेटियों को भी दायरे में लिया गया

मप्र कैबिनेट ने मंगलवार को एक और बड़ा फैसला लिया है। इससे उन जरूरतमंदों को लाभ मिल सकेगा, जिन्हें कानूनन अभी तक पारिवारिक पेंशन का लाभ नहीं मिल पा रहा था। राज्य सरकार ने पहली बार पारिवारिक पेंशन के लिए अविवाहित, विधवा और तलाक़शुदा बेटियों को भी इसके दायरे में लिया गया है। सीएम डॉ. मोहन यादव का यह महज प्रशासनिक फ़ैसला नहीं है, बल्कि मानवीय संवेदनाओं के आधार पर फ़ैसला लिया गया है। जब पिता या माता का साया बेटियों के सिर से उठ जाता ▸▸ शेष पेज 4 पर ▸▸ पढ़ें पेज 02 भी


MSN माता श्री नेत्रालय
मल्टीस्पेशलिटी नेत्र संस्थान
माताश्री नेत्रालय विगत 42 वर्षों से नेत्र सेवा में तन्मयता से सेवारत ...
नेत्र सेवा में विश्वास
डॉ. पी.एस. बिन्द्रा
M.B.B.S., M.D., D.O.M.S.
डॉ. प्रीति बिन्द्रा M.B.B.S., M.S., FCRS लेजर विशेषज्ञ
डॉ. चाहवीर बिन्द्रा M.B.B.S., M.S., FRVS रेटिना विशेषज्ञ
जी-2, मनोरा होम्स के पास (ओरा मॉल के पीछे) गुलमोहर कॉलोनी, भोपाल
समय : सुबह 10.30-3 बजे तक शाम 4.30-6.30 बजे (रविवार अवकाश)
फोन : 0755-2562222, 2562233
मो.: 9826084896


### यूटीएस एप होगा बंद रेल वन एप लेगा जगह



**नई दिल्ली।** रेल यात्रा के लिए टिकट बुकिंग के लिए उपयोग में आने वाला रेलवे का यूटीएस एप 1 मार्च से बंद होने जा रहा है। रेलवे ने जारी संदेश में कहा है कि इसके बाद रेल वन एप ही टिकट बुकिंग और यात्री सेवाओं के लिए मोबाइल प्लेटफॉर्म होगा।

**किताब पर संग्राम: लोकसभा स्पीकर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस पेश, इस पर 118 सांसदों के हस्ताक्षर**

# बिरला का लोकसभा में 'न' जाने का फैसला, 9 मार्च को प्रस्ताव पर चर्चा

*कम से कम पचास सांसदों को खड़े होकर समर्थन दिखाना होगा। इसके बाद ही पीठासीन अधिकारी इस प्रस्ताव पर औपचारिक रूप से चर्चा की अनुमति दे सकता है*

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

विपक्ष ने मंगलवार को लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस पेश कर दिया। इसमें 118 सांसदों के हस्ताक्षर हैं। ओम बिरला अब लोकसभा नहीं जाएंगे। अविश्वास प्रस्ताव के गिरने के बाद ही वह स्पीकर की चेयर संभालेंगे। विपक्ष के अविश्वास प्रस्ताव पर सदन में 9 मार्च को चर्चा हो सकती है। 13 फरवरी को बजट सत्र के वर्तमान सेशन का आखिरी दिन है। इसके बाद 8 मार्च से सदन की कार्यवाही फिर से शुरू होगी। इससे पहले बजट सत्र के 10वें दिन संसद दो बार स्थगित ▸▸ शेष पेज 4 पर

### अविश्वास प्रस्ताव में चार घटनाओं का है जिक्र

***विपक्ष के सांसदों ने आरोप लगाया कि लोकसभा अध्यक्ष ने स्पष्ट तौर पर पक्षपाती व्यवहार किया और विपक्ष के नेताओं को बोलने की अनुमति नहीं दी***




रिजिजू ने ये वीडियो शेयर किया

**किताब विवाद पर राहुल गांधी बोले**


## मुझे जनरल नरवणे पर पूरा भरोसा पूर्व आर्मी चीफ 'झूठ' नहीं बोलेंगे

राहुल गांधी ने मंगलवार को पूर्व सेना प्रमुख जनरल मनोज मुकुंद नरवणे के अप्रकाशित संस्मरण के कथित प्रसार को लेकर दिल्ली पुलिस द्वारा दर्ज की गई एफआईआर और इसके प्रकाशक पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया द्वारा जारी सफाई पर रिएक्शन दिया है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने संसद के बाहर पत्रकारों से कहा-या तो नरवणे झूठ बोल रहे हैं या फिर पेंगुइन प्रकाशन कंपनी। मुझे नहीं लगता कि पूर्व सेना प्रमुख ▸▸ शेष पेज 4 पर




राहुल किताब दिखाते हुए

### नरवणे ने अनपब्लिश्ड किताब विवाद पर दी प्रतिक्रिया



नरवणे

जनरल नरवणे ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पेंगुइन इंडिया के आधिकारिक बयान का स्क्रीनशॉट साझा किया और लिखा- यह किताब की मौजूदा स्थिति है। पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया ने कहा कि इस किताब के प्रकाशन का अधिकार केवल ▸▸ शेष पेज 4 पर


**नरसिंहपुर के होटल में लूट का पर्दाफाश**

## 40 रुपए की नकली पिस्टल दिखाकर लूटे थे 80 लाख रु.

**जल्द अमीर बनने और गर्लफ्रेंड पर पैसा उड़ाने के सपने देख रहे जेल गए सभी आरोपी**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नरसिंहपुर

जिले में 3 फरवरी को होटल में हुई 80 लाख रुपए की कथित लूट अब पूरी तरह एक पटकथा ड्रामा साबित हो चुकी है। पुलिस जांच में खुलासा हुआ है कि आरोपियों ने महज 40 रुपए की नकली पिस्टल दिखाकर लूट की कहानी रची थी। सभी आरोपी इस वक्त जेल में हैं। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी जल्द अमीर ▸▸ शेष पेज 4 पर



लूट का वीडियो और जब्त रकम






बीसीसीआई ने नहीं मानी क्रिकेटरों की मांग

### टी20 विश्वकप में परिवार साथ नहीं ले जा सकेंगे भारतीय खिलाड़ी



***टीम इंडिया के 3 मुकाबले भारत में***

एजेंसी ▸▸ मुंबई

टी20 विश्वकप 2026 में भारतीय टीम के बेहतर प्रदर्शन के लिए बीसीसीआई ने सख्त कदम उठाया है। बीसीसीआई ने अपनी सख्त नीतियों पर कायम रहते हुए टी20 वर्ल्ड कप अभियान के दौरान खिलाड़ियों के परिवारों और पार्टनर्स को उनके साथ रहने से रोक दिया है। सूर्यकुमार यादव की कप्तानी वाली भारतीय टीम ने मांग की थी कि पूरे टूर्नामेंट के दौरान उनके परिवारों को भी साथ रहने की अनुमति दी जाए। बोर्ड की ओर से आधिकारिक पुष्टि अभी आना बाकी है। टी20 वर्ल्ड कप में इंडियन टीम ग्रुप स्टेज के तीन मुकाबले भारत में ही खेलने वाली है। बीसीसीआई के नियम के मुताबिक 45 दिनों से ज्यादा चलने वाली सीरीज या टूर्नामेंट के लिए परिवार के सदस्य खिलाड़ियों के साथ 14 दिनों तक रह सकते हैं, जबकि छोटे टूर के लिए यह लिमिट घटाकर सिर्फ सात दिन कर दी गई है। भारतीय टीम मैनेजमेंट ने क्रिकेटरों के परिवारों को उनके साथ रहने की इजाजत देने के बारे में सफाई मांगी थी, लेकिन बोर्ड ने साफ कहा कि परिवार खिलाड़ियों के साथ नहीं रहेंगे।




भजनों की प्रस्तुति के बाद महाआरती एवं प्रसादी का वितरण

# महाशिवरात्रि महोत्सव: बन्ना-बन्नी गीतों के साथ चढ़ेगी बटेश्वर को हल्दी-मेहंदी, भक्त होंगे मगन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

श्री बड़वाले महादेव मंदिर सेवा समिति एवं ट्रस्ट के द्वारा आयोजित महाशिवरात्रि महोत्सव के दौरान बुधवार को बाबा बटेश्वर को हल्दी लगा कर मेहंदी रचाई जाएगी।

मंदिर समिति के संजय अग्रवाल एवं प्रमोद नेमा ने बताया कि शाम 6 बजे बटेश्वर महिला मंडल के द्वारा हल्दी- मेहंदी के गीतों एवं विवाह महोत्सव में गाई जाने वाली गारी- गीतों तथा भोला पार्वती के भजनों की प्रस्तुति के साथ बाबा बटेश्वर को हल्दी लगा कर मेहंदी रचाई जाएगी। रात करीब 9 बजे सभी शिवभक्त मां भवानी मंदिर सोमवारा बाबा बटेश्वर की ससुराल पहुंचेंगे, यहां भवानी मंदिर समिति के अध्यक्ष आशीष सैनी के द्वारा स्वागत सत्कार के बाद माता पार्वती को हल्दी एवं मेहंदी लगाई जाएगी। यहां भी सुमधुर भजनों की प्रस्तुति के बाद महाआरती एवं प्रसादी वितरण होगा।

## कोलार से हर साल धूमधाम से निकाली जाती है शिव बारात, इस वर्ष विशेष आयोजन



बड़वाले महादेव मंदिर में शिवरात्रि पर्व के लिए तैयारी में जुटे श्रद्धालु।

### 21 ब्राह्मणों की मौजूगी में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ किए गए रुद्राक्ष अभिमंत्रित

कोलार से हर साल धूमधाम से शिव बारात निकाली जाती है। इस आयोजन को लेकर एक बार फिर तैयारियां जोर-सोर से चल रही है। शिव बारात इस साल विशेष आयोजन किया जाएगा। समिति की ओर से इस बार भगवान जगन्नाथ के रथ की तर्ज पर एक विशेष रथ तैयार किया गया। शिव विवाह महोत्सव के तहत 21 ब्राह्मणों के हस्ते वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कार्यक्रम की आधारशिला के रूप में रुद्राक्ष पूजन किया गया। आयोजक समिति के अध्यक्ष एवं कोलार के युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष संजय राठौर ने बताया कि, रुद्राक्ष का पूजन कर अभिमंत्रित किया गया। जिसके बाद समिति सदस्यों समेत उज्जैन व भोजपुर भोले बाबा को निमंत्रण देने पहुंचे। इस दौरान सवा लाख पार्थेश्वर शिवलिंग निर्माण की भी नीव रखी गई। समिति के भागवत उइके ने बताया कि शिव बारात कोलार में स्थित आम्र विलास मैरिज गार्डन से निकाली जाएगी।

### बधाई गीत गाकर मनाई बद्रीनारायण मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा वर्षगांठ

साउथ टीटी स्थित बद्रीनारायण मंदिर में भोपाल गढ़वाली समाज ट्रस्ट द्वारा भगवान की प्रतिमाओं की प्राण-प्रतिष्ठा वर्षगांठ समारोह श्रद्धा और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस मौके पर भजन-कीर्तन, हवन-पूजन और विधिवत धार्मिक अनुष्ठान वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न हुए। मुख्य अतिथि के रूप में पार्षद बृजला सचान दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया कार्यक्रम में गढ़वाली, कुमाऊंनी, अल्मोड़ा, टिहरी, जौनसार, पिथौरागढ़ सहित विभिन्न अंचलों के प्रवासी बंधुओं की सहभागिता रही।

इस अवसर पर ट्रस्ट अध्यक्ष विजय सिंह नेगी ने कहा कि बद्रीनारायण मंदिर न केवल आस्था का केंद्र है, बल्कि यह उत्तराखंड की सांस्कृतिक एकता और परंपराओं को जीवंत बनाए रखने का माध्यम भी है। उन्होंने समाज के सभी वर्गों से आपसी सहयोग और सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण का आह्वान किया।



मंदिर में पूजा करते श्रद्धालु।

### शिव महापुराण कथा सुनने उमड़ रहे भक्त



शिवमहापुराण कथा में आरती लेतीं महिलाएं।

मां विजयासन धाम खाटू श्याम मंदिर कस्टम कॉलोनी में चल रही शिवमहापुराण की कथा सुनने के लिए भक्तों का सैलाब उमड़ रहा है। आचार्य शशांक शेखर महाराज ने कथा के दौरान शिवलिंग के महत्व और आदिदेव प्रभु महादेव के नाम की महिमा का वर्णन किया। मन के भटकाव को दूर करना है तो भोले की शरण में रहने की बात कहीं।

पितरों व पूर्वजों को नर्मदा जल किया अर्पण

# श्रीराम कथा के विश्राम पर सेठानी घाट पर किया भंडारा



सेठानी घाट पर बंदरों को भंडारा खिलाते भगवताचार्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

श्रीराम जानकी मंदिर शिक्षक कांग्रेस कॉलोनीबाग मुगलिया में आयोजित श्रीराम कथा के समापन और भंडारा के बाद मंगलवार को नर्मदापुरम के सेठानी घाट में देव भण्डारा संपन्न हुआ।

इस अवसर पर कथावाचक पं सुशील महाराज के सानिद्धय में यजमान और उत्तर प्रदेश व वुंदावन से पधारे आचार्यों द्वारा श्री हनुमान जी महाराज की वानर सेना वानर को फलों का भंडारा खिलवाया। नर्मदा जी के सेठानी घाट पर सभी देवी देवताओं का आवाहन करके अपने पितरों व पूर्वजों को नर्मदा जल अर्पण किया गया। इसके पश्चात मछलियों को चावल, लाई, चिरौंजी आदि का भोग समर्पित किया गया। पंडित सुशील महाराज ने बताया कि जन मानस में वन्य प्राणियों की सेवा सत्कार का भाव जागृत करने के उद्देश्य से श्रीमद् भागवत कथा, श्रीराम कथा तथा श्रीशिव महापुराण कथा के पश्चात देव भंडारा आयोजित कर श्री हनुमान जी की वानर सेना को भोज करवाने का कार्यक्रम विगत कई वर्षों से किया जा रहा है।

उन्होंने वन्य प्राणियों के प्रति दया भाव एवं सेवा भाव रखकर उन्हें भोजन उपलब्ध करवाना बड़ा ही पुण्य का काम होता है।

## खबर संक्षेप

### अनिल साहू 'अकेला' बने मप्र तैलिक साहू सभा के प्रदेश महासचिव



**भोपाल।** मध्य प्रदेश तैलिक साहू सभा में संगठनात्मक सुदृढ़ीकरण की दिशा में निर्णय लेते हुए सभा के पूर्व अध्यक्ष ताराचंद साहू एवं हाई पावर कमेटी की सर्वसम्मत अनुशंसा पर प्रदेशाध्यक्ष ओमप्रकाश साहू द्वारा अनिल कुमार साहू 'अकेला' को मप्र तैलिक साहू सभा के महासचिव पद का महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है। साथ ही संगठन की वित्तीय एवं प्रशासनिक व्यवस्था को और अधिक मजबूत करने के उद्देश्य से मदनलाल साहू को कोषाध्यक्ष तथा हरि भाई साहू को कार्यालय सचिव नियुक्त किया गया है। इन नियुक्तियों से भोपाल नगर ही नहीं, बल्कि सम्पूर्ण प्रदेश में साहू समाज के बंधुओं में अभूतपूर्व उत्साह, हर्ष एवं गौरव का वातावरण व्याप्त हो गया है। समाज के वरिष्ठजनों, पदाधिकारियों एवं युवाओं ने एक स्वर में विश्वास व्यक्त किया है कि नवनियुक्त नेतृत्व अपने अनुभव, दूरदर्शिता एवं संगठनात्मक कुशलता से तैलिक साहू समाज को नई ऊर्जा, नई दिशा एवं नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएगा। इस अवसर पर डॉ. प्रकाश सेठ, डॉ. हेमराज साहू, हरिशंकर साहू, रमेश साहू, जीवनलाल साहू, डॉ. एचएल साहू, आरसी साहू, विजय साहू, विनोद साहू, विवेक साहू, बृज साहू, मनोज साहू, प्रीतम साहू, उमेश साहू, दिलीप साहू, दीपक साहू, प्रशांत साहू, अभिषेक साहू,राकेश साहू, नवयुवक मंडल अध्यक्ष राहुल साहू सहित सभी नवयुवक साथियों ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी।

### एमबीबीएस, बीडीएस, बीएएमएस, में प्रवेश की नीट परीक्षा तीन मई को

**भोपाल।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी) के मार्फत नेशनल एलिजिबिलिटी कम इन्ट्रेंस टेस्ट-नीट 2026 स्नातक यूजी परीक्षा 3 मई 2026 को आयोजित होगी। नीट के माध्यम से एमबीबीएस, बीडीएस, बीएएमएस, बीयूएमएस, बीएसएमएस, बीएचएमएस, बीवीएससी एण्ड एएच स्नातक कोर्स में प्रवेश लिया जा सकेगा। नीट यूजी 2026 के अंक और मेरिट सूची संबंधित नियामक निकायों द्वारा निर्धारित नियमों के अनुसार पहले की तरह ही बीडीएस, बीव्हीएससी एण्ड एएच पाठ्यक्रमों में प्रवेश कि लिए भी लागू होंगे। आयुष मेडिकल एसोसिएशन के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ राकेश पाण्डेय ने बताया कि विगत वर्ष नीट 2025 में सभी विधाओं के लगभग दो हजार यूजी कॉलेजों में स्नातक की दो लाख 23 हजार 487 यूजी सीटें थी। संभव है इस वर्ष 2026 नीट में मेडिकल, डेंटल व आयुष स्नातक के कॉलेजों व सीटों में बढ़ोतरी हो।

पहले दिन अंग्रेजी के पेपर में बने प्रदेश में 13 नकल प्रकरण, भोपाल में 7 दर्ज किए

# सुबह करीब एक घंटे पहले केंद्रों पर पहुंचे छात्र-छात्राएं, कड़ी जांच के बाद मिली एंट्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

*परीक्षा में शामिल होने के लिए पूरे उत्साह के साथ विद्यार्थी सुबह 8 बजे से केंद्रो पर पहुंचने लगे। इस दौरान कड़ी जांच के बाद विद्यार्थियों को कक्षाओं में प्रवेश दिया गया।*

हरिभूमि लाइव

मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल की मुख्य परीक्षाएं मंगलवार से शुरू हो गई हैं। पहले दिन कक्षा बारहवीं के अंग्रेजी के पेपर से इसकी शुरूआत हुई। परीक्षा में शामिल होने के लिए पूरे उत्साह के साथ विद्यार्थी सुबह 8 बजे से केंद्रो पर पहुंचना शुरू हो गए थे। इस दौरान कड़ी जांच के बाद विद्यार्थियों को कक्षाओं में प्रवेश दिया गया। राजधानी के 104 परीक्षा केंद्रो पर कक्षा बारहवीं के लगभग 26 हजार 627 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए। परीक्षा का समय सुबह 9 से 12 बजे तक रहा। पेपर देकर केंद्रो से बाहर आए विद्यार्थियों ने पेपर सरल बताया। पहले दिन प्रदेश में 13 नकल के मामले दर्ज किए गए। इसमें सबसे ज्यादा 7 केस भोपाल और 6 केस ग्वालियर में दर्ज हुए हैं। बता दें कि इस बार बोर्ड परीक्षा में दोनो कक्षाओं में प्रदेशभर के 16 लाख से अधिक विद्यार्थी शामिल हो रहे हैं। इसमें करीब 7 लाख विद्यार्थी 12वीं और 9 लाख 7 हजार विद्यार्थी कक्षा 10वीं के हैं। जिसके लिए पूरे प्रदेश में 3856 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।



सरोजनी नायडू स्कूल में पेपर देकर प्रसन्न मुद्रा में निकली छात्राएं।



केंद्र पर छात्राओं की चेकिंग।

### 9 जिलों की लाइव मॉनिटरिंग

इसके साथ ही प्रदेश के 9 जिलों के 226 एग्जाम सेंटर के सीसीटीवी कैमरे को मंडल मुख्यालय और जिले के कलेक्टर व जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालयों में बनाए गए कन्ट्रोल रूम से जोड़ा गया है।

### जिले में चार-चार फ्लाइंग

नकल और अनुचित साधनों पर रोक लगाने के लिए इस बार तकनीक का भरपूर इस्तेमाल किया जा रहा है। प्रशासन ने संवेदनशील परीक्षा केंद्रों की पहचान कर वहां सीसीटीवी कैमरे लगाए हैं। इसके साथ ही फ्लाइंग स्क्वॉड और थानों से प्रश्न-पत्र निकालने तक वीडियोग्राफी की व्यवस्था भी की गई है। जिले में चार-चार फ्लाइंग स्क्वॉड गठित किए गए हैं। इनमें से दो स्क्वॉड विकासखंड स्तर पर और दो जिला स्तर पर काम कर रही है।




न्यू माधवी गौतम करोंद केंद्र पर छात्रों की चेकिंग।

पहले दिन अंग्रेजी का पेपर, छात्रों में दिखा उत्साह


## एमपी बोर्ड 12वीं की परीक्षा का पहला दिन, अंग्रेजी के पेपर में नहीं था दम

मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल एमपी बोर्ड की 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाओं का शुभारंभ मंगलवार को अंग्रेजी विषय के पहले प्रश्न-पत्र के साथ हुआ। पहले ही दिन परीक्षा केंद्रों पर छात्रों का देखने को मिला। सरोजनी स्कूल परीक्षा केंद्र पर दिखा आत्मविश्वास परीक्षा के बाद खिले छात्रों के चेहरे सरोजनी स्कूल स्थित परीक्षा केंद्र से बाहर निकलते छात्र-छात्राओं के चेहरों पर आत्मविश्वास और संतोष साफ नजर आया, अधिकांश छात्रों ने अंग्रेजी का प्रश्न-पत्र अपेक्षा से आसान बताया।



**प्रश्न-पत्र काफी सरल था**

आमतौर पर अंग्रेजी का पेपर कठिन माना जाता है, लेकिन इस बार प्रश्न-पत्र काफी सरल था पढ़ाई की रणनीति के कारण परीक्षा बहुत अच्छी रही, पैरेंट्स का बहुत सपोर्ट मिला।
**पलक मिश्रा**, छात्रा



**पिछले प्रश्नपत्रों से की तैयारी**

पिछले वर्षों के प्रश्नपत्रों के आधार पर तैयारी की थी, जिससे परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं हुई और समय पर पूरा पेपर लिख पाईं।
**सिद्धिका कुमारी**, छात्रा



**तैयारी पूरी हो तो डर नहीं लगता**

अगला पेपर भौतिक विज्ञान का है जिसकी तैयारी पूरी है एग्जाम लिखने के लिए टाइम साफिशियंट था। अगर तैयारी पूरी हो तो डर नहीं लगता।
**आदित्य कुमार**, छात्र



**ढाई घंटे में पूरा हुआ पेपर सॉल्व**

शिक्षकों की तैयारी से बढ़ा आत्मविश्वास ढाई घंटे में पूरा पेपर हो गया, समय रहते की गई तैयारी और शिक्षकों के मार्गदर्शन से आत्मविश्वास बढ़ा, शुरुआत में थोड़ी घबराहट जरूर थी, लेकिन परीक्षा के दौरान सब कुछ सहज रहा। तीन घंटे के निर्धारित समय में ढाई घंटे में ही पेपर पूरा कर लिया।
**धैर्य कुशवाहा**, छात्र

डिजिटल माध्यमों को किया जा रहा सशक्त

## चालक दल ऐप करेगा रनिंग स्टाफ रेल सुरक्षा को मजबूत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रेलवे में सुरक्षित और सुचारु रेल परिचालन सुनिश्चित करने की दिशा में रनिंग स्टाफ के लिए गुणवत्तापूर्ण विश्राम एवं सुविधाजनक ठहराव को एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में देखा जा रहा है। इसी क्रम में रेलवे द्वारा रनिंग रूम से संबंधित शिकायतों के त्वरित एवं पारदर्शी निस्तारण हेतु डिजिटल माध्यमों को सशक्त किया जा रहा है। रेलवे सूचना प्रणाली केंद्र द्वारा विकसित ह्यचालक दल ऐप के माध्यम से लोको पायलट, सहायक लोको पायलट एवं ट्रेन प्रबंधक को रनिंग रूम से जुड़ी शिकायतें सीधे दर्ज करने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। यह व्यवस्था विभिन्न स्तरों पर निगरानी को सरल बनाते हुए शिकायतों के शीघ्र समाधान एवं प्रभावी अनुपालन में सहायक सिद्ध हो रही है। कुछ स्थानों पर रनिंग रूम की शिकायतें अभी भी केवल रजिस्टरों में दर्ज की जा रही हैं, जिससे डिजिटल निगरानी प्रणाली में उनका समुचित प्रतिबिंब नहीं आ पा रहा है।

भारत सरकार का मिला पेटेंट

## दंत सर्जरी में नहीं बदलने पड़ेंगे औजार एम्स ने बनाया स्वदेशी उपकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

दंत सर्जरी के दौरान बार-बार औजार बदलने की मजबूरी अब खत्म होने वाली है। एम्स भोपाल के डॉक्टरों ने दांत और मुंह की सर्जरी के लिए एक ऐसा स्वदेशी बहुउद्देश्यीय शल्य उपकरण तैयार किया है, जिससे एक ही उपकरण से सर्जरी के कई काम किए जा सकेंगे। इस खास उपकरण को भारत सरकार से आधिकारिक पेटेंट मिल गया है। इस उपकरण के मुख्य आविष्कारक डॉ. अंशुल राय हैं। उनके साथ डॉ. बाबूलाल, डॉ. जितेंद्र कुमार, डॉ. जेनिश भट्टी और डॉ. मोनिका राय ने सह-आविष्कारकों के रूप में योगदान दिया है। डॉ अंशुल राय ने बताया कि आमतौर पर दंत इम्प्लांट और माइनर ओरल सर्जरी में अलग-अलग चरणों के लिए कई औजारों की जरूरत पड़ती है। इससे सर्जरी लंबी हो जाती है और जटिलता भी बढ़ती है। एम्स भोपाल का यह नया उपकरण स्विस नाइफ की तरह काम करता है, जिसमें कई सर्जिकल सुविधाएं एक ही ढांचे में मौजूद हैं।



### सर्जरी होगी तेज और सुरक्षित


कम औजारों के इस्तेमाल से सर्जरी का समय घटेगा, गलती की संभावना कम होगी और मरीज को कम तकलीफ होगी। सर्जरी जल्दी पूरी होने से मरीजों की रिकवरी भी पहले से तेज हो सकेगी। यह उपकरण हल्का, छोटा और आसानी से ले जाने योग्य है।

कार्य प्रभावित होने की बात आ रही सामने

## बीयू में अवैध मांगों को लेकर धरना-प्रदर्शन का जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बीयू में इन दिनों आए दिन कोई न कोई प्रदर्शन जारी है। इसमें विवि के छात्र कम और बाहरी छात्रों का जमावड़ा अधिक देखने को मिल रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को विवि में कुछ छात्रों द्वारा अपनी अवैध मांगों को लेकर धरना-प्रदर्शन करने की बात सामने आई है। इस प्रदर्शन में बीयू के गिने-चुने छात्र ही शामिल थे, जबकि बाहरी छात्रों की संख्या अधिक बताई जा रही है। आरोप है कि इससे विश्वविद्यालय के प्रशासनिक एवं परीक्षा सहित कई कार्यों में बाधा उत्पन्न हुई। प्रदर्शनकारी अपनी अवैध मांगों को लेकर इस बात के लिए प्रदर्शन कर रहे थे कि विवि के मैदान क्रमांक 3 पर सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक के निर्माण का प्रस्ताव विभाग द्वारा वर्ष 2019 में विवि को भेजा गया था, जबकि हकीकत यह है कि विभाग द्वारा इस तरह के एथलेटिक ट्रैक के निर्माण का प्रस्ताव भेजा नहीं गया था, बल्कि विवि भवन समिति की बैठक में वर्ष 2019 में स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के निर्माण का प्रस्ताव स्वीकृत हुआ था।



फाइल फोटो

### सभी कागजात दिखाने के बाद भी किया प्रदर्शन

स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स के भवन का निर्माण वित्तीय व्यवस्था नहीं होने के कारण नहीं हो पाया। पहली बार सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक के निर्माण का प्रस्ताव वर्ष 2025 में पीएम ऊषा योजना के तहत अनुमोदित हुआ था। बताया गया है कि बीयू प्रशासन द्वारा प्रदर्शन करने वालों को यह सभी कागजात दिखाने के बाद भी उन्होंने धरना-प्रदर्शन किया। बताया जा रहा है कि इससे विवि में विश्वविद्यालय शिक्षक विभाग की सभी परीक्षाओं के साथ ही विवि की विभिन्न परीक्षाएं जो की विभिन्न कॉलेजों में संचालित हो रही हैं, प्रभावित हुई हैं।

### विवि में सभी कार्य नियम से होते हैं

विवि के मैदान नंबर 3 पर सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक के निर्माण की अवैध मांग को लेकर कुछ छात्रों ने यहां प्रदर्शन किया। उन्हें इस संबंध में तथ्यात्मक जानकारी दी गई थी। विवि में सभी कार्य नियम से होते हैं। अवैध मांगों को लेकर प्रदर्शन अशोभनीय और निंदनीय है। इससे कार्य प्रभावित होते हैं।

- डॉ. एसबी सिंह, रजिस्ट्रार, बीयू

रेलवे ने कहा था-यात्रा खत्म तो जिम्मेदारी भी खत्म, दलील खारिज

आयोग ने रेलवे को सेवा में कमी का माना दोषी

# भोपाल स्टेशन एफओबी हादसे में मरने के छह साल बाद मिला इंसाफ, आयोग ने कहा स्लैब गिरना गंभीर लापरवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल रेलवे स्टेशन से छह साल पहले हुए एक हादसे को लेकर उपभोक्ता फोरम ने बड़ा फैसला सुनाते हुए,रेलवे की दलील को खारिज कर दी है। साथ ही आयोग ने रेलवे को सेवा में कमी का दोषी मानते हुए, पीड़ित के परिजनों 6 लाख 35 हजार रुपए मुआवजा और 3 हजार रुपए परिवाद व्यय अदा करने का आदेश दिया है। तय समय में भुगतान नहीं होने पर 9 प्रतिशत वार्षिक ब्याज भी देना होगा। हालांकि, आयोग ने यह भी स्पष्ट किया कि स्थायी विकलांगता का प्रमाण पत्र न होने के कारण भविष्य की आय-क्षति का अलग से आंकलन नहीं किया जा सका। उल्लेखनीय है कि 13 फरवरी 2020 को संपर्क क्रांति एक्सप्रेस भोपाल रेलवे स्टेशन पहुंची थी। स्टेशन पर बने फुटओवर ब्रिज से यात्रियों के गुजरने के दौरान अचानक लगभग 1010 वर्गफुट का कांक्रीट स्लैब भरभराकर नीचे गिर गया। हादसे में 10 से 15 यात्री मलबे में दब गए थे। यात्रियों और पुलिस की मदद से घायलों को बाहर निकाला गया। घायलों में यात्री खालिद बेग भी शामिल थे। वे संपर्क क्रांति एक्सप्रेस से काचीगुड़ा (हैदराबाद) से भोपाल पहुंचे थे और ट्रेन से उतरने के बाद परिजनों के साथ प्लेटफॉर्म नंबर-2 से बाहर निकल रहे थे। इसी दौरान अचानक जोरदार आवाज के साथ फुटओवर ब्रिज का रैंप टूटकर गिर गया। चीख-पुकार मच गई। कई यात्री मलबे में दब गए, कई लहूलुहान हो गए। इस हादसे में खालिद बेग के पैर और घुटने के साथ रीढ़ की हड्डी में गंभीर फ्रैक्चर हुआ।



### 5 लाख रुपए का खर्च प्रमाणित

आयोग के अध्यक्ष योगेश दत्त शुक्ल ने फैसला सुनाते हुए कहा कि फुटओवर ब्रिज रेल यात्रियों के लिए अनिवार्य सुविधा है और उसका स्लैब गिरना सीधे तौर पर रेलवे की लापरवाही तथा सेवा में कमी का प्रमाण है। यात्रियों के उपयोग में आने वाले फुटओवर ब्रिज का न तो सही ढंग से निर्माण किया गया था और न ही समय-समय पर उसका रखरखाव किया गया। यही लापरवाही एक बड़े हादसे का कारण बनी। हादसे से खालिद बेग रीढ़ की हड्डी की चोटें अत्यंत गंभीर थीं और इलाज में कम से कम 5 लाख रुपए का खर्च प्रमाणित है।

भोपाल, बुधवार 11 फरवरी 2026 ■ फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष-09 ■ वर्ष : 12, अंक : 312 ■ पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 ** मौसम अधि. 28 न्यून. 14 haribhoomi.com

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुईं थीं

**कलश बांटते वक्त हुआ हादसा**

बदइंतजामी के चलते महिलाओं को कुचलते निकली भीड़

# नवग्रह मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में भगदड़, 1 महिला की मौत, 8 घायल हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डबरा

ग्वालियर जिले के डबरा में नवग्रह मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम में कलश यात्रा शुरू होने से पहले भगदड़ मच गई। इसमें 70 वर्षीय महिला रति साहू की मौत हो गई। बच्ची समेत 8 लोग घायल हो गए हैं। इनमें से एक की हालत गंभीर है। ग्वालियर रेफर किया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक भगदड़ तब मची जब कलश यात्रा से पहले कलश बांटे जा रहे थे। इसी दौरान पुलिसकर्मियों ने अचानक स्टेडियम का गेट खोल दिया, जिससे भीड़ बेकाबू हो गई। महिलाएं एक दूसरे पर गिर गईं। मृतक महिला की बहू ने बताया कि पुलिसकर्मियों की लापरवाही से हादसा हुआ। भीड़ को कंट्रोल नहीं किया गया। इसी वजह से सास रति साहू को भीड़ कुचलते निकल गई। घायल सास को अस्पताल लेकर गए, तो डॉक्टर्स ने लापरवाही बरती। यहां ऑक्सीजन के लिए मेरी सास 30 मिनट तक तड़पती रही। नवग्रह शक्तिपीठ प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के तहत दोपहर 1 बजे कलश यात्रा प्रस्तावित थी। इसके लिए महिलाओं को सुबह 11 बजे स्टेडियम पहुंचने को कहा गया था, लेकिन सुबह 9 बजे से ही महिलाएं बड़ी संख्या में ग्राउंड पर जुटने लगी थीं। भीड़ बढ़ती रही, लेकिन एंट्री गेट और अंदरूनी व्यवस्था के लिए पर्याप्त नियंत्रण नहीं किया गया। दावा है कि कलश यात्रा के लिए 1000 पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई थी, लेकिन भगदड़ के वक्त लोगों को 2 पुलिसकर्मी ही बचाते दिख रहे हैं। हादसे के बाद स्टेडियम ग्राउंड में हर तरफ महिलाओं की चप्पलें, टूटी चूड़ियां और बिखरा सामान पड़ा ▶▶ शेष पेज 4 पर

**पूर्व मंत्री नरोत्तम मिश्रा कार्यक्रम के आयोजक थे**


डॉ. नरोत्तम मिश्रा कलश बांटते हुए


घायलों के साथ उनके परिजन अस्पताल में

### सीएम ने जताया दुख मुआवजे का किया ऐलान

डबरा में हुई दुर्घटना पर सीएम डॉ. मोहन यादव ने दुख व्यक्त किया है। उन्होंने एक्स पर कहा घटना में एक महिला के निधन का समाचार अत्यंत दुखद है। घायलों का निःशुल्क उपचार कराया जा रहा है। मृतका के परिजन को 4 लाख एवं गंभीर रूप से घायलों को 1-1 लाख की आर्थिक सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए हैं। ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की प्राथना करता हूं।

## खबर संक्षेप

### शरद पवार की सेहत में सुधार पीएम मोदी ने जाना हाल



**नई दिल्ली।** एनसीपी (एसपी) प्रमुख शरद पवार की सेहत में अब पहले से सुधार आया है। डॉक्टरों के अनुसार उनकी हालत स्थिर है और सभी वाइटल पैरामीटर सामान्य हैं। पीएम मोदी ने शरद पवार से फोन पर बात कर सेहत की जानकारी ली।

### प्रेमानंद महाराज के दर्शन का बदला सिस्टम



**मथुरा।** चर्चित संत प्रेमानंद महाराज के संग एकांतिक वार्तालाप और एकांतिक दर्शन की इच्छा भक्तों की पूरी होने वाली है। अब महाराज जी के राधा केली कुंज आश्रम में एकांतिक वार्तालाप की व्यवस्था बदल गई है और आश्रम प्रशासन द्वारा नया टोकन सिस्टम लागू किया गया है।

### फिल्म 'घूसखोर पंडत' का बदलेगा नाम



**नई दिल्ली।** मनोज बाजपेयी अभिनीत फिल्म 'घूसखोर पंडत' के शीर्षक को लेकर उठे विवाद के बीच नेटफ्लिक्स इंडिया ने दिल्ली हाई कोर्ट को बताया है कि फिल्म का नाम बदला जाएगा। याचिका पर सुनवाई के दौरान सामने यह जवाब आया।

सरकार अब सीधे प्लेटफॉर्म्स को जवाबदेह बना रही

इन नियमों का सीधा असर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स और डिजिटल कंपनियों पर पड़ेगा

# एआई से बने वीडियो अब नहीं बचेंगे, सरकार लाई सख्त नियम, 3 घंटे में हटेगा फेक कंटेंट


*एआई से बना गैरकानूनी या आपत्तिजनक कंटेंट शेयर करने पर आईटी एक्ट, नए क्रिमिनल कानून, पॉक्सो और दूसरे कानूनों के तहत कार्रवाई हो सकती है*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सोशल मीडिया पर इन दिनों आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) जेनेरेटेड वीडियोज की बाढ़ सी आई है। असली क्या है और नकली क्या है ये समझ पाना काफी मुश्किल हो रहा है। ऐसे सरकार की तरफ इस पर शिकंजा कसने के लिए नया नियम आ गया है। सरकार ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से बने कंटेंट को लेकर नए नियम नोटिफाई कर दिए हैं।

इन नियमों का सीधा असर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स और डिजिटल कंपनियों पर पड़ेगा। अब इंटरनेट पर जो भी कंटेंट एआई टूल्स से बनेगा, उसे साफ तौर पर लेबल करना जरूरी होगा। ये बदलाव 20 फरवरी 2026 से लागू होंगे। सबसे बड़ा बदलाव यह है कि अब सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को एआई से बने गलत या गैरकानूनी कंटेंट को तीन घंटे के अंदर हटाना होगा। पहले यह समय सीमा 36 घंटे थी। मतलब अगर किसी प्लेटफॉर्म को पता चलता है कि कोई डीपफेक वीडियो, फर्जी डॉक्यूमेंट या भड़काऊ एआई कंटेंट फैल रहा है, तो उसे तुरंत एक्शन लेना होगा। सरकार का ▶▶ शेष पेज 4 पर

**नए नियमों में एक और अहम बात है-पहचान और लेबलिंग**



फाइल फोटो

**हर तीन महीने में यूजर्स को नियमों की जानकारी देनी होगी**

**एक डिजिटल पहचान या मेटाडेटा जोड़ना होगा जिसे हटाया न जा सके**

### अब सिंथेटिक कंटेंट की परिभाषा साफ

सरकार ने अब सिंथेटिक कंटेंट की साफ परिभाषा दी है। इसका मतलब ऐसे ऑडियो, वीडियो, फोटो या विजुअल्स से है जो कंप्यूटर या एल्गोरिदम से बनाए गए हों और देखने में बिल्कुल असली लगें। यानी, ऐसा कंटेंट जो किसी इंसान या घटना को इस तरह दिखाए कि लोग उसे सच मान ▶▶ शेष पेज 4 पर

### कोई भी एआई कंटेंट बिना पहचान के घूमता न रहे

सरकार ने यह भी तय किया है कि सोशल मीडिया कंपनियों को हर तीन महीने में यूजर्स को नियमों की जानकारी देनी होगी। यूजर्स को साफ बताया ▶▶ शेष पेज 4 पर

### बढ़ेगी सोशल मीडिया कंपनियों की जिम्मेदारी

अब सोशल मीडिया कंपनियों की जिम्मेदारी भी बढ़ गई है। यूजर जब कोई पोस्ट डालेगा, तो उसे बताना होगा कि कंटेंट एआई से बना है या नहीं? प्लेटफॉर्म को यह सिर्फ भरोसे पर नहीं छोड़ना है। कंपनियों को टेक्निकल तरीके से यह भी चेक करना होगा कि यूजर सच बोल रहा है या नहीं? अगर प्लेटफॉर्म नियमों का पालन नहीं करता, तो उसकी कानूनी सुरक्षा खत्म हो सकती है। यानी सरकार अब सीधे प्लेटफॉर्म्स को जवाबदेह बना रही है। इन बदलावों में पुराने कानूनों से जुड़ा एक अपडेट भी है। नए नियमों में इंडियन पीनल कोड की जगह नए आपराधिक कानून का जिक्र किया गया है। ▶▶ शेष पेज 4 पर

**मथुरा में एक ही परिवार के 5 लोगों की हत्या**

## 3 मासूम बच्चों का गला दबाया, पत्नी को मारा... फिर खुद करंट लगाकर दी जान


मृतक परिवार के पांचों सदस्य, मनीष जाटव एवं पत्नी सीमा सहित बच्चे

**घर से 5 अर्थी निकलने से हड़कंप मच गया**

एजेंसी ▶▶ मथुरा

मथुरा से मंगलवार को एक चौंकाने वाला मामला सामने आया। यहां एक पूरे परिवार के लोगों के शव मिलने से हड़कंप मच गया। परिवार में कुल 5 लोग थे। पहले ये जानकारी सामने आई थी कि सभी ने सुसाइड किया है लेकिन बाद में ये जानकारी मिली कि गृहस्वामी ने सबसे पहले अपने 3 मासूम बच्चों की गला दबाकर हत्या की, फिर पत्नी ▶▶ शेष पेज 4 पर

### यह है मामला?

खप्परपुर निवासी 35 वर्षीय मनीष जाटव, उनकी पत्नी 32 वर्षीय सीमा, पांच वर्षीय बेटी हनी, चार वर्षीय प्रियांशी और दो वर्ष के बेटे पंकज का शव सुबह के घर के अंदर पड़ा मिला। जब काफी देर तक दरवाजा नहीं खुला तो पड़ोस में रह रहे मनीष के भाई पीछे की दीवार फांदकर अंदर पहुंचे। खिड़की से देखा तो कमरे में पांचों लोगों के शव पड़े थे। ▶▶ शेष पेज 4 पर

## अंग्रेजी के पेपर से 12वीं की बोर्ड परीक्षा शुरू



### प्रदेश भर में 3856 परीक्षा केंद्रों पर कड़ी जांच के बाद मिली एंट्री

**भोपाल।** मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल की बारहवीं की मुख्य परीक्षाएं मंगलवार से अंग्रेजी के पेपर के साथ शुरू हो गई हैं। इस साल करीब 7 लाख विद्यार्थी कक्षा 12वीं की परीक्षा में शामिल हो रहे हैं। इन परीक्षाओं के लिए प्रदेश भर में 3856 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। नकल रोकने के लिए फ्लाइंग स्क्वाड, सीसीटीवी निगरानी और थानों से प्रश्न-पत्र निकालने तक वीडियोग्राफी की गई है। सभी परीक्षाएं सुबह 9 से 12 बजे तक होंगी। वहीं अब कक्षा ▶▶ शेष पेज 4 पर




**इंदौर में मौत का आंकड़ा 35 पहुंचा**

## दो साल की मासूम रिया सहित बुजुर्ग ने तोड़ा दम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

■ लोगों में गुस्सा बढ़ा, स्थायी समाधान की मांग

भागीरथपुरा क्षेत्र में दूषित पानी से हो रही मौतों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। सोमवार रात 75 वर्षीय शालिग्राम ठाकुर ने दम तोड़ दिया, जबकि मंगलवार सुबह दो साल की मासूम रिया की भी मौत ▶▶ शेष पेज 4 पर


रिया (मृतक) शालिग्राम ठाकुर

**सतना में तेज रफ्तार कार का कहर**

## पैदल जा रहीं दो बच्चियों को मारी टक्कर...मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सतना

■ एक तीसरी तो दूसरी थी 5वीं की छात्रा

सिंहपुर थाना क्षेत्र में मंगलवार की सुबह दो परिवारों के लिए काल बनकर आई है। यहां पहाड़ीखेरा-कालिंजर स्टेट हाइवे पर एक तेज रफ्तार कार ने सड़क किनारे चल रही दो मासूम बच्चियों को इतनी जोरदार टक्कर मारी कि दोनों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया है। दोनों बच्चियां अपने ▶▶ शेष पेज 4 पर




**गांधी मेडिकल कॉलेज में 4 महीने पहले लिया था दाखिला, आलीराजपुर की रहने वाली थी**

डीन ने कहा- पढ़ाई को लेकर टेंशन में थी रोशनी

## बाथरूम में मिला एमबीबीएस छात्रा का शव शरीर के पास ही खाली मिली एसिड बॉटल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में एमबीबीएस छात्रा की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। गांधी मेडिकल कॉलेज की छात्रा रोशनी का शव बाथरूम में मिला। पास ही एसिड की बोतल भी मिली है। रोशनी ने पिछले साल ही अक्टूबर में एमबीबीएस फर्स्ट ईयर में एडमिशन लिया था। जानकारी के मुताबिक रोशनी कुढे डे-स्कॉलर थी और कोहेफिजा थाना क्षेत्र में प्राइवेट हॉस्टल में रह रही थी। जब वह सुबह कॉलेज के लिए अपने कमरे से बाहर नहीं निकली, तो साथ पढ़ने वाले स्टूडेंट्स उसे बुलाने ▶▶ शेष पेज 4 पर

**प्राइवेट हॉस्टल के उसके कमरे में सुसाइड नोट नहीं मिला**


घटना के बाद छात्रों की भीड़। (इनसेट में) रोशनी

### पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट से मौत का कारण पता लगेगा

गांधी मेडिकल कॉलेज की डीन कविता एन. सिंह ने बताया कि रोशनी के मोबाइल में परिजन को भेजे गए मैसेज से पता चला है कि वह पढ़ाई को लेकर तनाव में थी। मेहनत करने के बावजूद ठीक से समझ नहीं पा रही थी। माना जा रहा है कि वह पढ़ाई को लेकर ज्यादा टेंशन में थी। फिलहाल, रोशनी के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भोपाल के मॉचुर्री भेज दिया गया है। पुलिस ने मामले की सूचना परिजनों को दे दी है। घटना को लेकर कोहेफिजा ▶▶ शेष पेज 4 पर

### मोबाइल का डेटा निकाला जाएगा

पुलिस का कहना है कि बुधवार की सुबह उसका शव परिजनों को सौंपा जाएगा। फिलहाल परिजन काफी दुखी थी। इसलिए बयान नहीं लिया गया है। टीआई कोहेफिजा केजी शुक्ला कहना है कि कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। कमरे की तलाशी भी ली गई है। वहीं कुछ लोगों के बयान भी लिए जाएंगे। हालांकि, छात्रों ने कहा कि वह काफी दिनों के परेशान थी। पिछले दिन टेस्ट में नंबर कम आए हुए थे। परिजनों ने पुलिस से मांग की है कि वो सीसीटीवी ▶▶ शेष पेज 4 पर

## मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक में लिए गए कई निर्णय

# जनजातीय कार्य, महिला एवं बाल विकास विभाग की योजनाओं को वर्ष 2030-31 तक की निरंतरता के लिए 7,133 करोड़ 17 लाख रुपए की मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कैबिनेट ने वर्ष 2026-27 से वर्ष 2030-31 तक जनजातीय कार्य और महिला एवं बाल विकास विभाग की योजनाओं की निरंतरता के लिए 7,133 करोड़ 17 लाख की स्वीकृति प्रदान की है। स्वीकृति अनुसार जनजातीय कार्य विभाग की पीवीटीजी आहार अनुदान योजना के लिए 2,350 करोड़, एकीकृत छात्रावास योजना के लिए 1,703 करोड़ 15 लाख रुपए, सीएम राइज विद्यालय योजना के लिए 1,416 करोड़ 91 लाख की मंजूरी दी गई है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक मंगलवार को मंत्रालय में हुई। इसमें उक्त कार्यों के अलावा आवास सहायता योजना के लिए 1,110 करोड़ के साथ ही माध्यमिक शिक्षा मण्डल को शुल्क की प्रतिपूर्ति, एससी-एसटी के अभ्यार्थियों को छात्रवृत्ति, कक्षा-9 वीं की छात्रवृत्ति के लिए 522 करोड़ 8 लाख की स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके अतिरिक्त महिला एवं बाल विकास की मुख्यमंत्री कोविड-19 बाल सेवा योजना के लिए 31 करोड़ 3 लाख की स्वीकृति प्रदान की गई है।


कैबिनेट बैठक का दृश्य।

### धरती आबा के लिए 366 करोड़ रुपए

कैबिनेट ने धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान (डीए-जेजीयूए) के तहत विद्युत अधोसंरचना विस्तार में 63 हजार 77 अविद्युतीकृत घरों एवं 650 अविद्युतीकृत शासकीय संस्थानों के विद्युतीकरण के लिए 366 करोड़ 72 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की है। इसमें केन्द्र शासन से अनुदान राशि 220 करोड़ 03 लाख रुपए तथा राज्य शासन का अंश 146 करोड़ 69 लाख रुपए का भार आएगा। इसके अतिरिक्त (मप्र ऊर्जा विकास निगम) 8 हजार 521 घरों को ऑफ-ग्रिड से विद्युतीकरण के लिए अनुमानित लागत 97 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है।

### मृत्यु की दशा में परिवार पेंशन का प्रावधान

प्रमुख नवीन प्रावधान के तहत अभिदाता की मृत्यु की दशा में परिवार पेंशन का प्रावधान किया गया है। स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति और ई-सेवा पुस्तिका संबंधी प्रावधान किया गया है। केन्द्र तथा मध्यप्रदेश शासन की पूर्व सेवाओं को जोड़ा जायेगा। निलम्बन अवधि में अभिदाता तथा नियोक्ता के अंशदान का प्रावधान किया। इसके साथ ही राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के कार्यान्वयन के लिए विस्तृत एवं स्पष्ट प्रक्रिया, अंशदान की दर, स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति, त्यागपत्र एवं मृत्यु की दशा में निकास प्रावधान किया गया है।

***2 लाख रुपए प्रति घर तक अनुमानित लागत वाली बसाहटों में खर्च होंगे***

*अनुमोदन अनुसार भारत सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार वितरण कंपनी स्तर पर निर्धारित सीलिंग कॉस्ट का पालन करते हुए, 2 लाख रुपए प्रति घर तक अनुमानित लागत वाली बसाहटों में राज्य की विद्युत वितरण कंपनियों की ओर से विद्युत अधोसंरचना निर्माण कर ऑन-लाइन प्रणाली से विद्युतीकरण किया जाएगा।*

## खबर संक्षेप

### मप्र विस के पूर्व अध्यक्ष स्व. राजेंद्र प्रसाद की जयंती पर विधानसभा में पुष्पांजलि सभा



**भोपाल।** विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मप्र विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष स्व. राजेंद्र प्रसाद शुक्ल की जन्म जयंती पर आज मंगलवार को विधानसभा के सेंट्रल हॉल में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पूर्व प्रोटेम स्पीकर रामेश्वर शर्मा, पूर्व विधायकगण, विधानसभा के प्रमुख सचिव अरविंद शर्मा ने शुक्ल की सुपुत्री विनीता वाजपेई सहित विधानसभा के बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी की उपस्थित रहे।

### लाड़ली बहना योजना पर एचसी का हवाला देकर सिंगार ने सरकार को घेरा

**भोपाल।** मध्यप्रदेश की बहुचर्चित लाड़ली बहना योजना को लेकर सरकार का असली रुख अब मध्यप्रदेश हाईकोर्ट में उजागर हो गया है। इस मामले को लेकर हाईकोर्ट का हवाला देते हुए नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार ने सरकार को सवालों को घेरे में खड़ा किया है। सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए नेता प्रतिपक्ष ने लिखा कि योजना के तहत प्रदेश की हजारों पात्र महिलाओं का पंजीयन बंद कर दिया गया है, वहीं 18 से 21 वर्ष की विवाहित महिलाओं को योजना से बाहर रखे जाने को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं। इसी कथित अन्याय के खिलाफ कांग्रेस नेता एवं पूर्व विधायक पारस सकलेचा ने मध्यप्रदेश हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की है। याचिका में मांग की गई है कि 21 वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं का पंजीयन दोबारा शुरू किया जाए, 18-21 वर्ष की विवाहित महिलाओं को योजना का लाभ दिया जाए और सरकार द्वारा सार्वजनिक मंचों से घोषित 3,000 प्रतिमाह की राशि को लागू किया जाए लेकिन इस पूरे मामले में सबसे चौंकाने वाला खुलासा तब हुआ, जब हाईकोर्ट में बहनों के पंजीयन को फिर से शुरू करने की मांग उठी और राज्य सरकार के उपमहाधिवक्ता ने स्वयं इस मांग का विरोध किया।



### उपमुख्यमंत्री को नर्सिंग ऑफिसर की समस्याओं से कराया अवगत



**भोपाल।** समस्त स्वास्थ्य अधिकारी कर्मचारी महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष सुरेंद्र कौरव और एनएचएम संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी प्रकोष्ठ की प्रदेशाध्यक्ष नीतू केल्दे के नेतृत्व में नर्सिंग ऑफिसर की समस्याओं से उपमुख्यमंत्री डॉ राजेंद्र शुक्ल को अवगत कराया गया। महासंघ ने नर्सिंग ऑफिसर की लंबित 14 सूत्रीय लंबित मांगों का ज्ञापन भी राजेंद्र शुक्ल को सौंपा। सरेंद्र कौरव और नीतू केल्दे ने होप प्रोग्राम में होने वाली वर्तमान और भविष्य में आने वाली समस्याओं से अवगत कराया गया। उपमुख्यमंत्री ने नर्सिंग ऑफिसर की मांगों पर एनएचएम एमडी से चर्चा कर जल्द ही निराकरण करने आश्वासन दिया।

## प्रदेश में मत्स्य उत्पादन दोगुना करने की दिशा में सक्रियता से कार्य करने के निर्देश

# मत्स्य पालकों की आर्थिक समृद्धि के लिए बनाई जाए कार्य योजना: डॉ. यादव

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है मध्यप्रदेश कृषि उत्पादन में देश का अग्रणी राज्य है, इसके साथ हमें मत्स्य उत्पादन में भी सक्रियता से कार्य कर आने वाले वर्षों में इसे दोगुना करने की दिशा में काम करना है।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार मत्स्य पालकों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। इसके लिए प्रदेश में मछली पालन के साथ ही एक्वाकल्चर के क्षेत्र में भी कार्य किया जाए। प्रदेश में ऐसा इको सिस्टम तैयार किया जाए, जिससे मछुआरों का आर्थिक सशक्तिकरण हो सके। डॉ यादव ने मंगलवार को मंत्रालय में मछुआ कल्याण तथा मत्स्य विकास विभाग की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को यह निर्देश दिए।


मछुआ कल्याण तथा मत्स्य विकास विभाग की समीक्षा करते सीएम।

### संभाग स्तर पर मछली घर बनाने के निर्देश

मुख्यमंत्री डॉ यादव को समीक्षा बैठक में विभागीय अधिकारियों ने जानकारी दी कि प्रदेश में मत्स्य उत्पादन बढ़ाने की दिशा में मध्यप्रदेश केज कल्चर नीति पर कार्य किया जा रहा है। इसमें 10 हजार केज हितग्राही मूलक योजना में और 90 हजार केज उद्यमी मॉडल के अंतर्गत तैयार किए जाएंगे। मुख्यमंत्री मछुआ समृद्धि योजना के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों के विषय में भी अधिकारियों ने विस्तार से जानकारी दी।

### नंबर एक राज्य बनाने तैयार करें कार्ययोजना

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि राज्य सरकार कृषक कल्याण को समर्पित करते हुए यह वर्ष मना रही है। मध्यप्रदेश को मत्स्य पालन के क्षेत्र में देश का नंबर-1 राज्य बनाने के लिए कार्य योजना तैयार करें। मछुआ सम्मेलन आयोजित कर मत्स्य पालन में बेहतर कार्य करने वालों को प्रोत्साहित किया जाए। प्रदेश में संचालित मत्स्य महासंघ के सुव्यवस्थित उपयोग के लिए भी कार्य करने के निर्देश डॉ यादव ने बैठक में दिए। उन्होंने कहा कि कम भू-जल स्तर वाले जिलों में फॉर्म पॉन्ड मॉडल के माध्यम से मत्स्य उत्पादन को बढ़ाया जा सकता है। इसके लिए एक जिले को मॉडल के रूप में तैयार किया जाए, जिसमें मत्स्य उत्पादन के साथ ही सिंघाड़ा, कमल गट्टा, मखाना सहित अन्य एक्वाकल्चर आधारित गतिविधियों को प्रोत्साहित किया जाए।

### मुख्यमंत्री के समक्ष वर्ष 2026-27 के बजट प्रस्तावों का हुआ प्रेजेंटेशन

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट प्रस्तावों में सभी क्षेत्रों और वर्गों के विकास तथा कल्याण का ध्यान रखा गया है। उन्होंने बजट प्रस्तावों को वर्तमान परिप्रेक्ष्य में बेहतर बताते हुए उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा के दृष्टिकोण तथा प्रस्ताव तैयार करने में विभागीय अधिकारियों-कर्मचारियों द्वारा किए गए परिश्रम की सराहना की। डॉ यादव के समक्ष मंगलवार को वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट प्रस्तावों का प्रेजेंटेशन दिया गया। मंत्रालय में हुई बैठक में उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री कार्यालय) नीरज मंडलोई, अपर मुख्य सचिव (वित्त) मनीष रस्तोगी तथा वित्त विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। मंत्रि-परिषद के समक्ष भी आज ही बजट प्रस्तावों का प्रेजेंटेशन हुआ।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज उज्जैन में करेंगे वन मेले का शुभारंभ

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव उज्जैन में बुधवार 11 फरवरी को शाम 4 बजे दशहरा मैदान, सेठी नगर उज्जैन में वन मेले का शुभारंभ करेंगे। वे इस अवसर पर एमएफपी पार्क द्वारा निर्मित प्राकृतिक 'होली रंग गुलाल' एवं 'महाकाल स्मृति उपहार' का विमोचन करेंगे। साथ ही वन विभाग की एक नवीन पहल 'महाकाल वन प्रसादम' का भी शुभारंभ करेंगे। महाकाल वन मेला 'समृद्ध वन, खुशहालजन' थीम पर आधारित होगा, जो 11 से 16 फरवरी तक चलेगा। महाकाल की नगरी उज्जैन में वन मेले का आयोजन पहली बार किया जा रहा है।

***जैव विविधता को प्रदर्शित करने का सशक्त माध्यम***

*मेले में प्रदेश के वनवासियों द्वारा एकत्र की जाने वाली अकाष्ठीय वनोपज के प्रदर्शन, संरक्षण, संवर्धन, प्रसंस्करण एवं विपणन को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से मेले का आयोजन किया जा रहा है। वन मेला प्रदेश की समृद्ध जैव विविधता के वैभव को प्रदर्शित करने का एक सशक्त माध्यम है। अकाष्ठीय वनोपज संग्राहक, वन धन केन्द्रों, प्राथमिक लघु वनोपज समितियां, व्यापारीगण, हर्बल और आयुर्वेदिक उद्योग के प्रतिनिधि इस आयोजन में भाग लेंगे और अपने उत्पादों का प्रदर्शन एवं विक्रय करेंगे।*

## करोड़ों के कारम डैम घोटाले की रिपोर्ट पेश

# सीई, अधीक्षण यंत्री समेत दोषी ठहराए पांच इंजीनियर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कारम डैम घोटाले के लिए पांच इंजीनियर जिम्मेदार पाए गए हैं, जबकि तीन इंजीनियरों को साक्ष्यों के अभाव में आरोपों से मुक्त किया गया है। जल संसाधन विभाग के सचिव जॉन किंग्सली एआर की 350 पेज की जांच रिपोर्ट में यह खुलासा हुआ है। 304.44 करोड़ की लागत वाले कारम डैम घोटाले की साढ़े तीन साल तक चली जांच के बाद पेश की गई।

रिपोर्ट में जिन पांच इंजीनियरों को डैम फूटने के लिए जिम्मेदार पाया गया है, उनके विरुद्ध जल संसाधन विभाग के प्रमुख अभियंता द्वारा 17 फरवरी को सुनवाई की जाएगी। इस डैम को बनाने की जिम्मेदारी एएनएस कंसट्रक्शन नई दिल्ली को सौंपी गई थी। जल संसाधन विभाग के सचिव जॉन किंग्सली एआर की रिपोर्ट में कहा गया है कि विभागीय जांच के अंतर्गत उपलब्ध साक्ष्यों, साक्षियों के बयान, आरोपियों द्वारा पेश बचाव के दस्तावेज और अन्य तथ्यों के परीक्षण के बाद यह बात सामने आई है कि प्रभारी मुख्य अभियंता नर्मदा ताप्ती कछार सीएस घटोल, पी जोशी तत्कालीन अधीक्षण यंत्री जल संसाधन मंडल धार, बीएल निनामा तत्कालीय कार्यपालन यंत्री डजल संसाधन ससंभाग क्रमांक एक धार, आदि पर कारम डैम फूटने को लेकर लगाए गए आरोप प्रमाणित पाए गए हैं।


फाइल फोटो

***शासन को कोई वित्तीय हानि नहीं हुई***

*जांच अधिकारी ने यह भी टिप्पणी की जांच अधिकारी जॉन किंग्सली एआर ने कहा है कि विभागीय जांच के दौरान कुछ आरोपी इंजीनियरों ने रिपोर्ट दी कि बांध पूरी तरह सुरक्षित था। प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा बांध में कट लगाने का निर्णय लिया गया, अगर ऐसा नहीं किया जाता तो बांध भी सुरक्षित रहता। इस कार्य से शासन को कोई वित्तीय हानि नहीं हुई है। जांच अधिकारी ने इसके आधार पर शासन को हुई वित्तीय हानि का उल्लेख करते हुए रिपोर्ट में कहा है कि कलेक्टर धार के 3 फरवरी 2026 के पत्र के अनुसार कारम डैम दुर्घटना में किसानों और प्रभावित व्यक्तियों को हुए नुकसान के बाद कुल 14 लाख 70 हजार 398 का भुगतान सरकार को करना पड़ा है।*

*किसान और भट्टे वालों को किया लाखों का भुगतान इसमें से 1 लाख 94 हजार 419 खेती की जमीन पर मिट्टी के जमाव के कारण देने पड़े हैं तो 9 लाख 90 हजार 679 फसल क्षति के रूप में भुगतान करना पड़ा।*

## भाजपा के वरिष्ठ विधायक भार्गव का दावा

### गोपाल भार्गव बोले-मैं टिकाऊ, बिकाऊ नहीं

# दिग्विजय सिंह ने दिया था कांग्रेस में आने का ऑफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भाजपा के सबसे सीनियर विधायक गोपाल भार्गव ने अपनी विधानसभा रहली में आयोजित एक कार्यक्रम में अपने लंबे राजनीतिक सफर को लेकर कई बातें कही।

इस दौरान उन्होंने कहा कि पार्टी के प्रति निष्ठा की बात करते हुए कहा कि कभी कांग्रेस के दिग्गज नेता और पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह ने उन्हें कांग्रेस में आने का ऑफर दिया था, लेकिन हमने कह दिया था कि मैं टिकाऊ हूं बिकाऊ नहीं। भार्गव ने कहा कि राजनीति में उपेक्षा किसी भी व्यक्ति को भीतर से तोड़ देती है, कई बार सरकार में बात नहीं सुनी जाती तो भी मन टूट जाता है। उन्होंने कांग्रेस के कार्यकाल का जिक्र करते हुए कहा कि मैंने तो 20 साल संघर्ष किया है, अपनी मांगें रखता रहा, जूझता रहा। लेकिन जब सरकार नहीं मानती तो मन टूट जाता है। मैंने 20 साल मन को बांधे रखा, उस दौरान कई मंत्री यहां तक पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह कहते थे कि गोपालजी भाजपा में क्या रखा है, कुछ नहीं है, आप तो हमारे पास आ जाओ, मैं आपको किसी अच्छे विभाग का मंत्री बना दूंगा, लेकिन तब मैंने भी कहा दिया था कि राजा साहब एक बात कहता हूं, ये माल टिकाऊ है बिकाऊ नहीं है। मैं 20 साल विपक्ष में रहा, लेकिन यहां तो लोग 20 महीने में पलटी मार जाते हैं।


रहली में एक सभा को संबोधित करते विधायक गोपाल भार्गव।

## 27 को हाईकोर्ट में होनी है सुनवाई, हाईकोर्ट ने दल-बदल पर नहीं दिया कोई फैसला

# विधायक निर्मला के दल-बदल केस पर स्पीकर ने बुलाई बैठक नेता प्रतिपक्ष और बीना विधायक से अलग-अलग की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सागर जिले की बीना सीट से कांग्रेस के टिकट पर विधायक बनी निर्मला सप्रे के दल-बदल मामले में विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के साथ अलग-अलग बैठक की। दरअसल निर्मला सप्रे के दल-बदल मामले में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार और एक अन्य याचिका पर मप्र हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा और जस्टिस विनय सर्राफ की डबल बैंच ने सुनवाई की थी।

इस दौरान कोर्ट के सामने राज्य सरकार की ओर से एडवोकेट जनरल ने कोर्ट को बताया कि यह मामला विधानसभा अध्यक्ष (स्पीकर) के पास विचाराधीन है। स्पीकर स्तर पर इस पर सक्रिय रूप से विचार चल रहा है। और जल्द निर्णय लिए जाने की संभावना है।

हाईकोर्ट ने पिछले महीने 15 जनवरी को सरकार के बयान को रिकॉर्ड पर ले लिया और इस चरण पर कोई अंतिम आदेश नहीं दिया। सरकार की ओर से मांगी गई स्थगन की अर्जी मंजूर कर ली थी।


निर्मला सप्रे (फाइल)

***अगर चुनाव हुआ तो बीना में कांग्रेस जीतेगी***

कांग्रेस की आपत्ति है कि विधायक निर्मला सप्रे ने भाजपा के मंच पर शपथ ली थी और जो बयान दिए थे वो प्रमाण के साथ हमने स्पीकर को दिए हैं। मैं समझता हूं कि आने वाले 8-15 दिनों के अंदर अध्यक्ष इस मामले में निर्णय लेंगे। नेता प्रतिपक्ष ने कहा- भाजपा की अपनी एक रणनीति है कि बगैर किसी विधायक को लिए दिखाना है कि ये हमारे हैं। भाजपा डरी और घबराई हुई है। वो चुनाव के मैदान में नहीं जाना चाहती है, उन्हें पता है कि बीना में अगर उपचुनाव हुए तो सीट कांग्रेस की झोली में आएगी।

***ऐसे मामलों में 90 दिनों में निर्णय करने के निर्देश***

अब इस मामले की अगली सुनवाई 27 फरवरी को होगी। हाईकोर्ट ने अभी दलबदल पर कोई फैसला नहीं दिया है। लेकिन, कोर्ट ने गेंद स्पीकर के पाले में छोड़ दी है। अगली सुनवाई तक यह देखा जाएगा कि विधानसभा अध्यक्ष कोई निर्णय लेते हैं या नहीं। विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर से बैठक के बाद नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा- हाईकोर्ट ने सरकार और विधानसभा से पूछा कि आप इस मामले में क्या कार्रवाई कर रहे हैं तो विधानसभा की ओर से जवाब दिया गया कि हम इस मामले में कार्रवाई कर रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट के ऐसे निर्देश हैं कि ऐसे मामलों में 90 दिनों में निर्णय करना है।

## सीएम ने बैठक से पहले मंत्रियों को किया संबोधित

### मातृ मृत्यु दर 173 से घटकर 142 और शिशु मृत्यु दर 41 से हुई घटकर 37

# समर्थन मूल्य पर सात मार्च तक किया जाएगा गेहूं उपार्जन के लिए रजिस्ट्रेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश में गेहूं का उपार्जन के लिए पंजीयन 7 फरवरी से शुरू हो गया है, यह 7 मार्च तक जारी रहेगा। प्रदेश में 3186 पंजीयन केंद्र बनाए गए हैं। गेहूं का समर्थन मूल्य पिछले वर्ष से 160 रुपए अधिक है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में सकारात्मक संदेश मिला है। प्रदेश में मातृ मृत्यु दर 173 से घटकर 142 और शिशु मृत्यु दर 41 से घटकर 37 हो गई है। टीबी उन्मूलन कार्यक्रम में मप्र देश के 5 शीर्ष राज्यों में शामिल है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंगलवार को कैबिनेट की बैठक से पहले अपने संबोधन में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सिकल सेल उन्मूलन के लिए प्रदेश में व्यापक व्यवस्थाएं की गई हैं। आयुष्मान योजना के माध्यम से उपचार में मप्र देश में प्रथम स्थान पर है। एयर एंबुलेंस सेवा और राहवीर योजना के क्रियान्वयन में भी निरंतर प्रगति हो रही है। मुख्यमंत्री ने आह्वान किया कि सभी जिलों में विक्रमोत्सव और गुड़ी पड़वा का पर्व उल्लास और उत्साह से मनाया जाए। इसके तत्काल बाद प्रदेश में जल गंगा अभियान आरंभ हो जाएगा जो 3 महीने तक जारी रहेगा।


फाइल फोटो

### मंत्री अपने-अपने जिलों में समन्वय बनाएं

मुख्यमंत्री ने मंत्रियों को अपने-अपने जिलों में अभियान की गतिविधियों के व्यवस्थित संचालन के लिए आवश्यक समन्वय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने प्रदेश को नक्सलियों से मुक्त करने के उपलक्ष में 9 फरवरी को बालाघाट में आयोजित कार्यक्रम के संबंध में जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि महाकौशल क्षेत्र की कृषि कैबिनेट बालाघाट में की जाएगी, जो पूरे क्षेत्र को विकास की मुख्य धारा में लाने के संकल्प का प्रतीक होगी। उन्होंने बताया कि प्रदेश को रेल के क्षेत्र में सिंगरौली जबलपुर ट्रेन की सौगात प्राप्त होने वाली है।

### धान का समर्थन मूल्य 2369 रुपए रखा गया

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि धान का समर्थन मूल्य 2369 रुपए रखा गया है, जो पिछली बार की एमएसपी से अधिक है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में 51 लाख 74 हजार मीट्रिक टन धान का उत्पादन हुआ। प्रदेश में 8 लाख 59 हजार से अधिक किसानों ने पंजीयन कराया, जिसमें से 7 लाख 89 हजार से अधिक किसानों ने स्पॉट बुकिंग कर धान उत्पादन में अपना योगदान दिया।

### रेस्क्यू सेंटर और जू एक साथ विकसित करने की योजना

सीएम ने बताया कि प्रदेश में वन्य जीव पर्यटन को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से रेस्क्यू सेंटर और जू एक साथ विकसित करने की योजना है, इसके तहत जबलपुर और उज्जैन में गतिविधियां शुरू हुई हैं।

## प्रदेशाध्यक्ष ने की संभाग और जिला प्रभारियों के साथ बैठक

# दायित्वबोध, प्रवास, समन्वय और संवाद से होगा संगठन मजबूत: जामवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल एवं क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने मंगलवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में संभाग एवं जिला प्रभारियों के साथ बैठक की। इस बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने कहा कि किसी भी दायित्व को प्रभावी तरीके से निभाने के लिए सबसे पहले उसकी स्पष्टता बेहद जरूरी है। जिला प्रभारी को अपने प्रभार वाले जिले का भौगोलिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और संगठनात्मक पहलुओं का गहन अध्ययन करना होगा, और निरंतर प्रवास के माध्यम से संगठन को आगे बढ़ाना होगा, ताकि पार्टी संगठन के लक्ष्यों को सही दिशा मिल सके। दायित्वबोध, प्रवास, समन्वय और संवाद से संगठन मजबूत होगा। बैठक का संचालन पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेन्द्र बरूआ ने किया। इस दौरान प्रदेश महामंत्री राहुल कोठारी एवं गौरव रणदिवे मंचासीन रहे।


भाजपा प्रदेश कार्यालय में बैठक।

***संगठन की मजबूती का आधार कार्य विभाजन है***

*जामवाल ने कहा कि संगठन द्वारा सौंपे गए किसी भी दायित्व को प्रभावी ढंग से निभाने के लिए सबसे पहले जिम्मेदारी की स्पष्ट परिभाषा, उसकी भूमिका और संपूर्ण जानकारी का होना आवश्यक है। जिला प्रभारी को अपने प्रभार वाले जिले का भौगोलिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और संगठनात्मक अध्ययन करते हुए निरंतर प्रवास के माध्यम से आगे बढ़ाना होगा, ताकि सफलता का मार्ग सुनिश्चित हो सके। संगठन की मजबूती का आधार कार्य विभाजन है। कोई भी पदाधिकारी या कार्यकर्ता बिना दायित्व के नहीं रहना चाहिए।*

हरिभूमि

# भोपाल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 11 फरवरी 2026

7 कोलार तहसील में खुलेगा पंजीयन कार्यालय...



8 52वां खजुराहो नृत्य समारोह 20 से: सृजन का प्रतीक...






**रहवासी भगवान भरोसे, अनहोनी हुई तो कौन होगा जिम्मेदार?**

## एचएफए के आवासों में दस हजार लोग रहने पहुंचे, लेकिन फायर सिस्टम बना शो-पीस, क्योंकि फायर एनओसी ही नहीं

एक दर्जन से ज्यादा स्थानों पर चल रहे हैं प्रोजेक्ट | गंगा नगर, 12 नंबर सहित हिनोतिया में भी प्रोजेक्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बहुमंजिला इमारतों में रहने वाले दस हजार परिवारों की सुरक्षा फिलहाल भगवान भरोसे है। क्योंकि इनमें फायर सिस्टम इंस्टाल ही नहीं है। केवल उपकरण लगे हैं। जो धूल खा रहे हैं। छह मंजिला इमारतों में दस हजार से ज्यादा लोग रह रहे हैं। फायर एनओसी नहीं होने के कारण यह सिस्टम शो-पीस बने हुए हैं। जिस एजेंसी ने इन्हें बनाया है उसने निगम की फायर शाखा से एनओसी नहीं ली है। निगम के अधिकारियों का तर्क है कि एनओसी की प्रक्रिया चल रही है। फायर सिस्टम को जांच कर पूरी तरह से अपग्रेड किया जाएगा।

### बजट को आंकड़ों तक सीमित नहीं रखा



कोटरा सुल्तानाबाद स्थित गंगा नगर प्रोजेक्ट के तहत कुछ ही ब्लॉक बनकर तैयार हुए हैं, जिनमें लोग रहने भी पहुंच गए हैं, जबकि दो ब्लॉकों का काम चल रहा है। जो ब्लॉक बन चुके हैं उनमें फायर उपकरण केवल दिखावे के लिए लगे हुए हैं। जबकि भानपुर में प्रोजेक्ट लगभग दो साल पहले ही पूरा हो चुका है और लोग आवासों में रह रहे हैं, लेकिन फायर सिस्टम धूल खा रहा है। इस संबंध में नगर निगम के फायर अधिकारी सौरभ पटेल का कहना है कि एनओसी नहीं होने से फायर सिस्टम और फायर सब-स्टेशन बंद है। इसकी प्रक्रिया चल रही है।

### यहां भी काम अधूरा

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 12 नंबर पर बन रहे आवासों का निर्माण कार्य 2017 में शुरू हुआ था, जो अब तक पूरा नहीं हो पाया। महापौर मालती राय ने एक माह पहले यहां का निरीक्षण किया था और जल्द काम पूरा होने का भरोसा दिलाया था। यहां काम में देरी की वजह रेरा से मंजूरी का अटकना था।

### 12 हजार आवास बन रहे हैं, 5 हजार से ज्यादा तैयार

शहर के कोकता, मालीखेडी, भानपुर, हिनोतिया, राहुल नगर व अन्य क्षेत्रों में करीब 12 हजार आवास बन रहे हैं। जबकि 5 हजार से ज्यादा आवास बन चुके हैं और करीब दस हजार लोग इन आवासों में रह रहे हैं। जिन आवासों में लोग रह रहे हैं वहां भी सुविधाओं में कमियों के मामले लगातार सामने आ रहे हैं।



**करीब 11 घंटे की देरी से चल रही ट्रेन**

## रानी कमलापति-अगरतला स्पेशल 10 घंटे लेट: वापसी में बिना सफाई किया रवाना, यात्रियों का हंगामा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रेलवे बोर्ड से लेकर पमरे जोन जीएम मैडम ने ट्रेनों पंक्चुअलिटी को लेकर भोपाल रेल मंडल को कड़े निर्देश जारी किए है। लेकिन इसका असर कम होता दिखाई दे रहा है। इसके चलते यहां यात्रियों को सफर के दौरान परेशानी को झेलनी पड़ रही है। तो वहीं साफ-सफाई सहित बेहतर सुविधा नहीं मिल पा रही है। ऐसा ही कि मामला रानी कमलापति-अगरतला स्पेशल ट्रेन में देखने को मिला। दरअसल सोमवार को आरकेएमपी से 01665 रानी कमलापति-अगरतला स्पेशल ट्रेन अपने निर्धारित समय से रवाना हुई। लेकिन बीच रास्ते में यह ट्रेन लेट होते-होते अगरतला करीब दस घंटे की देरी से पहुंची। इसके चलते वापसी में इस ट्रेन को बिना सफाई रवाना कर दिया। इसके चलते यात्रियों ने जमकर हंगामा किया।

### रास्ते भर यात्रियों का चलता रहा हंगामा

01665 रानी कमलापति-अगरतला स्पेशल ट्रेन मंगलवार को करीब दस घंटे की देरी से अगरतला पहुंची। इसके बाद बिना सफाई के इस ट्रेन को मात्र दो मिनट की देरी से 17:22 पर आरकेएमपी के लिए रवाना कर दिया। ट्रेन की गंदगी से यात्रियों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। इसके चलते बीच रास्ते में यात्रियों ने हंगामा शुरू कर दिया था। इससे अगले कुछ स्टेशनों ट्रेन लगातार घंटों-घंटों तक रुकने से ट्रेन करीब पौने 11 घंटे की देरी से चल रही है। ट्रेन के यात्रियों का कहना था कि दस घंटे की देरी से ट्रेन के पहुंचने पर वापसी में ट्रेन को समय पर रवाना करने का दबाव था। इसी के चलते बिना सफाई के ट्रेन को रवाना कर दिया गया। यात्री कंप्लेन करने लगे। इससे बोगी में तैनात टीटीई परेशान करने लगे। यात्रियों को रेलवे बोर्ड तक सोशल मीडिया के माध्यम से शिकायत की गई।

### मामले को दिखवा लेता हूं...

भोपाल रेल मंडल से ट्रेन अपने निर्धारित समय से रवाना की गई थी। दूसरे मंडल में ट्रेन लेट हुई थी, तो इसकी क्या वजह है। यह वहीं से पता चल सकेगा। ट्रेन को आरकेएमपी से सफाई कर रवाना की गई। वापसी में सफाई की सेकेंडरी व्यवस्था वहां के मंडल की होती है। फिर भी मैं मामले को दिखवा लेता हूं। क्या कारण रहा।

**नवल अग्रवाल, पीआरओ भोपाल रेल मंडल**

## दिन-रात भारी-भरकम मशीनों से हो रहा काम, होटल व्यावसायियों को खाली करना होगा भवन

# अल्पना तिराहे पर तैयार हो रहा शहर का पहला बेहतरीन अंडरग्राउंड मेट्रो स्टेशन

**टनल बोरिंग मशीनें भी यहीं से शुरू करेंगी खुदाई, तेजी से चल रहा निर्माण कार्य**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर का पहला अंडरग्राउंड मेट्रो स्टेशन अल्पना तिराहे पर तैयार होगा। इसका निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। यह सबसे पहले तैयार होगा। पुराने भोपाल के रेलवे स्टेशन के सामने अंडरग्राउंड निर्माण कार्य में भारी-भरकम मशीनें दिनरात काम कर रही हैं। यहीं से टनल बोरिंग मशीनें भी खुदाई का काम करेंगी। यह मशीनें भी यहां पहुंच चुकी हैं। मेट्रो प्रशासन के अनुसार संभवत इसी माह के अंत तक इनसे अंडरग्राउंड खुदाई का काम शुरू हो जाएगा।

अंडरग्राउंड मेट्रो रूट के दायरे में आ रहीं होटलें व अन्य व्यसायिक संस्थानों को मेट्रो प्रशासन द्वारा सचेत किया गया है कि उनके निर्माण के दायरे में अंडरग्राउंड टनल का जितने दिन काम होगा उतने दिन भवन को खाली करना होगा। ऐसा सुरक्षा और अनहोनी से बचाव करने के लिए किया जाएगा। अल्पना तिराहे पर होटल व्यवसासियों ने हरिभूमि को बताया कि अंडरग्राउंड टनल के लिए जब काम शुरू होगा तो संस्थान को पूरी तरह से खाली करने की बात मेट्रो प्रशासन की ओर से कही गई है। हालांकि इस संबंध में उन्हें कोई नोटिस अभी नहीं दिए गए हैं।



### तय समय में काम पूरा करने का लक्ष्य

मेट्रो प्रशासन के अधिकारियों के अनुसार प्रायोरिटी कॉरिडोर में मेट्रो का संचालन शुरू होने के बाद अब पूरा फोकस मेट्रो की भदभदा से रत्नागिरी और पुल बोगदा से करोंद रूट के कामों पर है। इस रुट के दायरे में आ रहे मकान-दुकानों के मुवाअजे मामले को जल्द से जल्द निपटाया जा रहा है। शहर में व्यवहारिक रूप से कहीं-कहीं दिक्कतें आ रही हैं जिन्हें दूर करने का प्रयास जारी है ताकि तय समय-सीमा में निर्माण कार्य पूरा किया जा सके।

### मेट्रो प्रोजेक्ट से जुड़े एक इंजीनियर की मौत

भोपाल। मप्र मेट्रो प्रोजेक्ट से जुडे एक इंजीनियर की मंगलवार को अचानक तबियत बिगड़ने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार 54 वर्षीय दिवाकर झा उम्र एमपी मेट्रो के जनरल कंसलटेंट के साथ कार्यरत डिजाइनिंग एजेंसी में इंजीनियर के पद पर सेवाएं दे रहे थे। वे कार्यालय से कुछ देर के लिए बाहर गए थे और वापस लौटने पर उन्हें अचानक दिल का दौरा पड़ा। मौजूद कर्मचारियों ने तुरंत उन्हें अस्पताल पहुंचाया, जहां डाक्टरों द्वारा सीपीआर भी दिया गया, लेकिन इसके बावजूद उनकी जान नहीं बचाई जा सकी। सूचना मिलते ही मेट्रो परियोजना से जुड़े अधिकारी और कर्मचारी अस्पताल पहुंचे।

### एक्सटर्नल फसाड डेवलपमेंट का काम जारी

राजधानी भोपाल के व्यस्ततम इलाके एमपी नगर स्थित मेट्रो स्टेशन पर इन दिनों बाहरी रिनोवेशन का काम तेजी से चल रहा है। स्टेशन भवन के एक्सटर्नल फसाड डेवलपमेंट और आर्किटेक्चरल फिनिशिंग से जुड़े कार्य किए जा रहे हैं, जिससे स्टेशन का स्वरूप आधुनिक और आकर्षक नजर आएगा। यह कार्य नॉन-स्ट्रक्चरल अपग्रेडेशन के तहत किया जा रहा है, जिसमें स्टेशन की मूल संरचना में कोई बदलाव नहीं बल्कि केवल बाहरी स्वरूप को नए स्वरूप में किया जा रहा है।



## वक्फ ट्रिब्यूनल पहुंचा शाही कब्रिस्तान से मेट्रो ट्रैक का मामला, पहुंचे अफसर

भोपाल टॉकीज चौराहे पर शाही कब्रिस्तान से एलिवेटेड और अंडरग्राउंड ट्रैक निकालने को लेकर मामला वक्फ ट्रिब्यूनल में पहुंच गया है। क्षेत्रीय विधायक आतिफ अकील ने यह मामला लगाया था। इस पर आगामी 15 दिन में मेट्रो प्रशासन ने नया प्रस्ताव बनाने को कहा है। क्षेत्रीय विधायक कब्रिस्तान की भूमि से न तो ऐलिवेटेड न अंडरग्राउंड ट्रेक बनाने की अनुमति देने पर सहमत हैं। उनका कहना है कि कब्रिस्तान की भूमि का उपयोग मेट्रो के लिए नहीं होने दिया जाएगा।



### बचा रहेगा कब्रिस्तान

मेट्रो के अधिकारी शाही कब्रिस्तान पहुंचे। विधायक ने उन्हें वस्तु स्थिति से अवगत कराते हुए कहा कि कब्रिस्तान की भूमि का उपयोग नहीं होने दिया जाएगा। ट्रेक का रास्ता बदलने से कब्रिस्तान भी बचा रहेगा। लेकिन मेट्रो के अधिकारियों ने उनसे कार्यालय में बुलाकर चर्चा करने को कहा है। क्षेत्रीय विधायक ने मेट्रो के अधिकारियों को कई सुझाव भी दिए हैं।

### वक्फ ट्रिब्यूनल ने नया प्रस्ताव बनाने को कहा

क्षेत्रीय विधायक द्वारा लगाए गए मामले पर वक्फ ट्रिब्यूनल ने मेट्रो प्रशासन ने आगामी 15 दिन में नया प्रस्ताव बनाकर प्रस्तुत करने को कहा है। क्षेत्रीय रहवासी भी कब्रिस्तान से मेट्रो ट्रेक को गुजरने का विरोध कर रहे हैं।

**सैंपल लेकर वार्ड कार्यालय पहुंचे कांग्रेस नेता**

## जल सुनवाई या खत्म सुनवाई! पानी के सेंपल की जांच करने वाले जिम्मेदार व संसाधन नदारद

**मौके पर नहीं मिले जोन और वार्ड के अधिकारी**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मंगलवार को शहर के 85 वार्डों में हुई जल सुनवाई में पानी के केवल 43 सैंपल जांच के लिए आए। जबकि एक मात्र शिकायत दर्ज की गई। कई वार्ड तो ऐसे थे जहां एक भी सैंपल लेकर कोई नहीं पहुंचा। सैंपल लेने के लिए कर्मचारी बैठे रहे। कांग्रेस नेता मनोज शुक्ला वार्ड नंबर-36 में हबीबिया स्कूल में गंदा पानी सप्लाई होने के बाद सैंपल लेकर जल-सुनवाई में पहुंचे, लेकिन उन्हें मौके पर वरिष्ठ और जिम्मेदार अधिकारी नहीं मिले। उनका आरोप है कि मौके पर केवल एक दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी मौजूद मिला। जब पानी का सैंपल देकर जांच की मांग की तो कर्मचारियों ने जांच से इंकार कर दिया। बताया गया कि मौके पर केवल पानी का सैंपल लेने की व्यवस्था है, जांच के लिए सैंपल को लैब में भेजकर रिपोर्ट मंगवानी पड़ेगी।

मनोज शुक्ला ने आरोप लगाया कि हबीबिया स्कूल में कक्षा 1 से 8 तक सैंकड़ो बच्चे रोजाना पढ़ने आते हैं। प्रदूषित पानी पीकर उनके स्वास्थ्य पर विपरीत असर पड़ रहा है, लेकिन नगर निगम के इंजीनियर इस पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। उन्होंने नगर निगम आयुक्त से मामले में हस्तक्षेप करने की मांग करते हुए उचित कार्रवाई की मांग की है।

### वार्ड पार्षद जल सुनवाई में बैठीं

वार्ड-31 की पार्षद बृजला सचान मंगलवार को जल सुनवाई के दौरान अमले के साथ मौजूद रहीं। हालांकि यहां पर पानी के सैंपल लेकर कोई भी नहीं पहुंचा। उन्होंने बताया कि वे आम लोगों की समस्याएं सुनने रोज कार्यालय में बैठती हैं। मंगलवार को जल सुनवाई होती है तो उस पर भी नजर रहती है।

### नियमित जांच के दौरान 192 सैंपल लिए गए

नगर निगम की शहर भर में चल रही नियमित पानी की जांच के लिए सैंपल लेने का काम जारी है। मंगलवार को 192 नमूने जल कार्य विभाग की टीम ने लिए। जबकि 37 स्थानों पर लीकेज सुधार का काम भी किया गया।

**निगम के उपायुक्त खुद मौके पर पहुंचे**

## पुराने शहर में अतिक्रमण अमले का विरोध दस नंबर और न्यू मार्केट भी पहुंचा अमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में मंगलवार को एक साथ कई क्षेत्रों में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। इतवारा क्षेत्र में निगम के अमले को विरोध का सामना करना पड़ा। यहं दोपहर जब टीम पहुंची तो लोगों ने अधिकारियों को घेर लिया। व्यवसायियों से चर्चा के बाद अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई, जबकि न्यू मार्केट क्षेत्र में निगम के वाहन से पहले एनाउंसमेंट किया गया उसके बाद कार्रवाई की गई। इसी तरह दस नंबर बस स्टॉप से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान निगम के उपायुक्त हीरेन्द्र सिंह कुशवाह खुद मौजूद रहे।

निगम के अतिक्रमण अमले ने पुराने शहर के आजाद मार्केट, पीरगेट, जुमेराती, इतवारा, सिंधी मार्केट, 10 नंबर मार्केट से अतिक्रमण हटाया और छह ट्रक सामान जप्त किया गया।



इसके अलावा निगम अमले ने कोलार डीमार्ट, कोलार वाइन शॉप, राजहंस कालोनी, सनखेडी, दानिश चौराहा, कोलार 80 फीट रोड नारायण स्कूल, गुलमोहर, शाहपुरा, 1100 क्वार्टर, लिंक रोड नं-1 गेमन इंडिया, जीटीबी काम्पलेक्स, एमपी नगर डीबी मॉल, ओल्ड सुभाष नगर, अशोका गार्डन, प्रभात चौराहा, शब्बन चौराहा, जहांगीराबाद मुर्गी बाजार, भोपाल टाकीज, सेमरा रोड, शबरी नगर, भानपुर 80 फीट रोड आदि क्षेत्रों में भी अतिक्रमण हटाए गए।

## हाईटेंशन लाइन के नीचे बन गया रास्ता, जान जोखिम में डालकर लोग कर रहे आवाजाही

**आराधना नगर, जनता नगर, शिव नगर जैसी कॉलोनियों का सीधा जुड़ाव**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पुराने शहर के करोंद स्थित विनायक कॉलोनी में हाईटेंशन लाइन के नीचे से लोग जान खतरे में डालकर आवाजाही कर रहे हैं। यह रास्ता तीन कॉलोनियों को जोड़ता है। यहां लगे हाईटेंशन लाइन के नीचे से लोग दिनभर आवाजाही करते हैं। दरअसल, यहां का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। यहां की अधिकांश कॉलोनियां अवैध हैं और निगम द्वारा कोई भी रोड नहीं बनवाया गया है, जिसकी पुष्टि निगम के अधिकारियों ने की है।

**मामले का वीडियो सोशल मीडिया पर हुआ था वायरल**



पैरिस के एफिल टॉवर की याद दिलाता करोंद की विनायक कॉलोनी के रास्ते में खड़ा हाईटेंशन लाइन का टॉवर।

अयोध्या बायपास रोड पर बीएमएचआरसी के पास बीते दस साल में कई कॉलोनियां विकसित हुईं। यहां अवैध कॉलोनियों में बसाहट शुरू होने से रास्ते संकरे होते गए।

इसी के बीचों-बीच एक हाईटेंशन लाइन का टॉवर है। जब लोगों के लिए आवाजाही का रास्ता नही बचा तो टावर के नीचे से ही रास्ता बना लिया। आराधना नगर, जनता नगर और शिव नगर जैसी बड़ी कालोनियों को जोड़ने वाला कनेक्टिव मार्ग इसी हाईटेंशन टॉवर के नीचे से होकर गुजरता है। यह रास्ता वार्ड 78 और 79 की सीमा से सटा है और लोग ज्यादा धूमकर आवाजाही करने के बजाए कम दूरी तय करने इस रास्ते का उपयोग कर रहे हैं।

## डिवाइडर किनारे खड़े वाहनों की अनदेखी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पुराने शहर में पिछले दस दिनों से नगर निगम द्वारा अतिक्रमण हटाने की लगातार कार्रवाई की जा रही है, लेकिन इटवारा से गिन्नौरी तक फोरलेन रोड पर डिवाइडर के दोनों ओर वर्षों से खड़े हो रहे वाहनों पर अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। करीब एक किमी लंबे इस मार्ग पर एक हजार से अधिक दोपहिया और चारपहिया वाहन रोज़ाना खड़े होते हैं, जिससे सड़क संकरी हो रही है और यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही है।



### बुधवारा चौराहे पर रोज़ जाम के हालात

डिवाइडर के दोनों ओर वाहनों की अव्यवस्थित पार्किंग के कारण बुधवारा चौराहे पर दिनभर यातायात जाम की स्थिति बनी रहती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मार्ग पर आए दिन छोटे-बड़े हादसे होते रहते हैं और पैदल चलने वालों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

### अतिक्रमण दस्ता सक्रिय, लेकिन यहां कार्रवाई नहीं

नगर निगम का अतिक्रमण दस्ता यातायात पुलिस के सहयोग से शहर के अन्य हिस्सों में सड़क किनारे खड़े दोपहिया और चारपहिया वाहनों को हटवा रहा है। बावजूद इसके, इटवारा–गिन्नौरी मार्ग पर वर्षों से चली आ रही इस अघोषित पार्किंग पर अब तक सख्ती नहीं बरती गई, जिससे स्थानीय नागरिकों में नाराजगी है।

**बीएमएचआरसी में पैंक्रियाज की बीमारी की सफलतापूर्वक हुई जटिल सर्जरी**

# पेट में असहनीय दर्द, महिला के पैंक्रियाज से निकाले 15 से ज्यादा स्टोन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बीएमएचआरसी के गैस्ट्रो सर्जरी विभाग के डॉक्टरों ने 36 वर्षीय महिला की सर्जरी कर पैनक्रियाज से 15 से अधिक स्टोन निकाले गए, जिनमें कुछ स्टोन का आकार लगभग दो सेंटीमीटर तक था। विशेषज्ञों के अनुसार पैनक्रियाज में इतनी अधिक संख्या में स्टोन मिलना असामान्य और चिकित्सकीय रूप से गंभीर स्थिति मानी जाती है।

मरीज की हालत में काफी सुधार है और उन्हें अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया है। गैस्ट्रो सर्जरी विभाग में सहायक प्रोफेसर डॉ. विशाल पाटिल ने बताया कि उत्तर प्रदेश के चित्रकूट की रहने वाली यह मरीज बीते क्रॉनिक पैनक्रियाटाइटिस विद पैनक्रियाटिक डक्ट स्टोन की समस्या से जूझ रही थीं। उन्हें लंबे समय से पेट में असहनीय दर्द रहता था। सीटी स्कैन एवं एमआरसीपी जांच के दौरान पैनक्रियाज में स्टोन की पुष्टि हुई। पैनक्रियाज पेट के पीछे स्थित एक महत्वपूर्ण अंग है, जो पाचन क्रिया और शुगर नियंत्रण से जुड़े हार्मोन बनाता है।

लंबे समय तक पैनक्रियाज में सूजन रहने पर उसकी नली में स्राव गाढ़ा हो जाता है, जिससे धीरे-धीरे स्टोन बनने लगते हैं। इस बीमारी के प्रमुख कारणों में लंबे समय तक शराब का सेवन, धूम्रपान, बार-बार पेट की सूजन, हार्मोनल असंतुलन, आनुवंशिक कारण, लंबे समय तक पाचन संबंधी समस्या, पोषण की कमी आदि हो सकते हैं। सर्जरी में एनेस्थीसियोलॉजी विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. कनिका सुहाग की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



ऑपरेशन करती डाक्टर्स की टीम।



पैंक्रियाज से निकले 15 से ज्यादा स्टोन।

### सामान्य से ज्यादा पाएं गए स्टोन

डॉ विशाल पाटिल ने बताया कि मरीज की लेटरल पैनक्रियाटिकोजेजुनोस्टॉमी सर्जरी की गई। इस केस की सबसे खास बात यह रही कि पैनक्रियाज में 15 से अधिक स्टोन पाए गए, जो सामान्य मामलों की तुलना में काफी अधिक हैं। इतनी संख्या में स्टोन होने से मरीज को लगातार तेज दर्द, पाचन में बाधा और भविष्य में गंभीर जटिलताओं का खतरा रहता है। समय पर सर्जरी से मरीज को राहत मिली है।

### सफल हुआ हमारा प्रयास..

ऐसे मामलों में मरीज लंबे समय तक दर्द और अनिश्चितता में जीता है। हमारा प्रयास रहता है कि जटिल से जटिल स्थिति में भी मरीज को सुरक्षित इलाज और बेहतर जीवन की ओर लौटने का अवसर मिले। यह सर्जरी उसी प्रयास का परिणाम है।

**डॉ. मनीषा श्रीवास्तव, प्रभारी निदेशक, बीएमएचआरसी**

## जैकेट का शेष....

### एकात्म मानवदर्शन....

की यात्रा भारतीय दर्शन , संस्कृति और परंपरा के अनुरूप होनी चाहिए। पं . दीनदयाल जी ने राजनीतिक चिंतन को भारतीय मूल्यों से जोड़ते हुए एकात्म मानव दर्शन का सूत्र दिया। इसमें व्यक्ति , समाज , राष्ट्र और सृष्टि के बीच समन्वय और संतुलन समाहित है। यह जीवन और संपूर्ण सृष्टि को एक सूत्र में पिरोता है। यही दर्शन व्यष्टि से समष्टि की रचना करता है। इसमें श्रीकृष्ण के वसुधैव कुटुंबकम के भाव से लेकर आज के वैश्विक परिदृश्य का समावेश है। पं . दीनदयाल जी भारत के भविष्य की कल्पना चतुर्पुरुषार्थ -धर्म , अर्थ , काम और मोक्ष के आधार पर की। उनका विश्वास था कि इन चारों का संतुलन ही व्यक्ति और समाज को पूर्णता की ओर ले जा सकता है। यदि व्यक्ति और समाज को विकास के समान अवसर दिए जाएं, तो स्वावलंबी और समर्थ समाज का निर्माण संभव है। पं . दीनदयाल जी का मानना था कि राजनीति का अंतिम लक्ष्य सशक्त , समरस और स्वाभिमानी राष्ट्र का निर्माण है। उनका विकास मॉडल केवल आर्थिक प्रगति तक सीमित नहीं था , बल्कि उसमें सांस्कृतिक चेतना , सामाजिक समरसता और आध्यात्मिक संतुलन का समावेश था। वे चाहते थे कि विकास का लाभ अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे , तभी वह सच्चा विकास कहलाएगा। यही अंत्योदय का भाव है।

### उनका मत-कृषि ....

मार्गदर्शन में किसानों के स्वाभिमान, सुरक्षित जीवन और आत्मनिर्भरता को केंद्र में रखकर वर्ष 2026 को कृषक कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। प्रदेश में श्रीअन्न , सरसों और चना अनुसंधान केंद्र की स्थापना की जा रही है। इससे श्रीअन्न का उत्पादन और पोषण सुरक्षा को नई ऊंचाई मिलेगी। प्रदेश के 30 लाख से अधिक किसानों को अगले तीन साल में सोलर पावर पम्प दिए जाएंगे। प्रदेश में सिंचाई का रकबा 65 लाख हैक्टेयर से बढ़ाकर 1 00 लाख हैक्टेयर किए जाने का लक्ष्य है।

### पीएम के संकल्प....

क्षेत्रीय से वैश्विक स्तर तक उद्योग को जोड़ने का पहला सशक्त प्रयास है।

### मुख्यमंत्री ने 'बेटियों'....

था और घर की रोज़ी-रोटी चलाने के लिए और कोई ज़रिया नहीं होता। ऐसे में नियम कानून की अड़चन बेटियों को पेंशन लेने से भी रोक देती थी। लेकिन अब पिता का साया उठने पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव की सरकार ने मानवीय पहल करते हुए ऐसी बेटियों को पेंशन का हक़दार बना दिया है। मंगलवार को कैबिनेट की बैठक में लिए गए निर्णय अनुसार परिवार पेंशन में अविवाहित, विधवा, तलाक़शुदा पुत्री भी पारिवारिक पेंशन की हक़दार होगी। कैबिनेट ने मप्र सिविल सेवा (राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली का कार्यान्वयन) नियम 2026 तथा मप्र सिविल सेवा (राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के तहत उपदान का संदाय) नियम 2026 का अनुमोदन किया गया है। अनुमोदन अनुसार यह नियम एक अप्रैल 2026 से प्रभावशील होंगे। नियम के प्रकाशन के लिए वित्त विभाग को अधिकृत किया गया है।

### बिरला का लोकसभा....

हुई। दोपहर 2 बजे से संसद की कार्यवाही शुरू हो सकी। शशि थरूर ने बजट पर चर्चा की शुरुआत की। कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने कहा कि दोपहर 1:14 बजे उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया। विपक्ष के सांसदों ने आरोप लगाया कि लोकसभा अध्यक्ष ने स्पष्ट तौर पर पक्षपाती व्यवहार किया और विपक्ष के नेताओं को बोलने की अनुमति नहीं दी। विपक्ष ने अविश्वास प्रस्ताव में चार घटनाओं का जिक्र किया गया है। इनमें एक में कहा गया कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को बोलने नहीं दिया गया, जबकि उन्होंने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा में चीन के खिलाफ 2020 के घटनाक्रम को उठाया था। 9 मार्च को कम से कम पचास सांसदों को खड़े होकर समर्थन दिखाना होगा। इसके बाद ही पीठासीन अधिकारी इस प्रस्ताव पर औपचारिक रूप से चर्चा की अनुमति दे सकता है।

**किरेन रिजिजू ने शेयर किया 4 फरवरी का वीडियोः** केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने मंगलवार को 4 फरवरी के लोकसभा के अंदर के दृश्यों का एक वीडियो शेयर किया है जिस दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भाषण होना था। किरेन रिजिजू ने वीडियो पोस्ट करते हुए एक्स पर लिखा कि यदि हमने सभी भाजपा सांसदों को न रोका होता और महिला सांसदों को कांग्रेस सांसदों का सामना करने दिया होता तो बहुत ही अजीब स्थिति उत्पन्न हो जाती। उस दिन पीएम मोदी के भाषण से कुछ ही मिनट पहले लोकसभा को अचानक स्थगित करना पड़ा।

### मुझे जनरल नरवणे ....

झूठ बोलेंगे। पेंगुइन का कहना है कि किताब प्रकाशित नहीं हुई है, लेकिन किताब अमेजन पर उपलब्ध है। राहुल ने आगे कहा कि जनरल नरवणे ने ट्वीट किया है-प्लीज 2023 में मेरी किताब खरीदें। मैं पेंगुइन के बजाए नरवणे जी पर विश्वास करता हूं। क्या आप नरवणे जी के बजाय पेंगुइन पर विश्वास करते हैं।

### नरवणे ने अनपब्लिश्ड ....

उनके पास है। कंपनी ने यह भी स्पष्ट किया कि किताब अभी प्रकाशन प्रक्रिया में नहीं गई है और पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया की ओर से इसकी कोई भी प्रति न प्रिंट में न डिजिटल या किसी अन्य रूप में जारी की गई है।

यह कॉपीराइट का उल्लंघन : -पेंगुइन पब्लिकेशन ने यह भी चेतावनी दी कि अगर किताब की कोई भी प्रति, पूरी या आंशिक रूप से, प्रिंट, पीडीएफ, डिजिटल या किसी अन्य फॉर्मेट में ऑनलाइन या ऑफलाइन किसी प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है, तो यह कॉपीराइट का उल्लंघन है। ऐसे किसी भी अवैध और अनधिकृत प्रसार को तुरंत रोका जाना चाहिए और इसके खिलाफ सभी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। दिल्ली पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए मेजर नरवणे की किताब फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी की कथित प्री-प्रिंट कॉपी के ऑनलाइन सर्कुलेशन की जानकारी पर केस दर्ज किया है। जांच में पुलिस को पता चला कि इसी नाम की एक टाइपसेट पीडीएफ कॉपी कुछ वेबसाइटों पर उपलब्ध थी, जिसे पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा तैयार बताया गया है।

### 40 रुपए की....

बनकर लग्जरी लाइफ जीना चाहते थे और गर्लफ्रेंड पर पैसा उड़ाने के सपने देख रहे थे। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के जरिए इस पूरे नाटक की परत-दर-परत सच्चाई उजागर कर दी। इस हाई-प्रोफाइल लूट कांड का मुख्य आरोपी होटल कुसुम वैली का मैनेजर चंद्रेश रजक है। उसके साथ राकेश शुक्ला, अखिलेश महदेले, अनुज वाल्मीकि और मोनू उर्फ टुईया वंशकार को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। इसके अलावा दो नाबालिग भी इस साजिश में शामिल पाए गए हैं, जिनके खिलाफ किशोर न्याय अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। नरसिंहपुर में तत्कालीन वित्त मंत्री अजय नारायण मुश्रान के नाम पर बने पार्क के पास स्थित होटल कुसुम वैली में 24 जनवरी की शाम करीब सात बजे एक अहम दृश्य देखने को मिला। कॉलोनाइजर और होटल मालिक नवीन अग्रवाल अपने कैबिन में मौजूद थे। टेबल पर 500-500 रुपए के नोटों की गड्डियों का ढेर लगा था। चार से पांच लोग नोटों की गिनती में लगे थे। गिनती पूरी होते ही एक कर्मचारी ने कहा- सर, पूरे 80 लाख रुपए हैं। फोन पर हुई बातचीत बनी साजिश की कड़ी नोटों की गड्डियों के बीच खड़े नवीन अग्रवाल ने इसी दौरान किसी को फोन लगाया और कहा- व्यवस्था हो गई है, जब चाहें रजिस्ट्री करा लेंगे।

इसके बाद उन्होंने होटल कर्मचारियों से कहा-रकम लॉकर में रख दो। यह कहकर वे बाहर खड़ी अपनी फॉर्च्यूनर गाड़ी से निकल गए। यही बातचीत और रकम की जानकारी बाद में लूट की साजिश की सबसे बड़ी वजह बनी। 3 फरवरी की रात नवीन अग्रवाल परिवार के साथ डिनर कर सो चुके थे। आधी रात के बाद करीब तीन बजे अचानक फोन आया कि होटल में नकाबपोश लुटेरे घुस आए हैं और तिजोरी में रखे 80 लाख रुपए लूट ले गए हैं। यह सुनते ही उनकी नींद उड़ गई। उन्होंने तुरंत कोतवाली थाना प्रभारी गौरव चाटे को फोन किया और करीब 20 मिनट के भीतर खुद भी होटल पहुंच गए। वारदात की सूचना मिलते ही पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड पर आ गई। थाना प्रभारी गौरव चाटे ने एसपी डॉ. ऋषिकेश मीणा को घटना की जानकारी दी। कुछ ही देर में एसपी समेत करीब 100 पुलिसकर्मी मौके पर पहुंच गए। फॉरेंसिक एक्सपर्ट की टीम ने साक्ष्य जुटाने शुरू कर दिए और होटल के हर कोने की बारीकी से जांच की गई। तो सबकुछ साफ हो गया। पूछताछ में पहले तो होटल मैनेजर चंद्रेश बरगलाता रहा। सख्ती करने पर वह टूट गया।

## पेज एक का शेष....

### नवग्रह मंदिर....

मिला।

**हादसे के कारणों की जांच की जा रहीः डीआईजी अमितः** ग्वालियर कलेक्टर रुचिका चौहान ने अस्पताल पहुंचकर घायलों का हाल जाना। उन्होंने बताया कि कलश लेने की जल्दी के कारण भीड़ बढ़ी और भगदड़ मची। वहीं डीआईजी अमित सांघी ने कहा कि मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी गई है। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।

### एआई से बने ...

मानना है कि देरी से हटाने पर नुकसान फैल चुका होता है। पिछले कुछ समय में डीपफेक वीडियो, फर्जी तस्वीरें और नकली ऑडियो तेजी से फैलते दिखे हैं। आम यूजर के लिए असली और नकली में फर्क करना मुश्किल हो गया है। सरकार का मानना है कि इसी वजह से गलत जानकारी, बदनामी और धोखाधड़ी के मामले बढ़े हैं। नए नियम इसी खतरे को कंट्रोल करने की कोशिश हैं।

### अब सिंथेटिक कंटेंट....

लें। हालांकि, साधारण एडिटिंग, कलर सुधार, ट्रांसलेशन या डॉक्यूमेंट तैयार करना इस दायरे में नहीं आएगा, जब तक उससे कोई फर्जी या भ्रामक रिकॉर्ड नहीं बनता। यानी, ऐसा कंटेंट जो किसी इंसान या घटना को इस तरह दिखाए कि लोग उसे सच मान लें। हालांकि साधारण एडिटिंग, कलर सुधार, ट्रांसलेशन या डॉक्यूमेंट तैयार करना इस दायरे में नहीं आएगा, जब तक उससे कोई फर्जी या भ्रामक रिकॉर्ड नहीं बनता।

### कोई भी एआई ....

जाएगा कि एआई से बना गैरकानूनी या आपत्तिजनक कंटेंट शेयर करने पर आईटी एक्ट, नए क्रिमिनल कानून, पॉक्सो और दूसरे कानूनों के तहत कार्रवाई हो सकती है। नए नियमों में एक और अहम बात है पहचान और लेबलिंग। सोशल मीडिया कंपनियों को ऐसे टूल्स लगाने होंगे जो एआई से बने कंटेंट की पहचान कर सकें। ऐसे कंटेंट पर साफ लेबल दिखना चाहिए। इसके साथ एक डिजिटल पहचान या मेटाडेटा जोड़ना होगा जिसे हटाया न जा सके। मकसद यह है कि कोई भी एआई कंटेंट बिना पहचान के घूमता न रहे। सरकार ने कुछ तरह के कंटेंट पर खास सख्ती की है। बच्चों से जुड़ा यौन शोषण वाला कंटेंट, बिना सहमति के ली गई निजी तस्वीरें या वीडियो, फर्जी दस्तावेज, हथियार या हिंसा दिखाने वाला कंटेंट और किसी व्यक्ति या घटना के डीपफेक वीडियो को प्लेटफॉर्म्स को तुरंत ब्लॉक या हटाना होगा। यहां लापरवाही करने पर कंपनियों पर कार्रवाई हो सकती है।

### बढ़ेंगी सोशल मीडिया ....

यानी, डिजिटल नियमों को भी देश के नए कानूनी ढांचे के साथ जोड़ा गया है। सरकार का कहना है कि इन नियमों से फर्जी खबरें, डीपफेक और भ्रामक प्रोपेगैंडा फैलाने पर रोक लगेगी। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स पर भरोसा बढ़ेगा। लेकिन, दूसरी तरफ कंपनियों के लिए यह चुनौती भी है। उन्हें बड़े पैमाने पर टेक्नोलॉजी में निवेश करना होगा। एआई कंटेंट पहचानने वाले सिस्टम बनाने होंगे। हर पोस्ट पर नजर रखना आसान काम नहीं है।

### 3 मासूम बच्चों ...

के सिर पर वार कर उसे मारा और फिर खुद को करंट लगाकर जान दे दी। इस तरह एक ही घर से 5 अर्थी निकलने से हड़कंप मच गया। इस मामले में गृहस्वामी मनीष ने मरने से पहले एक वीडियो भी बनाया। इस वीडियो में मनीष ने बताया है कि वह खुद आत्महत्या कर रहा है और इस मामले में किसी को परेशान नहीं किया जाए। महावन थाना क्षेत्र के गांव खप्परपुर का मामला है। घर की दीवार और एक पर्ची पर भी आत्महत्या करने की बात लिखी है। गृहस्वामी करीब तीन वर्ष से तंत्र-मंत्र के चक्कर में भी था। मनीष ने अपने घर की दीवार पर लिखा है कि मैं मनीष आत्महत्या कर रहा हूं, किसी को परेशान न किया जाए।

### यह है मामला?...

ग्रामीणों के साथ दरवाजा तोड़ा और कमरे के अंदर घुसे, फिर पुलिस को सूचना दी। घटनास्थल पर एडीजी अनुपम कुलश्रेष्ठ, डीएम सीपी सिंह और एसएसपी श्लोक कुमार पहुंचे। डीएम ने बताया कि वीडियो में भी मनीष ने आत्महत्या की बात कही है। आत्महत्या है या फिर कोई और कारण यह भी पता किया जा रहा है।

### प्रदेश भर में...

दसवीं का पहला पेपर 13 फरवरी को उर्दू का रहेगा। हालांकि, मुख्य पेपर अंग्रेजी का 17 फरवरी को आयोजित होगा। 9 लाख 7 हजार विद्यार्थी कक्षा 10वीं की परीक्षा देंगे।

### दो साल की ...

हो गई। गंदे पानी से उपजे संक्रमण की वजह से इंदौर में अब तक कुल 35 लोगों की जान जा चुकी है, जिससे क्षेत्र में दहशत और गुस्से का माहौल बना हुआ है। परिजनों के अनुसार शालिग्राम ठाकुर को 2 जनवरी को उल्टी-दस्त की शिकायत के बाद शेल्बी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। हालत में सुधार न होने पर उन्हें बॉम्बे हॉस्पिटल रेफर किया गया, जहां वे लंबे समय तक वेंटिलेटर पर रहे। करीब 12 दिन पहले अस्पताल से डिस्चार्ज होने के बाद उनकी स्थिति फिर बिगड़ गई और सोमवार रात उनका निधन हो गया। वहीं, सूरज प्रजापति की दो साल की बेटी रिया की मंगलवार सुबह करीब 4:30 बजे मौत हो गई। रिया को 27 दिसंबर को उल्टी-दस्त की समस्या के चलते एक निजी अस्पताल में दिखाया गया था। कुछ दिनों तक हालत में सुधार दिखा, लेकिन बाद में उसकी तबीयत लगातार बिगड़ती चली गई और आखिरकार उसने दम तोड़ दिया। लगातार हो रही मौतों के साथ स्थानीय लोगों में भय के साथ-साथ गुस्सा भी बढ़ता जा रहा है और वे दूषित पानी की समस्या के स्थायी समाधान की मांग कर रहे हैं।

### पैदल जा रहीं ...

घर से पास की दुकान पर नाश्ते के लिए टोस्ट खरीदने गई थीं। हादसा सिंहपुर के दसमा मील के पास हुआ। हादसे के बाद कार चालक वाहन लेकर नागौद की तरफ भाग निकला। मृतक बच्चियों की पहचान सोनम दहायत और मोनवी दहायत के रूप में हुई है। दोनों दसमा मील, सिंहपुर की रहने वाली थीं। सोनम कक्षा 5वीं की छात्रा थी। तो वही मोनवी डंडियां प्राथमिक विद्यालय में कक्षा 3 की छात्रा थी। पुलिस ने आरोपी चालक की तलाश कर रही है। पुलिस टोल प्लाजा और रास्ते में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है ताकि भागने वाले वाहन को ट्रैक किया जा सके। कार नंबर के आधार पर मालिक की जानकारी भी निकाली जा रही है।

### बाथरूम में मिला ...

के लिए पहुंचे। छात्राओं के मुताबिक रोशनी को कई बार आवाज दी। उसे फोन कॉल किया, लेकिन रोशनी ने कोई जवाब नहीं दिया। इसके बाद पीजी के गार्ड को सूचना दी। गार्ड पहुंचा तो पहले कमरे और फिर बाथरूम का दरवाजा तोड़ा गया, जहां रोशनी पड़ी मिली। स्टूडेंट्स ने बताया कि रोशनी के पास एक खाली एसिड की बोतल भी पड़ी हुई थी। फौरन कॉलेज प्रबंधन को सूचना दी गई। रोशनी को सुबह करीब 8:30 बजे हमीदिया अस्पताल के इमरजेंसी मेडिसिन विभाग ले जाया गया। ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर्स ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। रोशनी आलीराजपुर की रहने वाली थी। साथी छात्रों ने बताया कि वह पिछले हफ्ते ही घर से लौटकर भोपाल आई थी। वह पढ़ाई को लेकर गंभीर और शांत स्वभाव की थी।

### पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट से ...

पुलिस जांच कर रही है। मौत के कारणों का पता पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।

### मोबाइल का डेटा ....

कैमरों की फुटेज देखना चाहते हैं। अगर वह परेशान थी या फिर कोई और परेशानी थी तो वह परिजनों को बता सकती है। टीआई का कहना है कि घटना स्थल से युवती का मोबाइल फोन मिला है। तकनीकी टीम को मोबाइल देकर डेटा निकाला जाएगा। सुसाइड से पहले युवती ने किसे फोन या फिर संपर्क किया है। सुसाइड की क्या मुख्य वजह हो सकती है। इसका भी जल्द ही खुलासा होगा।

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
**मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल प्रक्षेत्र - 1, गोमंतिका परिसर, जवाहर चौक, भोपाल**

**आम सूचना**

हाऊसिंग बोर्ड, सहयाद्रि एन्कलेव, भदभदा रोड, भोपाल में स्थित सीनियर एम.आई.जी. फ्लेट क्रमांक एस.एम.- 58 (द्वितीय तल) मण्डल द्वारा सुश्री सरिता त्रिवेदी पुत्री स्व. श्री स्वराज्य प्रसाद त्रिवेदी के नाम से आवंटित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख पंजीयन कार्यालय से दिनांक 13/08/2002 को पंजीकृत किया गया है। सुश्री सरिता त्रिवेदी का स्वर्गवास दिनांक 27/12/2019 हो गया है। आवंटी द्वारा अपने जीवनकाल में उक्त सम्पत्ति की वसीयतनामा दिनांक 15/11/2018 को नोटरी के माध्यम से अपनी बहन की 3 पुत्रियो के पक्ष में की गई है। आवेदक आवंटी की बहन की पुत्रियों (1) श्रीमती तूलिका शरद अवस्थी पत्नी श्री शरद चन्द्र अवस्थी (2) श्रीमती सिग्धा जैन पत्नी श्री प्रकाश चन्द्र जैन (3) श्रीमती अपरा त्रिपाठी पत्नी श्री सुरेश त्रिपाठी द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, नोटरी वसीयतनामा की छायाप्रति एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर उक्त सम्पत्ति अपने नाम से नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है, उक्त दस्तावेजों के आधार पर उक्त सम्पत्ति के नामांतरण की कार्यवाही की जा रही है। यदि उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी / संस्था / वित्तीय संस्था इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**(रविन्द्र निकोसे)**
**सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह नि. एवं अधो. वि. म. प्रक्षेत्र-1. भोपाल**

आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन

हरिभूमि क्लासीफाइड
संपर्क सूत्र : 9407279644, 9977912473

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

- व्यावस्थापक

Ratnawala
SAMAY SE PAHLE KISMAT SE JYADA
रत्नवाला
141- Malviya Nagar, City Trade Center
Bhopal. 89 89 678-678

हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी
भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
मो.9977912473

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोप्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

WE PROVIDE THE BEST SOLAR ENERGY
HURRY UP!
Na 2 Lakh Mein.. Na 1.5 Lakh Mein..
BRANDS we deal with! TATA POWER SOLAROOF, WAAREE, adani Solar, ECE INDIA
ZERO ENERGY SOLAR
BEST OFFER
Sirf ₹72,000 Mein!
3.3 kW Solar Lagaye
Bachat ka Naya Tareeka!
Contact us
99932-41867, 73549-99281
Aura Mall, Bhopal, 462010
228, Dwarkadhish Colony Indore (M.P.) 452005

नये दागों का आना तुरन्त बंद

सफेद दाग गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंज़िल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

**नाम परिवर्तन**

मैं, नवीन सभानी पुत्र श्री महेश कुमार सभानी, आयु वयस्क, निवासी बी न्यू-25, बाबा रामदास दरबार के पास, बैरागढ़, भोपाल मध्यप्रदेश। यह कि मेरे आधार कार्ड एवं पेन कार्ड में मेरा नाम NAVEEN SABHANI अंकित है। मेरी कक्षा बारहवीं की अंकसूची में मेरा नाम NAVEEN KUMAR SABHANI अंकित है।उपरोक्त वर्णित दोनों नाम मेरे स्वयं के ही नाम हैं तथा ये दोनों नाम एक ही व्यक्ति के है। तथापि, वर्तमान में मैं नवीन सभानी (NAVEEN SABHANI) के ॥ नाम से जाना व पहचाना जाता हूँ।

हरिभूमि
आम सूचना, कोर्ट नोटिस, इश्तहार,जाहिर सूचना
@ Rs. 1200/- साइज (फिक्स) 12X4 cm
अन्य साईज में @ Rs. 40 sq.cm
1 अप्रैल 2025 से लागू

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।

18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
8515825081
9083218330
R- 22/01/25 to13/03/26
Not , 26,27/01/26, 15/02/26 , 04,08/03/2026

## राशिफल

**मेष** — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी।

**वृष** — धैर्यशीलता में कमी भी हो सकती है। संयत रहें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। वाहन के रखरखाव एवं वस्त्रों आदि पर खर्च बढ़ सकते हैं।

**मिथुन** — माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। लाभ में वृद्धि होगी।

**कर्क** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कुछ चिंता परेशान भी हो सकती हैं। माता का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**सिंह** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। कारोबार में वृद्धि होगी। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है।

**कन्या** — आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**तुला** — कला एवं संगीत में रुचि रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य में सुधार होगा। कारोबार में भाग-दौड़ बढ़ेगी, परन्तु स्वास्थ्य के प्रति सचेत भी रहे।

**वृश्चिक** — संयत रहें। क्रोध से बचें। बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है।

**धनु** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन अशान्त भी रहेगा। आत्मसंयत रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं।

**मकर** — माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता रहेगी। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। कारोबार से लाभ में वृद्धि होगी।

**कुंभ** — आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। फिर भी धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। बातचीत में सन्तुलित भी रहें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है।

**मीन** — आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु आत्मसंयत रहें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। पिता का साथ मिलेगा। किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है।

## शब्द पहेली - 6135

**बाएँ से दाए**
1.असहकार-5
4.शत्रुता,दुश्मनी-4
7.नाच,नृत्य (उर्दू-2)
8.विष्णु का वाहन-3
9.मादा का विलोम-2
10.ईश्वर,शिव-4
11.संज्ञा,संबोधन-2
13.वेग,गति-3
14.महसूल,राहदरी-2
15.अंधकार,अंधेरा-3
17.कुंजी,ताली-2
19.गोलाकार-5
22.इतरता,बेगानापन-5
25.समय,वक्त-2
26.स्याही का पात्र-3
28.अच्छा,सद् पुरुष-2
29.अदृश्य-3
30.मिट्टी,धूल-2
32.नट,बाजीगरी करने वाला-4
34.टैक्स,हाथ-2
36.बोलने का तरीका-3
37.खदान-2
38.जो जायज न हो-4
39.श्री रामचंद्र का नाम-5

**ऊपर से नीचे**
1.तराजू डंडा,पासा-2
2.पराजित करना-3
3.बहुत लंबा -5
4.रुकना,अड़ जाना-3
5.जंगल,कानन-2
6.तीर रखने का पात्र-4
7.सार-संभाल-2,3
10.पूंजी,धन-4
12.वोट,राय-2
16.राजा,महाराजा-3
17.चतुर्थ,चौथा-2
18.हलवा-2
20.पक्षाघात-3
21.तन,देह-2
22.क्षण-2
23.स्मारक-4
24.चोर,लुटेरा-5
25.जैकी श्राफ, अनिल कपूर,किमी काटकर व फराह अभिनीत फिल्म -5
26.टूटना,बिखरना-4
27.पानी से सराबोर-2
31.कमल,नीरज-3
33.बादलों की गड़गड़ाहट-3
35.छुट्टी,अवकाश-2
37.राख,मिट्टी-2

### शब्द पहेली - 6134 का हल

## सूडोकु नवताल - 6145

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | 3 | |
| | | 9 | | 8 | | 2 | 6 | 4 |
| 1 | | | | 3 | 6 | | 9 | |
| 4 | | 3 | | | | | | |
| | 8 | | | 2 | | | 1 | |
| | | | | | | 8 | | 6 |
| | 4 | | 7 | 5 | | | | 3 |
| 3 | 7 | 5 | | 4 | | 1 | | |
| | 2 | | | | 8 | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 6144 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 5 | 6 | 1 | 3 | 7 | 2 | 9 |
| 7 | 2 | 6 | 4 | 9 | 5 | 3 | 8 | 1 |
| 9 | 3 | 1 | 7 | 8 | 2 | 6 | 5 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 8 | 4 | 3 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 3 | 2 | 4 | 1 | 7 | 8 |
| 4 | 8 | 3 | 5 | 7 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 2 | 9 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 8 | 2 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 7 |

## खबर संक्षेप

### निप्पॉन ने जेनेंदर आनंद को नियुक्त किया उपाध्यक्ष



**मुंबई।** निप्पॉन पेंट ने जेनेंदर आनंद को निप्पॉन पेंट इंडिया ऑटोमोटिव रीफिनिश (एनपीआईएआर) कारोबार के उपाध्यक्ष के तौर पर नियुक्त करने की घोषणा की। इस भूमिका में आनंद निप्पॉन पेंट नेपाल एवं निप्पॉन पेंट इंडोकोटे कारोबार सहित भारत के लिए ऑटोमोटिव रीफिनिश पोर्टफोलियो को नेतृत्व प्रदान करेंगे और संपूर्ण रणनीतिक निर्देशन, गवर्नेंस और नेतृत्व अंतर्दृष्टि उपलब्ध कराएंगे।

### सैमसंग ने लांच किया गैलेक्सी एफ70ई 5जी



**गुड़गांव।** सैमसंग इंडिया ने गैलेक्सी एफ70ई 5जी को लांच किया है। यह नई गैलेक्सी एफ70 सीरीज का पहला स्मार्टफोन है, जिसे खासतौर पर युवा जेन जी यूजर्स के लिए बनाया गया है। नए ग्लैक्सी एफ70ई 5जी को भारत में दो वेरिएंट्स में लॉन्च किया गया है। 4जीबी रैम प्लस 128जीबी स्टोरेज वेरिएंट 12,999 रुपए में मिल रहा है, जबकि 6जीबी रैम प्लस 128जीबी स्टोरेज मॉडल की कीमत 14,999 रुपए रखी गई है।

### नेटवर्क-एटीन संजीवनी का पिंक टैग प्रोजेक्ट शुरू



**मुंबई।** 'पिंक टैग प्रोजेक्ट' की शुरुआत एक सरल से अवलोकन से हुई। महिलाओं को हर दिन अपने लिए एक छोटा-सा पल तब मिलता है, जब वे कपड़े पहन रही होती हैं। उनके कपड़ों में सिला हुआ एक गुलाबी टैग उनका ध्यान खींचता है और उन्हें यह बताता है कि स्वयं की जांच कैसे करनी है। यह टैग एक साधारण, लेकिन बेहद प्रभावी मार्गदर्शक है। यह उसी क्षण में शामिल है।

### एसईपीसी को 314 करोड़ का प्रोजेक्ट मिला

**चेन्नई।** एसईपीसी लिमिटेड को केंद्र सरकार की सार्वजनिक उपक्रम कंपनी टेलीकम्युनिकेशंस कंसल्टेंट्स इंडिया लिमिटेड से पंजाब में आरडीएसएस के तहत स्मार्ट प्रीपेड मीटरिंग परियोजना के क्रियान्वयन के लिए लेटर ऑफ इंटेंट प्राप्त हुआ है। यह परियोजना आद्या स्मार्ट मीटरिंग प्राइवेट लिमिटेड के साथ कंसोर्टियम में डिजाइन, बिल्ड, फ़ाइनेंस, ओन, ऑपरेट और ट्रांसफर मॉडल पर क्रियान्वित की जाएगी, जिसकी कुल परियोजना लागत 313.96 करोड़ है।

### टाटा एआईए के वैल्यू इंवेस्टिंग पर दो नए फंड पेश

**मुंबई।** टाटा एआईए ने 'वैल्यू इन्वेस्टिंग' पर आधारित दो नए फंड पेश किए हैं। यह रणनीति उन कंपनियों को चुनने पर टिकी है, जिनमें भविष्य में बड़ी बढ़त हासिल करने की पूरी क्षमता है। ये फंड लार्ज, मिड और स्मॉल-कैप की ऐसी 50 चुनिंदा कंपनियों में पैसा लगाते हैं जो आने वाले समय में मार्केट लीडर बन सकती हैं। इसके जरिए निवेशकों को न केवल बेहतर कमाई का मौका मिलता है, बल्कि जीवन बीमा की सुरक्षा भी मिलती है। कंपनी के सीआईओ, हर्षद पाटील ने कहाकि जो सब्र और अनुशासन के साथ निवेश करते हैं।

### अमेजन पर 99 रु. से शुरू गिफ्ट्स कलेक्शन

**बेंगलुरु।** इस वैलेंटाइन डे पर अमेजन बाजार भारत भर के ग्राहकों के लिए बिना जेब पर बोझ डाले प्यार का इजहार करना पहले से कहीं ज्यादा आसान बना रहा है। 6 फरवरी से 14 फरवरी तक, ग्राहक वैलेंटाइन डे के लिए खास तौर पर चुने गए गिफ्ट्स की एक कलेक्शन देख सकते हैं, जिनकी कीमतें सिर्फ 99 रुपए से शुरू होती हैं। अमेजन बाजार गुणवत्ता और किफायत को साथ लाकर हर भारतीय को अपने जज्बात जाहिर करने का मौका देता है। फैशन से लेकर रोजमर्रा की एक्सेसरीज तक, ग्राहक अल्ट्रा-अफोर्डेबल प्रोडक्ट्स की रेंज एक्सप्लोर कर सकते हैं।

## सब्जियां हुई सस्ती उपभोक्ता को मिली महंगाई से राहत

# आलू 10 से 15 रुपए तो प्याज 8 से 10 रु. किलो, मटरफली 20 से 30 रुपए किलो, मंडी में सीजनल सब्जियों की भरमार

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल



महंगाई की मार झेल रहे उपभोक्ताओं के लिए सब्जी बाजार से राहत मिली है। करोंद स्थित थोक सब्जी मंडी सहित शहर के हाट-बाजारों में सीजनली सब्जियों की भरमार होने से सब्जियों के दामों में बड़ी गिरावट दर्ज की गई है। पिछले महीने तक 50 से 60 रुपए प्रति किलो बिकने वाला टमाटर अब 20 रुपए किलो तक पहुंच गया है। इसी तरह मटरफली 20 से 30 रुपए और फूलगोभी 20 से 25 रुपए, बैंगन 15 से 20 रुपए प्रति किलो के भाव पर बिक रहा है। सब्जी विक्रेताओं के अनुसार हाट बाजार में 10 से 15 रुपए आलू तो 8 से 10 रुपए किलो में प्याज मिल रहा है। हाट बाजार में अधिकांश सब्जियों के दाम 20 से 40 रुपए किलो के बीच है। दामों में आई इस कमी से आम लोगों की रसोई का बजट फिर संतुलन में आने लगा है और बाजारों में खरीदारों की रौनक लौट आई है।

### सब्जियों की आवक बढ़ने से कीमतों में गिरावट

करोंद सब्जी मंडी स्थित कारोबारी राजेंद्र सैनी ने बताया कि लोकल सब्जियों की आवक बढ़ने से कीमतों में गिरावट आई है। आसपास के ग्रामीण इलाकों से लगातार ताजा सब्जियां आ रही हैं और खेतों से सीधे मंडियों तक माल पहुंच रहा है। अधिक आवक के चलते थोक और चिल्हर दोनों बाजारों में भाव नीचे आ गए हैं। उनके अनुसार दरअसल बीच में मौसम के चलते कई किसानों की फसल खराब हो गई थी, जिससे बाजार जलभराव और कीट प्रकोप से में सब्जियों की कमी हो गई और दाम तेजी से बढ़ गए। बाद में किसानों ने दोबारा फसल लगाई, जिसकी पैदावार अब बाजार में पहुंच रही है। इसी कारण लंबे समय बाद सब्जियों के दामों में गिरावट देखी जा रही है।

### किसान परेशान, भाड़ा, हम्माली के खर्च निकालना मुश्किल

सब्जी कारोबारी मो.सलीम के अनुसार दाम कम होने से किसानों की चिंता बढ़ गई है। किसानों को अपनी उपज मंडी तक लाने के लिए भाड़ा, हमाली के खर्च निकालना मुश्किल हो गया है। मजबूरी में किसानों को मंडी में ही सब्जियां बेचनी पड़ती हैं और उनकी आमदनी बाजार के भाव पर निर्भर रहती है। किसानों का कहना है कि पैदावार कम होने के चलते अच्छी कीमत मिलती है, लेकिन अभी उत्पादन अच्छी हुई है और कीमत गिर गई है। प्रत्येक सीजन में नुकसान उठाना पड़ रहा है।

## एफसीआई को नहीं मिल पा रही स्टॉक से गेहूं बेचने में अपेक्षित सफलता

# सरकारी गेहूं की खरीदी में खरीदारों को कोई खास दिलचस्पी नहीं

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई)को खुले बाजार बिक्री योजना (ओएमएसएस) के तहत अपने स्टॉक से गेहूं बेचने में अपेक्षित सफलता नहीं मिल रही है क्योंकि एक तो इसका न्यूनतम आरक्षित मूल्य ऊंचा है और दूसरे, मिलर्स / प्रोसेसर्स के पास गेहूं का अच्छा स्टॉक मौजूद है। इसके साथ-साथ खुले बाजार में आपूर्ति भी सामान्य ढंग से हो रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 12 नवंबर 2025 को आयोजित नीलामी में 2 लाख टन गेहूं की बिक्री का ऑफर दिया गया था, जिसमें से महज 35 प्रतिशत या करीब 70 हजार टन का ही उठाव किया जा सका। इसी तरह 26 नवंबर 2025 को 2 लाख टन के ऑफर के मुकाबले 39 प्रतिशत या 79 हजार टन गेहूं की बिक्री का ऑफर दिया गया था, जिसमें से महज 35 प्रतिशत या करीब 70 हजार टन का ही उठाव किया जा सका। इसी तरह 26 नवंबर 2025 को 2 लाख टन के ऑफर



के मुकाबले 39 प्रतिशत या 79 हजार टन गेहूं की बिक्री हो सकी। इसके बाद 14 जनवरी 2026 को आयोजित नीलामी में स्थिति कुछ बेहतर रही, सिर्फ एक लाख टन का ऑफर दिया गया और उसमें से 92 हजार टन या 92 प्रतिशत की बिक्री हो गई। 21 जनवरी 2026 की नीलामी में भी स्थिति अच्छी रही, जब कुल 1,07,500 टन गेहूं की बिक्री का ऑफर दिया गया और इसमें से 82 प्रतिशत या करीब 89 हजार टन की बिक्री हो गई। उसके बाद 28 जनवरी 2026 की नीलामी में 1,17,500 टन का ऑफर दिया गया, जिसमें से करीब 85 हजार टन या 72 प्रतिशत गेहूं का उठाव हुआ। अंतिम नीलामी 4 फरवरी को आयोजित हुई। जिसमें 1.26 लाख टन के ऑफर के सापेक्ष 83 हजार टन या 66 प्रतिशत गेहूं का उठाव संभव हो सका।

### गेहूं का निर्यात खोले जाने की संभावना धूमिल

हालांकि, चालू वर्ष के दौरान उत्पादन एवं ऊंचे स्टॉक को देखते हुए सरकार ने गेहूं पर भंडारण सीमा के आदेश को वापस ले लिया है और 5 लाख टन गेहूं उत्पादों के निर्यात की अनुमति भी दे दी है, लेकिन गेहूं के व्यापारिक निर्यात की स्वीकृति दिए जाने का मामला खटाई में पड़ सकता है। दरअसल इस वर्ष जून-जुलाई में अल नीनो मौसम चक्र के आने और सक्रिय होने की आशंका व्यक्त की जा रही है जिससे खरीफ फसलों के लिए खतरा बढ़ सकता है। बाजार जानकारों के अनुसार चालू रबी सीजन में गेहूं का बिजाई क्षेत्र 6.13 लाख हेक्टेयर की वृद्धि के साथ 334.17 लाख हेक्टेयर के सर्वकालीन सर्वोच्च स्तर पर पहुंचना है और जनवरी 2026 तक मौसम भी फसल के लिए काफी हद तक अनुकूल बना रहा, लेकिन फरवरी-मार्च में बारिश कम होने और तापमान ऊंचा रहने की संभावना व्यक्त की गई है।

### डाबर गुलाबरी के 'से इट विथ ए रोज़' अभियान ने बटोरे 100 मिलियन से अधिक व्यूज

**नई दिल्ली।** डाबर गुलाबरी ने अपने एकीकृत अभियान 'से इट विथ ए रोज़' के जरिए रोज डे को अभिव्यक्ति के एक राष्ट्रव्यापी उत्सव में बदल दिया। इस अभियान ने संस्कृति, क्रिएटर्स और कॉमर्स का एक बेहतरीन तालमेल पेश किया। गुलाब के शाश्वत प्रतीकवाद से प्रेरित इस अभियान ने उपभोक्ताओं को एक सरल लेकिन शक्तिशाली इशारे के माध्यम से अपनी हार्दिक भावनाओं को व्यक्त करने के लिए प्रोत्साहित किया। साथ ही, इन पलों को सहेजने के लिए क्विक-कॉमर्स प्लेटफॉर्म ब्लिंकिट के माध्यम से विशेष रूप से डिज़ाइन किए गए सुगंधित 'मेमोरी कार्ड' उपलब्ध कराए गए। इस पहल को देशभर में जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली और केवल रोज़ डे पर 2.5 लाख से अधिक सुगंधित कार्ड बांटे गए। इसने गुलाब और भावनात्मक अभिव्यक्ति के साथ गुलाबरी के पुराने जुड़ाव को और मजबूत किया।

## केवायसी योर फर्स्ट स्टेप टू सेफ बैंकिंग


# आरबीआई कार्यालय में शुरू हुआ वित्तीय साक्षरता सप्ताह 2026




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा वर्ष 2016 से आमजन के विभिन्न वर्गों को लक्षित करते हुए प्रत्येक वर्ष एक विशिष्ट थीम पर वित्तीय साक्षरता सप्ताह मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में वित्तीय साक्षरता सप्ताह 2026 का आयोजन 9 से 13 फरवरी, 2026 तक किया जा रहा है। इस अवसर पर भारतीय रिजर्व बैंक के भोपाल कार्यालय द्वारा भोपाल में वित्तीय साक्षरता सप्ताह 2026 के शुभारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भारतीय रिजर्व बैंक, भोपाल कार्यालय की क्षेत्रीय निदेशक सुश्री रेखा चंदनावेली द्वारा कार्यक्रम का उद्घाटन नाबार्ड एवं बैंकिंग क्षेत्र से जुड़े वरिष्ठ अधिकारी, एवं राज्य के विभिन्न बैंक शाखाओं के अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया। वित्तीय साक्षरता सप्ताह का इस वर्ष का थीम केवायसी सुरक्षित बैंकिंग की ओर पहला कदम 'केवायसी योर फर्स्ट स्टेप टू सेफ बैंकिंग' है, जिसका उद्देश्य सुरक्षित एवं भरोसेमंद बैंकिंग व्यवस्था के लिए नाऊ योर कस्टूमर की अहमियत को जन-जन तक पहुंचाना है। इस अभियान के अंतर्गत, री केवायसी को लेकर जन-जागरूकता को और मजबूत करने के लिए वित्तीय साक्षरता सप्ताह 2026 के दौरान लोगों कोकेवायसी से जुड़े सभी पहलुओं की जानकारी दी जाएगी।

# निवेशकों ने इक्विटी फंड्स के रुप में एक महीने में सोने में डाल दिए 24 हजार करोड़ रुपए



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वर्ष 2026 में निवेशकों का मूड साफ तौर पर बदला हुआ नजर आया। शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव और दुनिया भर में बढ़ते तनाव के बीच लोगों ने सुरक्षित निवेश की तलाश शुरू कर दी। इसी वजह से निवेशकों ने बड़ी संख्या में गोल्ड ईटीएफ में पैसा लगाया। म्युचुअल फंड संस्था एएमएफआई के आंकड़ों के मुताबिक जनवरी में गोल्ड ईटीएफ में करीब 24 हजार करोड़ रुपए का शुद्ध निवेश हुआ।

यह दिसंबर 2025 के मुकाबले लगभग दोगुना है। इस बार हैरानी की बात यह रही कि गोल्ड ईटीएफ में आया निवेश शेयर आधारित म्युचुअल फंड से भी ज्यादा रहा। जनवरी में इक्विटी फंड्स में करीब 24,028 करोड़ रुपए का निवेश हुआ, जबकि गोल्ड टीएफ में इससे थोड़ा ज्यादा (24,039.96 करोड़ रुपए) पैसा आया। इसका साफ मतलब है कि निवेशक अभी मुनाफे से ज्यादा सुरक्षा को अहमियत दे रहे हैं। जानकारों का कहना है कि निवेशकों में डर और अनिश्चितता बढ़ी है। दुनिया के कई हिस्सों में चल रहे तनाव और बाजार की कमजोरी के कारण लोग सुरक्षित निवेश ढूंढ रहे हैं। सोना हमेशा से मुश्किल समय में भरोसेमंद माना जाता रहा है, इसलिए गोल्ड ईटीएफ की मांग तेजी से बढ़ी है।

## 245 कर्मचारियों का कद बढ़ा, 17 सचिवों को उच्च पद का दायित्व

# मंडी बोर्ड के एमडी का कर्मचारियों और ऑफिसर्स एसो.ने उच्च पद का प्रभार मिलने पर जताया आभार

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

एग्रीकल्चर मंडी बोर्ड ऑफिसर्स एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष अंगिरा प्रसाद पांडेय सहित भोपाल कृषि उपज मंडियों सहित प्रदेशभर की मंडियों के सेवारत मंडी कर्मचारियों ने उच्च पद प्रभार सौपें जाने जारी आदेश को लेकर मंडी बोर्ड के आयुक्त सह प्रबंध संचालक कुमार पुरषोत्तम का आभार जताया है। ज्ञात हो कि मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड ने अपने 245 कर्मचारियों को उच्च पद प्रभार (प्रभार) सौंपा है। मंडी बोर्ड के एमडी द्वारा उठाए गए इस कदम से उच्च पद प्रभार बढ़ने से मंडियों सहित अन्य कर्मचारियों की कमी पूरी हो सकेगी।



कुमार पुरषोत्तम



जारी आदेश के अनुसार 8 अफसरों को सचिव 'ब' से 'अ' संवर्ग का प्रभार सौंपा गया। इनमें ऋतु गढ़वाल, योगेश नागले, ओमप्रकाश खेड़े, रस्सू वसूनिया, अर्चना ठाकुर, रजनी वर्मा, हिम्मत सिंह जवरा तथा अरविंद कुमार परिहार शामिल हैं। इनके अलावा मंडी सचिव 'स' से 'ब' के पद पर 17अफसर तो मंडी निरीक्षक संवर्ग को सचिव 'स' संवर्ग का प्रभार सौंपा गया है। इसमें 86 कर्मचारियों को फायदा मिलेगा। वहीं नए आदेश के मुताबिक 134 सहायक उप निरीक्षकों को मंडी निरीक्षक संवर्ग का प्रभार सौंपा गया। उल्लेखनीय है कि कर्मचारियों की नई भर्ती नहीं होने तथा कमी को देखते हुए वर्तमान में कार्यरत कर्मचारियों और अधिकारियों को उच्च पद का प्रभार सौंपा गया है। एग्रीकल्चर मंडी बोर्ड ऑफिसर्स एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष अंगिरा प्रसाद पांडेय ने कहा है कि नए आदेश से प्रदेश के किसानों को भी फायदा होगा। उन्होंने कहाकि मंडी बोर्ड आयुक्त सह प्रबंध संचालक कुमार पुरुषोत्तम ने यह निर्णय मंडी बोर्ड के काम को सुचारू बनाने के लिए लिया है जो कर्मचारियों के हित में उठाया गया सराहनीय कदम है।

## बिजनेस न्यूज

### मानसरोवर में इंडियन बोटेनिकल सोसाइटी स्थापना दिवस पर व्याख्यान




**भोपाल।** मानसरोवर ग्लोबल यूनिवर्सिटी और इंडियन बोटेनिकल सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में 'इंडियन बोटेनिकल सोसाइटी स्थापना दिवस' व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य विषय 'एडवेंट ऑफ प्लांट जीनोमिक्स फॉर क्लाइमेट-रेजिलिएंट क्रॉप्स' रहा। जिसमें विशेषज्ञ द्वारा मैप-आधारित सीक्वेंसिंग के महत्व को समझाया गया जो भविष्य में बेहतर फसल उत्पादन के लिए आधारशिला है। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य वक्ता दिल्ली विश्वविद्यालय की सीनियर प्रोफेसर एवं प्रसिद्ध वैज्ञानिक प्रो. परमजीत खुराना, मानसरोवर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चीफ एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर इंजी. गौरव तिवारी, शिक्षाविद प्रो. अखिलेश पाण्डेय, मानसरोवर ग्लोबल यूनिवर्सिटी के प्रो-चांसलर डॉ. अरुण कुमार पाण्डेय, कुलगुरु डॉ. एएस यादव, प्रति कुलगुरु कर्नल एचआर रूहिल ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। चीफ एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर इंजी. गौरव तिवारी ने कहा कि प्रतिष्ठित इंडियन बोटेनिकल सोसाइटी के साथ मिलकर ऐसे वैज्ञानिक विमर्श का आयोजन करना हमारे छात्रों और संकाय सदस्यों के लिए उपयोगी साबित होगा। इसी क्रम में विश्वविद्यालय के प्रो-चांसलर प्रो. अरुण कुमार पांडेय ने इंडियन बोटेनिकल सोसाइटी की गौरवशाली यात्रा पर प्रकाश डाला और संस्था का उद्देश्य और इतिहास के बारे में विस्तार से बताया।

### एक्सिस बैंक ने शुरू की गोल्ड लोन सुविधा

**मुंबई।** एक्सिस बैंक ने सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के लिए अपनी गोल्ड लोन योजना लांच की है। यह एक सुरक्षित ओवरड्राफ्ट सुविधा है, जिसके तहत छोटे कारोबारी अपने मौजूदा स्वर्ण आभूषणों के बदले त्वरित, लचीली और न्यूनतम दस्तावेज़ी प्रक्रिया के साथ नकदी प्राप्त कर सकते हैं। यह उत्पाद व्यक्तिगत उद्यमियों और एकल स्वामित्व वाले व्यवसायों के लिए उपलब्ध है, चाहे वे एक्सिस बैंक के पुराने ग्राहक हों या नए। यह सुविधा देशभर की 3300 से अधिक गोल्ड-लोन सक्षम शाखाओं में शुरू की गई है। पात्र ग्राहक काउंटर पर ही उसी दिन (ओटीसी) ऋण प्राप्त कर सकते हैं, जिसमें राशि सीधे उनके बैंक खाते में जमा की जाएगी। ऋण राशि 50 हजार रुपए से लेकर 1 करोड़ रुपए तक होगी, जो पात्रता और बैंक की आंतरिक नीतियों पर आधारित होगी। दस्तावेज़ों की आवश्यकता केवल केवाईसी, उद्यम पंजीकरण या असिस्ट प्रमाणपत्र तथा आईटीआर या जीएसटी पंजीकरण तक सीमित है। एक्सिस बैंक के ग्रुप एग्जीक्यूटिव एवं भारत बैंकिंग हेड, बिपिन सराफ ने कहाकि छोटे व्यवसाय भारत की आर्थिक गति की रीढ़ हैं, लेकिन उन्हें समय पर कार्यशील पूंजी मिलना अब भी एक बड़ी चुनौती है। एमएसएमई के लिए हमारा गोल्ड लोन इसी अंतर को भरने के लिए बनाया गया है, जो सुरक्षित ऋण की मजबूती को गति, लचीलापन और सरल शाखा-आधारित अनुभव के साथ जोड़ता है।

### टीवीएस मोटर ने मप्र के सागर में किया एसएम ऑटोमोबाइल डीलरशिप का उद्घाटन




**सागर।** दोपहिया एवं तिपहिया वाहन निर्माता कंपनी टीवीएस मोटर ने मध्य प्रदेश के सागर में अपनी ऑथोराइज़्ड डीलरशिपए एसएम ऑटोमोबाइल की ओपनिंग की घोषणा की है। यह नई युनिट क्षेत्र में टीवीएस मोटर कंपनी की रीटेल मौजूदगी को सशक्त बनाएगी तथा उपभोक्ताओं को सुलभ एवं बेहतर अनुभव प्रदान करने पर कंपनी के फोकस को दर्शाती है। सागर (खुराई रोड़) पर स्थित एसएम ऑटोमोबाइल को इस तरह से डिजाइन किया गया है कि यह डीलरशिप उपभोक्ताओं के लिए वाहन की खरीद के अनुभव को बेहद सहज बना देगी। डीलरशिप में टीवीएस मोटर कंपनी के व्यापक पोर्टफोलियो, पैसेंजर एवं कार्गो सहितद्ध को दर्शाया गया है, जो मोबिलिटी संबंधी विभिन्न जरूरतों को पूरा करते हैं। टीवीएस सेल्स एवं सर्विस टीम तथा डीलर प्रिंसिपल मनीष जैन की मौजूदगी में उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया। जो क्षेत्र में ब्राण्ड की यात्रा में महत्वपूर्ण उपलब्धि है। एसएम ऑटोमोबाइल के उद्घाटन के साथ टीवीएस मोटर कंपनी अपने भरोसेमंद रीटेल नेटवर्क के विस्तार के साथ देश भर के राइडरों के लिए आधुनिक, विश्वसनीय एवं उपभोक्ता उन्मुख मोबिलिटी समाधानों को सुलभ बनाने के प्रयास जारी रखे हुए है।

### पीएनबी ने वाट्सएप बैंकिंग प्लेटफॉर्म पर शुरू की 'डीमैट व्यूइंग फैसिलिटी'

**भोपाल।** पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ने वाट्सएप बैंकिंग प्लेटफॉर्म के माध्यम से 'डीमैट व्यूइंग फैसिलिटी' शुरू की है। यह पहल बैंक की डिजिटल निवेशक सेवाओं को और मजबूत करने तथा ग्राहकों की सुविधा बढ़ाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। इस सुविधा के माध्यम से, पीएनबी के ग्राहक अब बैंक के सत्यापित व्हाट्सएप बैंकिंग चैनल के जरिए सीधे डीमैट से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। यह सुविधा उन ग्राहकों के लिए उपलब्ध है जिनका पीएनबी में डीमैट खाता है, जहां बैंक एनएसडीएल और सीडीएसएल के साथ 'डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट' के रूप में कार्य करता है। व्हाट्सएप आधारित यह सेवा पात्र ग्राहकों को उनकी डीमैट होल्डिंग का विवरण, लेनदेन विवरण, बकाया शुल्क, बिलिंग विवरण देखने और खोई हुई डिलीवरी इंस्ट्रक्शन स्लिप की रिपोर्ट करने की सुरक्षित सुविधा प्रदान करती है। इसके अतिरिक्त, ग्राहकों को डीमैट खाते खोलने, ट्रेडिंग पार्टनर सेवाओं का उपयोग करने और पीएनबी की डिपॉजिटरी पेशकशों को जानने के लिए बैंक के मोबाइल एप्लिकेशन पीएनबी वन, इंटरनेट बैंकिंग प्लेटफॉर्म पर सहजता से निर्देशित किया जाता है। इस नई पहल पर टिप्पणी करते हुए पीएनबी के मुख्य महाप्रबंधक सुधीर दलाल, ने कहा, व्हाट्सएप की व्यापक पहुंच का लाभ उठाते हुए।




# घटिया बीजों की बिक्री पर रोक लगाने उठाए जा रहे सख्त कानूनी कदम



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश में बीज की गुणवत्ता सुनिश्चित करने और नकली एवं घटिया बीजों की बिक्री पर प्रभावी रोक लगाने के लिए केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा सख्त कानूनी और डिजिटल कदम उठाए जा रहे हैं। बीज अधिनियम, 1966, बीज नियम, 1968 और बीज आदेश, 1983 के तहत राज्य सरकारों को बीज निरीक्षकों की नियुक्ति का अधिकार प्राप्त है, जो बीज विक्रय केंद्रों की नियमित जांच कर सकते हैं। यह जानकारी कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर ने राज्य सभा में दी। इन प्रावधानों के तहत बीज निरीक्षक बीज केंद्रों से सैंपल ले सकते हैं और नियमों के उल्लंघन की स्थिति में लाइसेंस रद्द करने, बीज स्टॉक जब्त करने, बिक्री पर रोक लगाने और दोषियों के खिलाफ अभियोजन चलाने जैसी कड़ी प्रवर्तन कार्रवाई कर सकते हैं। इसका उद्देश्य किसानों को नकली बीजों से होने वाले आर्थिक नुकसान से बचाना है। सरकार द्वारा सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को एडवाइजरी जारी की जाती है ताकि मौजूदा कानूनी ढांचे का सख्ती से पालन कराया जा सके। इसके तहत बीज डीलरों और खुदरा विक्रेताओं के भंडारण और बिक्री केंद्रों पर निगरानी बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। सरकार का मानना है कि सख्त कानून, डिजिटल ट्रेसिबिलिटी और किसानों के अधिकारों के संरक्षण से नकली बीजों की समस्या पर प्रभावी नियंत्रण लगाया जा सकेगा।

**परिशिष्ट B - संख्यांक 13**
जिला एवं सत्र न्यायालय भोपाल
पंचम व्यवहार न्यायाधीश, वरिष्ठ खंड, भोपाल
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)

आरसीएस बी/34/2024
बैंक ऑफ महाराष्ट्र बनाम राजू कुशवाहा
NEXT DATE: 17-03-2026

प्रेषिती-
**(1) राजू कुशवाहा फेरनसिंह**
पता- 433, सिंगारचोली एयरपोर्ट रोड, बैरागढ़ भोपाल म.प्र.
**(2) शांति बाई कुशवाहा राजू कुशवाहा**
पता- 422, सिंगारचोली एयरपोर्ट रोड, बैरागढ़ भोपाल म.प्र.
**(3) मेसर्स जे. के. इन्फ्राकॉन, बिल्डर्स एण्ड डेवेलपर्स द्वारा पार्टनर रमेश कुशवाहा**
पता- ई.एम. 373, हाऊसिंग बोर्ड कालोनी नेहरू नगर, भोपाल म.प्र.

यह कि प्रार्थी बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने आपके विरुद्ध आरसीएस बी/34/2024 के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।

यह आज तारीख 20-01-2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

न्यायालय की मुद्रा — न्यायाधीश
श्रीमती मेघा अग्रवाल
पंचम व्यवहार न्यायाधीश, वरिष्ठ खंड

## चिंतन

# खुद की सजगता ही बचा सकती है साइबर ठगी से

डिजिटल तकनीक ने जहां देश को नई गति दी है, वहीं इसके खतरे भी कम नहीं हैं। बैंकिंग से लेकर सरकारी सेवाओं तक, हर क्षेत्र में ऑनलाइन माध्यम ने सुविधाएं बढ़ाई हैं, लेकिन इस डिजिटल विस्तार के साथ साइबर ठगी का जाल भी तेज़ी से फैला है। हालात इतने गंभीर हो चुके हैं कि अब तक 54 हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि डिजिटल ठगी के जरिए निकाली जा चुकी है। यह आंकड़ा सिर्फ आर्थिक नुकसान नहीं, बल्कि व्यवस्था की कमजोरी और नागरिकों की असुरक्षा को भी उजागर करता है। सुप्रीम कोर्ट ने डिजिटल धोखाधड़ी को डकैती और लूट की संज्ञा देते हुए इसे गंभीर राष्ट्रीय समस्या बताया है, जो समय रहते नहीं रोकी गई तो इसके परिणाम और भयावह होंगे। ठगी के मामलों में एक बात साफ दिखाई देती है कि ठग तकनीक से ज़्यादा मानसिक कमजोरियों का फायदा उठाते हैं। लालच और अज्ञानता उनके सबसे बड़े हथियार हैं। आसान मुनाफे का लालच देकर, डर पैदा करना और विवेक को शून्य कर देना, यही उनकी रणनीति है। कभी केवाईसी अपडेट के नाम पर, कभी फर्जी निवेश योजना, तो कभी सरकारी कार्रवाई का भय दिखाकर डिजिटल अरेस्ट करने के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। डिजिटल धोखाधड़ी के बढ़ते मामलों पर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी महज चेतावनी नहीं, बल्कि व्यवस्था को आईना दिखाने वाली है। अदालत ने साफ कहा है कि इतने बड़े पैमाने पर हो रही ठगी में बैंकों की लापरवाही या अधिकारियों की मिलीभगत की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। यही कारण है कि कोर्ट ने केंद्र सरकार को निर्देश दिया है कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा तैयार स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) को पूरे देश में प्रभावी ढंग से लागू किया जाए। आरबीआई की एसओपी में यह प्रावधान है कि साइबर फ्रॉड की आशंका होते ही तुरंत कार्रवाई की जाए, जैसे संदिग्ध लेन-देन पर डेबिट कार्ड को अस्थायी रूप से होल्ड पर डालना, खाते की गतिविधि सीमित करना और समयबद्ध जांच। इसका उद्देश्य नुकसान को शुरुआती स्तर पर ही रोकना है। समस्या यह नहीं कि नियम मौजूद नहीं हैं, बल्कि यह है कि उनका पालन ढीले-ढाले तरीके से किया जा रहा है। सरकार के लिए यह जरूरी है कि वह केवल दिशानिर्देश जारी करने तक सीमित न रहे, बल्कि उनके पालन की निगरानी भी सुनिश्चित करे। डिजिटल ठगी का एक और खतरनाक रूप है लोगों को डिजिटल अरेस्ट करना और सरकार के नाम पर लॉटरी टिकट बेचकर लोगों को ठगना। ठग खुद को सरकारी एजेंसी, राज्य लॉटरी विभाग या किसी प्रतिष्ठित सरकारी योजना का प्रतिनिधि बताकर लोगों को फोन या मैसेज करते हैं। बड़ी इनामी राशि का लालच देकर पहले मामूली रजिस्ट्रेशन फीस, टैक्स या प्रोसेसिंग चार्ज के नाम पर पैसे ऐंठे जाते हैं। इसके बाद कभी दस्तावेज़ों में कमी, तो कभी नए शुल्क का बहाना बनाकर ठगी का सिलसिला चलता रहता है। डिजिटल ठगी के खिलाफ लड़ाई केवल सरकार या अदालत की नहीं, बल्कि समाज की भी है। सतर्कता ही सबसे बड़ा बचाव है। कोई भी अनजान कॉल, लिंक या लालच भरा ऑफर चाहे वह सरकारी के नाम से ही क्यों न आए, बिना जांच के स्वीकार नहीं किया जाना चाहिए। बैंक या सरकारी विभाग कभी भी फोन पर ओटीपी, पिन या पासवर्ड नहीं मांगते। जागरूक नागरिक, सख्त कानून और जवाबदेह व्यवस्था इन तीनों के बिना डिजिटल भारत का सपना सुरक्षित नहीं हो सकता।

# अनूठा है भारत-अमेरिका व्यापार समझौता



अर्थव्यवस्था
प्रमोद भार्गव

**भारत और अमेरिका के बीच हुआ व्यापार समझौता विलक्षण है। इससे कई नए आयाम तो आकार लेंगे ही, वहीं टैरिफ भी वापस होगा, जो अमेरिका ने जुर्माने के रूप में वसूला है। इस समझौते की एक और खास बात है कि भारतीय कृषि और डेयरी उद्योग की सुरक्षा और शुद्धता को कोई नुकसान नहीं होगा, बल्कि किसानों की आय बढ़ेगी। भारत के सम्मान को बरकरार रखने वाला समझौता पहले कभी देखने-सुनने में नहीं आया। उल्लेखित इन विषयों को लेकर केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान भी सार्वजनिक खुलासा कर चुके हैं। साफ़ है कि इस समझौते के बाद व्यापार और रोजगार के क्षेत्र में नए अवसरों का लम्बा दौर चलेगा।**

भारत और अमेरिका के बीच तनातनी के चलते हुआ व्यापार समझौता विलक्षण है। इससे कई नए आयाम तो आकार लेंगे ही, वहीं टैरिफ भी वापस होगा, जो अमेरिका ने जुर्माने के रूप में वसूला है। इस समझौते की एक और खास बात है कि भारतीय कृषि और डेयरी उद्योग की सुरक्षा और शुद्धता को कोई नुकसान नहीं होगा, बल्कि किसानों की आय बढ़ेगी। भारत के सम्मान को बरकरार रखने वाला समझौता पहले कभी देखने-सुनने में नहीं आया। उल्लेखित इन विषयों को लेकर केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान भी सार्वजनिक खुलासा कर चुके हैं। साफ़ है कि इस समझौते के बाद व्यापार और रोजगार के क्षेत्र में नए अवसरों का लम्बा दौर चलेगा।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 1 अगस्त 2025 से भारत पर 25 प्रतिशत ऊल-जलूल टैरिफ थोप दिया था। यही नहीं, ट्रंप ने रूस से सैन्य उपकरण और कच्चा तेल खरीदने की वजह से अतिरिक्त जुर्माना लगाने का भी एकतरफा निर्णय ले लिया था। यह टैरिफ भारतीय दुग्ध एवं कृषि उत्पाद हड़पने की दृष्टि से लगाया गया था, जिससे भारत दबाव में आकर इन उत्पादों के लिए भारतीय बाजार खोल दे, लेकिन भारत भली-भांति जानता था कि अमेरिका के सस्ते अनाज और मांसाहारी दूध के लिए भारतीय बाजार खोल दिया जाता है तो किसान तो तबाह होगा ही, शाकाहारी संस्कृति को भी पलीता लगेगा। साथ ही भारत सरकार जिन प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों (पैक्स) को बढ़ावा देकर कृषि और दूध उत्पादों को वैश्विक बाजार में लाने की तैयारी कर रही है, वह विचार भी चकनाचूर हो जाता। इसलिए सरकार ने साफ कर दिया था कि इन क्षेत्रों में बाहरी हस्तक्षेप स्वीकार नहीं है। वैसे भी अब यह सच्चाई सामने आ रही है कि एकतरफा वैश्वीकरण से दुनिया का भला होने वाला नहीं है। अतएव स्वदेशी उत्पादों के जरिए ही आत्मनिर्भर बने रहने की पहल जारी रखनी होगी। भारत इस दिशा में मजबूती से बढ़ भी रहा है। किंतु अब भारत को अमेरिका से हुए समझौते में बड़ी राहत मिली है। अमेरिकी प्रशासन ने न केवल टैरिफ दर को 50 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया है,बल्कि रूस से तेल आयात के चलते जुर्माने के रूप में वसूले गए 25 प्रतिशत टैरिफ को वापस करने का फैसला लिया है। वाइट हाउस से जारी आधिकारिक जानकारी के अनुसार, 27 अगस्त 2025 से लेकर 6 फ़रवरी 2026 के बीच जिन आयात वस्तुओं पर जुर्माना लगा है, वह वापस हो जाएगा। उम्मीद बनी है कि इस छूट से भारतीय व्यापारियों को करीब 40 हजार करोड़ की राहत मिलेगी। पीयूष गोयल ने एक साक्षात्कार में साफ किया है कि डेयरी के सभी उत्पाद आनुवंशिक रूप से परिवर्धित उत्पाद भी समझौते से बाहर हैं। इनमें पोल्ट्री, मांस, सोयाबीन, मक्का, चावल, चीनी, गेहूं, ज्वार, बाजरा, रागी, को दो, दाल मूंग, काबुली चना, ग्रीन टी मधु और अनेक प्रकार के फलों को बाहर रखा है। डेयरी उत्पादों में गाय-भैंस का दूध अहम है। इसमें ऐसे पोषक तत्व हैं, जो शरीर और दिमाग दोनों को ही स्वस्थ रखते हैं।

यह दूध ही है, जिससे दही, मट्ठा, मक्खन और घी जैसे सह-उत्पाद निकलते हैं। ये उत्पाद मिठाई की दुकानों से लेकर डेयरी उद्योग के जरिए करोड़ों लोगों के रोजगार



का मजबूत माध्यम बने हुए हैं। लंबे समय तक गाय से पैदा बैल पर ही भारतीय कृषि निर्भर रही है। इसी कृषि की जीडीपी में 24 प्रतिशत की भागीदारी है। भारतीय दुग्ध उत्पादन से लेकर दूध पीने में दुनिया में पहले स्थान पर हैं। इसी दूध पर अमेरिकी बाजार के कब्जे के लिए अमेरिका अपने यहां उत्पादित मांसाहारी दूध बेचना चाहता रहा था। अन्य यूरोपीय देशों की निगाह भी इस दूध के व्यापार पर टिकी हैं। इस बाबत अमेरिका और भारत के बीच 500 बिलियन डॉलर के व्यापार समझौते पर चली बातचीत नाकाम रही थी, क्योंकि इसमें अमेरिकन मांसाहारी दूध के उत्पाद शामिल थे। भारत सरकार ने इस बाबत दो टूक कह दिया था कि अमेरिकी दुग्ध उत्पादों को भारतीय बाजार का हिस्सा नहीं बनाया जा सकता है। यह हमारे दुग्ध उत्पादक किसानों की आजीविका और उनकी संस्कृति की सुरक्षा से जुड़ा बड़ा प्रश्न है, जो कतई स्वीकार योग्य नहीं है। दरअसल अमेरिका चीज (पनीर) भारत में बेचने का लम्बे समय से इच्छुक था। इस चीज को बनाने की प्रक्रिया में बछड़े की आंत से बने एक पदार्थ का इस्तेमाल होता है। इसे अत्यंत घिनौना कृत्य करके चीज में मिलाया जाता है। शाकाहारी लोग इस प्रक्रिया को देख भी नहीं सकते हैं, इसलिए भारत के शाकाहारियों के लिए यह पनीर वर्जित है। गो-सेवक व गऊ को मां मानने वाला भारतीय समाज इसे स्वीकार नहीं करता। अमेरिका में गायों को मांसयुक्त चारा खिलाया जाता है, जिससे वे ज्यादा दूध दें। हमारे यहां गाय-भैंसें भले ही कूड़े-कचरे में मुंह मारती फिरती हों, लेकिन दुधारू पशुओं को मांस खिलाने की बात कोई सपने में भी नहीं सोच सकता। लिहाजा अमेरिका को चीज बेचने की इजाजत इस डील में नहीं दी गई है। अकेले गुजरात में अमूल समेत 36 लाख दुग्ध उत्पादक हैं। बिना किसी सरकारी मदद के बूते देश में दूध का 70 फीसदी कारोबार असंगठित ढांचा संभाल रहा है। इस कारोबार में ज्यादातर लोग अशिक्षित हैं, लेकिन पारंपरिक ज्ञान से न केवल वे बड़ी मात्रा में दुग्ध उत्पादन में सफल हैं, बल्कि इसके सह-उत्पाद दही, मठा, घी, मक्खन, पनीर, मावा आदि बनाने में भी मर्मज्ञ हैं। दूध का 30 फीसदी कारोबार संगठित ढांचा, मसलन डेयरियों के माध्यम से होता है। देश में दूध उत्पादन में 96 हजार सहकारी संस्थाएं जुड़ी हैं।

14 राज्यों की अपनी दुग्ध सहकारी संस्थाएं हैं। देश में कुल कृषि खाद्य उत्पादों व दूध से जुड़ी प्रसंस्करण सुविधाएं महज दो फीसदी हैं, किंतु वह दूध ही है, जिसका सबसे ज्यादा प्रसंस्करण करके दही, मठा, घी, मक्खन, मावा, पनीर आदि बनाए जाते हैं। इस कारोबार की सबसे बड़ी खूबी यह है कि इससे आठ करोड़ से भी ज्यादा लोगों की आजीविका जुड़ी है। करीब 1.5 करोड़ परिवार ही सहकारी दुग्ध उत्पादकता से जुड़े हैं, जबकि 6.5 करोड़ ग्रामीण परिवार आज भी सहकारिता के दायरे से वंचित हैं। दूध उत्पादन में ग्रामीण महिलाओं की अहम भूमिका रहती है। रोजाना दो लाख से भी अधिक गांवों से दूध एकत्रित करके डेयरियों में पहुंचाया जाता है। बड़े पैमाने पर ग्रामीण सीधे शहरी एवं कस्बाई ग्राहकों तक दूध बेचने का काम करते हैं। इसी दूध के बाजार में अमेरिका हस्तक्षेप के लिए लंबे समय से लालायित है, लेकिन उसकी दाल इस बार भी नहीं गल पाई। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने दस हजार नई कृषि सहकारी समितियों को हरी झंडी दिखाई है। अगले पांच साल में इनकी संख्या दो लाख तक पहुंचाने की है। इन्हीं सहकारी संस्थाओं के जरिए कृषि और दुग्ध उत्पादों को भारत से लेकर एशिया और यूरोप तक बाजार में पहुंचाने की है। ऐसे में यदि अमेरिकी दुग्ध उत्पादों के लिए भारतीय बाजार खोल दिए जाते तो इन समितियों की मुश्किलें तो बढ़ती ही, दुग्ध उत्पादक आठ करोड़ लोगों की आजीविका पर भी संकट के बादल गहरा जाते।

(लेखक वरिष्ठ साहित्यकार और पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## दिवस विशेष

डॉ. रमेश ठाकुर




# विज्ञान-अनुसंधान में आधी आबादी का बढ़ता प्रभाव

आधी आबादी को समर्पित आज का दिन कई मायनों में खास है। विज्ञान में महिलाओं और लड़कियों की महत्वपूर्ण भूमिका और उनके योगदान को मान्यता देने के लिए सालाना 11 फरवरी को 'विज्ञान में महिलाओं और लड़कियों का अंतरराष्ट्रीय दिवस' मनाया जाता है। 22 दिसंबर 2015 को संयुक्त राष्ट्र की महासभा में घोषित इस दिवस का मुख्य उद्देश्य विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणितज्ञ क्षेत्र में महिलाओं की समान भागीदारी को बढ़ाना और लैंगिक असमानता को दूर करना था। आज इस दिवस का 11वां संस्करण मनाया जा रहा है। इस साल की थीम 'अभी सर्वश्रेष्ठ आना बाकी है' पर केंद्रित है। विज्ञान क्षेत्र में महिलाओं के बढ़ते कदमों की बात करें, तो मंगल मिशन की सफलता से लेकर नासा और नोबेल पुरस्कार तक भारतीय महिलाएं विज्ञान क्षेत्र में अपना लोहा मनवा रही हैं। विज्ञान के वैश्विक स्तर पर भी भारतीय महिलाओं की धूम है। ये सिलसिला अब इसलिए भी रुकने वाला नहीं? क्योंकि सामाजिक बेड़ियों को तोड़कर महिलाएं दिनोंदिन विज्ञान की दुनिया में अकल्पनीय कीर्तिमान स्थापित करती जा रही हैं। एकाध दशकों के भीतर विज्ञान क्षेत्र और उसके विषय में महिलाओं की भूमिकाएं अत्यंत महत्वपूर्ण और परिवर्तनकारी के तौर पर उभरी हैं। आधा आबादी ने भौतिकी, रसायन विज्ञान, चिकित्सा, और अंतरिक्ष अनुसंधान जैसे चुनौतीपूर्ण क्षेत्रों में अपना क्रांतिकारी योगदान देकर अपने दम पर पुरुषों के साथ कदम ताल मिलाया है। मैरी क्यूरी से लेकर भारतीय अंतरिक्ष मिशनों तक, महिलाओं ने रूढ़िवादी परंपराओं को तोड़कर अपनी प्रतिभा सिद्ध की हैं। केंद्र सरकार ने 2024-25 में विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय को 16,628 करोड़ रुपये आवंटित इसलिए किए थे, ताकि इस क्षेत्र में धन की कमी न आए। अब भारत में, विज्ञान और प्रौद्योगिकी में महिलाओं की भागीदारी लगातार बढ़ रही है। वर्ष-2018-19 की विभिन्न शोध परियोजनाओं में महिलाओं की हिस्सेदारी तकरीबन 28 से 30 फीसदी तक बढ़ीं। 2024-24 के आंकड़ों में और इजाफा हुआ है। गति अगर यूं ही बरकरार रही, तो साल 2047 में जब भारत पूर्ण रूप से विकसित होगा, तब विज्ञान क्षेत्र में महिलाओं की हिस्सेदारी आधी हो जाएगी। महिलाओं के लिए भारत अब बदल चुका है, क्योंकि वैश्विक औसत के हिसाब से विज्ञान क्षेत्र में भारतीय महिलाएं की रुचि ज्यादा बढ़ी है। यही कारण है कि स्टेम शिक्षा में महिलाओं की हिस्सेदारी अब लगभग 43 प्रतिशत तक जा पहुंची है। केंद्रीय व राज्य सरकारों द्वारा भी महिला सशक्तिकरण के प्रयासों में इंटर्नशिप, छात्रवृत्तियां और अन्य 11 पीठों का गठन महिला शोधकर्ताओं को बढ़ाने मकसद से शुरू किया जा चुका है। केंद्र सरकार में इसका अलग से मंत्रालय भी बनाया गया है। मंत्रालय का नाम है 'विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी एवं पृथ्वी विज्ञान'। एक जमाना था, जब विज्ञान जैसे क्षेत्रों में गिनी चुनी महिलाओं की ही आमदगी होती थी। पर, अब इसरो के चंद्रयान और मंगलयान मिशनों की सफलता में भारतीय महिला वैज्ञानिकों का महत्वपूर्ण योगदान भी दिखने लगा है। आनंदीबाई जोशी पहली महिला डॉक्टर, असिमा चटर्जी पहली कैंसर और मिर्गी शोध, सुषमा घोष पहली चिकित्सा विज्ञान और जानकी अम्माल ने गन्ने की हाइब्रिड प्रजातियों के विकास में जो योगदान दिया, उसे कोई नहीं भूल सकता। वहीं, अन्ना मणि का सौर विकिरण और ओजोन परत के क्षेत्र में दिया उल्लेखनीय कार्य सदैव सराहनीय रहेगा। इन महिलाओं ने ये सफलताएं उस समय हासिल की थी, जब महिलाओं को घरों की चारदीवारी में कैद करके रखा जाता था। बाहर निकलने की आजादी तक नहीं होती थी। भारतीय महिला वैज्ञानिकों ने न केवल विज्ञान और चिकित्सा के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान किया, बल्कि गणित, अंतरिक्ष और खगोल शास्त्र के क्षेत्र में भी शानदार उपलब्धियां हासिल की हैं। अंतरिक्ष की दुनिया में दमदार प्रदर्शन करने वाली इन महिलाओं के संबंध में युवा पीढ़ी को जानना चाहिए। वैश्विक पटल पर भी भारतीय महिलाओं ने अपने हुनर का लोहा अपनाया। कल्पना चावला भारतीय मूल की अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री कल्पना चावला के बारे में छोटे बच्चे से लेकर बुजुर्ग तक हर कोई जानता है। कल्पना अंतरिक्ष में जाने वाली भारतीय मूल की पहली महिला थीं जिसने 376 घंटे 34 मिनट तक अंतरिक्ष में रहकर रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने धरती के 252 चक्कर लगाए थे। वहीं, सुनीता विलियम्स अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के जरिये अंतरिक्ष में जाने वाली भारतीय मूल की दूसरी महिला हैं। सुनीता विलियम्स ने एक अंतरिक्ष यात्री के रूप में 195 दिनों तक अंतरिक्ष में रहने का विश्व कीर्तिमान स्थापित किया। उनसे प्रेरणा लेकर भारतीय महिलाएं विज्ञान क्षेत्र में आ रही हैं।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# सुख की चाह के लिए साधना ज़रूरी



संकलित
## दर्शन

तप संकल्प की प्राप्ति का एकमात्र उपाय है। जिसे सत्य संकल्प द्वारा सुख की चाह है, उसे तप की साधना अवश्य करनी चाहिए। संकल्प के दृढ़ एवं सत्य न होने का सबसे बड़ा कारण तप की कमी होता है। जो व्यक्ति अपने स्थूल और सूक्ष्म शरीर के द्वारा तप नहीं करता, वह अपने संकल्पों को कभी प्राप्त नहीं कर सकता। तप से हमें अपने मन और तन, दोनों को पक्का बनाना होता है। जैसे मिट्टी का कच्चा घड़ा पानी डालने पर गल जाता है। वह अग्नि में बिना तपे कभी जल नहीं ला सकता। इसी प्रकार जब तक मनुष्य अपने जीवन को तप द्वारा पक्का नहीं बनाता, तब तक वह कभी भी अपने संकल्पों की सिद्धि को धारण नहीं कर सकता। तप से जीवन की समस्त अशुद्धियां दूर होती हैं। अशुद्धियों के दूर होने से शरीर और इंद्रियों को विशेष सिद्धि मिलती। तभी कहा जाता है कि तप से सभी कुछ साध्य है। वेदों में भी तप की महिमा और आवश्यकता का अनेक स्थानों पर वर्णन किया गया है। कल्याण की कामना करने वाले ऋषिगण भी प्रथम तप और दीक्षा का ही अनुष्ठान करते हैं। श्रीमद्भागवत कथा के द्वितीय स्कंध में श्री भगवान ब्रह्मजी से कहते हैं कि 'मैं इस दृश्यमान अखिल प्रपंच को तप द्वारा रचता हूं और पुनः तप द्वारा ही ग्रसित कर लेता हूं। मैं तप द्वारा ही इस विश्व का भरण-पोषण करता हूं और मेरा अत्यंत तेजस्वी पराक्रम तप ही है। तप द्वारा वह तेज और वह शक्ति प्राप्त की जा सकती है, जो किसी भी संकल्प की प्रतिपूर्ति का आधार बनती है।

# तुलसीदास ने की विप्रचंद ब्राह्मण पर कृपा



संकलित
## प्रेरणा

एक बार एक विप्रचंद नामक ब्राह्मण से हत्या हो गई और उस हत्या के प्रायश्चित के लिए वह अनेक तीर्थों में घूमता हुआ काशी आया। वह मुख से पुकार कर कहता था- राम राम ! मै हत्यारा हूं, मुझे भिक्षा दीजिए। श्री गोस्वामी जी ने उसके मुख से अपने इष्टदेव का अतिसुंदर राम नाम सुनकर उसे अपने निवास स्थान पर बुला लिया और उसे हृदय से लगा लिया। गोस्वामी जी ने बड़ी प्रसन्नता से उसे अपनी पंक्ति में बैठकर प्रसाद खिलाया जिससे वह शुद्ध हो गया। काशी के ब्राह्मणों ने जब यह बात सुनी तो उन्होंने एक सभा की और उसमें गोस्वामी जी को बुलवाया। सभी पंडितों ने गोस्वामी जी से पूछा कि प्रायश्चित पूरा हुए बिना ये ब्राह्मण कैसे शुद्ध हो गया? गोस्वामी जी ने कहा कि वेदों पुराणों में भगवान के नाम की महिमा लिखी है, उसे पढ़कर देख लीजिए। भगवन्नाम के प्रताप से ही यह ब्राह्मण भी शुद्ध हो गया। उन्होंने गोस्वामी जी से कहा कि महिमा लिखी तो है परंतु हमें विश्वास नहीं होता। गोस्वामी जी ने पूछा कि फिर आपको कैसे होगा विश्वास वह उपाय कहिए? इस पर ब्राह्मणों ने कहा- यदि इस व्यक्ति के हाथ से भगवान शंकर के नंदी जी प्रसाद खा लें तो हम लोग इसे अपनी जाति, पंगति में ले सकते हैं अथवा नहीं। सब लोग काशी में ज्ञानवापी नदी के तट पर पहुंचे जहां शर्त रखी गई थी। श्री गोस्वामी जी ने नन्दीश्वर से कहा- हे नंदीश्वर! यदि यह ब्राह्मण राम नाम के प्रताप से शुद्ध हो गया है तो आप इसके हाथ से प्रसाद स्वीकार करके नाम की महिमा को प्रमाणित कीजिए। नन्दीश्वर ने प्रसन्नता के साथ प्रसाद स्वीकार कर लिया।

## सटाका




## आज की पाती

### जान है तो जहान है

दुनिया भर की बकवास को छोड़कर सर्वप्रथम स्वास्थ्य क्षेत्र में सारा ध्यान केंद्रित किया जाना अनिवार्य है। धर्म, जाति, भाषाएं, राजनीतिक दल, संप्रदाय, देशभक्ति, देश-दुनिया तभी बचे रहेंगे जब तक लोग जीवित रहेंगे, सही सलामत रहेंगे, स्वस्थ रहेंगे। हमारे भारत में भी कौन जाने, कहां, कब, कैसे, किस क्षेत्र में क्या-क्या उन्नति-प्रगति हो रही है। देश की अर्थव्यवस्था विश्व में चौथे नंबर पर पहुंच चुकी है। ये सभी काल्पनिक और आदर्शवादी बातें उन सभी करोड़ों भारतीय नागरिकों की समझ से सर्वथा परे हैं, जो आज भी अपनी दैनिक और विशेषकर स्वास्थ्य संबंधी सैकड़ों समस्याओं से लगातार ही जूझते हुए कुछ चैन, सुकून, शांति व आराम की तलाश कर रहे हैं। स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता मिलनी चाहिए।

*- प्रथमेश कुलकर्णी, दुर्ग*

## ट्रेंड

### जनता का भरोसा



महाराष्ट्र की जनता ने जिला परिषद चुनावों में महायुति के पक्ष में स्पष्ट निर्णय लेकर विकास तथा सुशासन की राजनीति को अपना समर्थन दिया है। इस जनविश्वास के लिए राज्य की जनता का हृदय से आभार। जनकल्याणकारी नीतियों पर जनता का भरोसा ही इस जीत का आधार बना है।

**-धर्मेन्द्र प्रधान, केंद्रीय शिक्षा मंत्री**

### प्रधानमंत्री आवास योजना



प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से हज़ारों जरूरतमंद परिवारों को पक्का घर मिल रहा है, जो उनके सम्मानजनक और सुरक्षित जीवन की मजबूत नींव है। मेरा निरंतर प्रयास है कि पंक्ति में सबसे आख़िरी खड़े व्यक्ति तक इस योजना का लाभ पहुँचे, ताकि कोई पात्र वंचित न रहे।

**-अन्नपूर्णा देवी, केंद्रीय महिला विकास मंत्री**


### पायलट को श्रद्धांजलि



पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय राजेश पायलट की जयंती पर हम उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। उन्होंने वंचित और शोषित वर्गों की आवाज़ को मजबूती से उठाया, भारतीय वायुसेना में रहते हुए देश के प्रति अपनी निष्ठा व समर्पण का परिचय दिया।

**- मल्लिकार्जुन खरगे, अध्यक्ष, कांग्रेस**

### घरेलू उत्पादन बढ़ाएं



भारत अपने तेल और गैस का 90 फीसदी आयात करता है। हम तीन तरफ से समुद्र से घिरे हैं। घरेलू उत्पादन बढ़ाने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। हम तेल और गैस के लिए विश्व का सबसे तेजी से बढ़ता बाजार हैं।

**- अनिल अग्रवाल, उद्यमी**

### अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
**aapkepatra.haribhoomi@gmail.com**
पर भेज सकते हैं।

## करंट अफेयर

# केन्या में 20 लाख से अधिक लोग भुखमरी की चपेट में



केन्या के कुछ इलाकों में सूखे की वजह से 20 लाख से अधिक लोग भुखमरी का सामना कर रहे हैं और सबसे ज्यादा असर उत्तर-पूर्वी क्षेत्रों के पशुपालक समुदायों पर पड़ा है। संयुक्त राष्ट्र और अन्य संगठनों ने यह जानकारी दी। केन्या के राष्ट्रीय सूखा प्रबंधन प्राधिकरण के मुताबिक, देश के करीब 10 जिले इस समय सूखे से जूझ रहे हैं। सोमालिया से सटे केन्या के उत्तर-पूर्वी मंडेरा जिले में स्थिति चेतावनी स्तर पर पहुंच गई है। इसका मतलब है कि पानी की गंभीर कमी के कारण पशुओं की मौत हो रही है और बच्चे कुपोषण का शिकार हो रहे हैं। जनवरी के अंत में विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कहा था कि यही परेशानी सोमालिया, तंजानिया और यहां तक कि युगांडा तक फैल रही है, जहां लोग इसी तरह के मौसम और पानी की गंभीर कमी से जूझ रहे हैं। हाल के हफ्तों में सोमाली सीमा के पास सूखाग्रस्त इलाकों से झकझोर देने वाली तस्वीरें सामने आई हैं, जिनमें मवेशियों को बेहद कमजोर और कुपोषित हालत में देखा जा सकता है। यह इलाका जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से जूझ रहा है। हाल के वर्षों में कुछ क्षेत्रों में बारिश के मौसम की अवधि छोटी हो गई है, जिससे सूखे की स्थिति पैदा हो रही है।

## ऑफ बीट

# दो-तीन कप कॉफी पीने से डिमेंशिया का खतरा कम



वैज्ञानिकों ने पाया है कि दिन में दो से तीन कप कॉफी पीने से डिमेंशिया होने का खतरा काफी हद तक कम हो सकता है, लेकिन इससे अधिक मात्रा में कॉफी पीने से मस्तिष्क को कोई अतिरिक्त लाभ नहीं मिलता। एक व्यापक अध्ययन में सीमित मात्रा में कैफीनयुक्त कॉफी या चाय पीने वालों में डिमेंशिया होने की संभावना कम पाई गई। अध्ययन के अनुसार, 75 वर्ष या उससे कम आयु के लोगों में इसका प्रभाव सबसे अधिक देखा गया। रोजाना करीब 250-300 मिलीग्राम कैफीन (लगभग दो से तीन कप कॉफी) लेने वालों में डिमेंशिया का जोखिम 35 प्रतिशत तक कम पाया गया। शोधकर्ताओं ने कहा कि इससे अधिक कैफीन लेने से कोई अतिरिक्त लाभ नहीं मिला। अध्ययन में शामिल महिलाओं ने बताया कि शुरुआत में वे प्रतिदिन औसतन साढ़े चार कप कॉफी या चाय पीती थीं, जबकि पुरुषों के लिए कॉफी की औसत खपत ढाई कप थी। अधिक कैफीन लेने वाले प्रतिभागी अपेक्षाकृत कम उम्र के थे, लेकिन वे शराब का अधिक सेवन करते थे, धूम्रपान करते थे और अधिक कैलोरी लेते थे, जो डिमेंशिया के जोखिम को बढ़ाने वाले कारक माने जाते हैं। शोध में यह भी पाया गया कि कैफीन रहित कॉफी पीने वालों में स्मृति क्षय तेज़ी से हुआ।

# चूना भट्टी चौराहे पर महिला को युवकों ने पीटा, छेड़छाड़ का मामला दर्ज

चूनाभट्टी थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

चछनाभट्टी थाने में युवक के खिलाफ महिला ने मामला दर्ज कराया है। महिला ने आरोप लगाया कि युवक उसके साथ चौराहे पर मारपीट की है और उसे जाति सूचक करके अपमानित भी किया है। इसके बाद पुलिस ने आरोपी मनीष शुभम और अरबाज के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

महिला ने बताया कि वह चूना भट्टी चौराहे पर जा रही थी। वहीं आसपास रहने वाले युवक ने उसका पीछा किया और भद्दे कमेंट करने लगा। इस बात का महिला ने विरोध किया तो उसके साथ गाली-गलौज की और उसके साथी युवकों ने मारपीट की। जिसके बाद महिला ने छेड़छाड़, मारपीट का मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने महिला की शिकायत के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

## निशातपुरा में नाम बदलकर महिला के साथ 1 साल तक किया दुष्कर्म

**शादी की बात से मुकरा तो युवती ने थाने में की शिकायत**



निशातपुरा इलाके में 25 साल की युवती के साथ युवक ने नाम बदलकर दोस्ती की। फिर उसके साथ शादी का वादा करके शारीरिक संबंध बनाए। फिर शादी न किए जाने के बाद महिला ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। निशातपुरा पुलिस ने बताया कि मुरली नगर स्थित 25 साल की युवती ने शिकायत दर्ज कराई थी। उसने बताया की शादी का झांसा देकर मासूम अली ने बलात्कार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

बताया जाता है आरोपी की पहचान साल 2024 में युवती के साथ हुई थी। बाद में दोनों के बीच कई बार शारीरिक संबंध बनाए। इस बीच उसने शादी करने का हवाला दिया और फिर बाद में मुकर गया। जिसके बाद युवती ने थाने में शिकायत कर दिया पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया।

वही कोलार इलाके में 29 साल की युवती के साथ आरोपी ने दुष्कर्म किया है। आरोपी को पिछले कुछ समय से जानता था। उसके साथ दोस्ती करने के बाद शारीरिक संबंध बनाए।

इस दौरान उसने शादी का वादा किया बाद में मुकर गया। इसके बाद पीड़िता ने थाने में शिकायत दर्ज कराई और आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। फिलहाल दोनों ही बलात्कार के मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

**तहसील कोलार के नए भवन का विधायक ने किया लोकार्पण**

# कोलार तहसील में खुलेगा पंजीयन कार्यालयः रामेश्वर

अब कोलार क्षेत्र की रजिस्ट्रियां इसी कार्यालय में होंगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी की तीसरी तहसील कोलार तहसील के नए भवन का लोकार्पण मंगलवार को किया गया। यह लोकार्पण विधायक रामेश्वर शर्मा ने किया। उन्होंने कहा कि जल्दी ही कोलार के इस कार्यालय में पंजीयन ऑफिस खोला जाएगा, ताकि कोलार क्षेत्र की रजिस्ट्रियां यहीं हो सके। इसी परिसर में बिजली कंपनी के अधिकारियों और पुलिस के एसीपी स्तर के अधिकारी का भी कार्यालय बनाए जा रहे हैं। ताकि यहां पर आने वाला हर व्यक्ति एक साथ अपने सारे काम पूरे करके जाएं। यहां पर वर्तमान में नगर निगम कार्यालय भी संचालित हो रहा है। इस मौके पर कोलार एसडीएम पीसी पांडे, तहसीलदार यशवर्धन सिंह, मंडल अध्यक्ष प्रदीप पाटीदार, स्थानीय पार्षद बबीता डोंगरे, समाजसेवी बीएस बाजपेई सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।



कोलार तहसील के नए भवन का लोकार्पण करते रामेश्वर।

### एसडीएम, तहसीलदार, पटवारी सभी एक ही जगह मिलेंगे

रामेश्वर शर्मा ने बताया कि नए ऑफिस के चालू होने से अब एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, आरआई, पटवारी सहित अन्य लोगों को बैठने के लिए पर्याप्त जगह मिलेगी। अभी तक कोलार तहसील का कार्यालय नगर निगम के जोन कार्यालय में अस्थाई तौर पर चल रहा था।

## खबर संक्षेप

### कार की टक्कर से घायल वृद्ध की मौत

**भोपाल।** पुलिस मुख्यालय और पुलिस पेट्रोल पंप के बीच तेज रफ्तार कार ने सड़क पार कर रहे वृद्ध को टक्कर मार दी। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वहां पांच दिन तक चले इलाज के बाद मौत हो गई। पुलिस ने शव पीएम करके परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार यह सड़क दुर्घटना 3 फरवरी की रात लगभग पौने नौ बजे हुई थी। हादसे में 69 वर्षीय लईक मोहम्मद बुरी तरह से जख्मी हुए थे। वे जहांगीराबाद थाना क्षेत्र में रहते थे। वे पैदल लाल परेड मैदान के पास हरी मजार से कब्रिस्तान जाने की तरफ सड़क पार कर रहे थे। वे फर्नीचर का काम करते थे। पुलिस ने इस मामले में अज्ञात कार चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया था।

### कैलाश नागर बने नागर धाकड़ समाज के सचिव



**औबेदुल्लागंज।** नागर धाकड़ समाज की मुख्य कार्यकारिणी समिति के अध्यक्ष चंद्रसिंह ने कार्यकारिणी घोषणा की। कैलाश नागर डब्बू सचिव पद पर मनोनीत किया है। नारायण पटेल, अशोक पटेल, मोहन पटेल, कालूराम सहित समाज के अन्य लोगों ने बधाई दी।

### हत्या का प्रयास के दोषियों को 3 वर्ष का कारावास

**भोपाल।** धारदार छुरी एवं चाकू मारकर दो युवकों को गंभीर रूप से घायल कर उनकी हत्या का प्रयास करने वाले आरोपीगण अरबाज खान पिता बल्लू रमजानी निवासी- गैस राहत क्वार्टर करोंद भोपाल मप्र एवं निखिल वंशकार पिता जीतू वंशकार निवासी- शिव मंदिर के पास महामाई का बाग भोपाल मप्र को अपर सत्र न्यायाधीश दीपक बंसल ने भादंसं की धारा-324, 326, 341,34 एवं आयुध अधिनियम की धारा- 25 (1-बी) बी के अंतर्गत दोषी ठहराते हुए 3 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 25000 रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

### दुर्गेश को मान रहे नप अध्यक्ष के दावेदार



**औबेदुल्लागंज।** नगर में कांग्रेस नेता दुर्गेश यादव का दबदबा है। ब्लॉक अध्यक्ष इमरत सिंह दरबार, ब्लॉक किसान कांग्रेस अध्यक्ष सूरजमल गौर, आदिवासी ब्लॉक अध्यक्ष मांगीलाल उइके, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष महेश जैन आदि ने दुर्गेश यादव की संगठन की तारीफ करते हुए कहा कि कांग्रेस को दुर्गेश यादव जैसे समर्पित कार्यकर्ता की जरूरत है। दुर्गेश यादव कांग्रेस के अच्छी छवि के नेता हैं, इसीलिए उनको औबेदुल्लागंज नगर परिषद के अध्यक्ष का दावेदार भी माना जा रहा है।

| शुभांक | | | |
| --- | --- | --- | --- |
| कल्याण: | 1736 | | |
| दिन: | 479 | 00 | 244 |
| रात: | 699 | 47 | 467 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 127 | 08 | 116 |
| रात: | 126 | 92 | 138 |

**गुरु सुरैया ने आरोपों से किया इंकार, गुरु की गद्दी की बताई लड़ाई**

# किन्नर गुरु पर धर्मांतरण का आरोप, काजल ग्रुप ने कलेक्टोरेट में किया जबर्दस्त हंगामा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

किन्नरों के डेरा की गद्दी को लेकर एक बार फिर विवाद खड़ा हो गया है। लंबे समय से किन्नरों की गुरु की गद्दी संभालने वाली किन्नर गुरु सुरैया पर एक दर्जन से अधिक किन्नरों ने धर्मांतरण कराने का आरोप लगाया है। इनका कहना है कि गुरु पांच साल पहले हुई किन्नर बरखा की हत्या का डर दिखाकर किन्नरों को इस्लाम धर्म कुबूल करने का दवाब बना रही हैं, जिसको लेकर मंगलवार को एक दर्जन से अधिक किन्नरों ने कलेक्टोरेट पहुंचकर हंगामा किया। कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह के नाम सौंपे ज्ञापन में गुरु सुरैया पर कार्रवाई की मांग की गई है। इधर, किन्नर गुरु सुरैया ने सभी तरह के आरोप झूठे बताते हुए उनकी गद्दी हड़पने का आरोप लगाया है।

किन्नर आखड़ा ने ज्ञापन में बताया कि सुरैया ने मंगलवारा में डेरा की गद्दी पर कब्जा जमा रखा है और कई सालों से अपने हिंदू किन्नर शिष्यों का धर्मांतरण करवा रही हैं। आरोप है कि फर्जी आधार कार्ड बनवाकर गलत काम करने पर मजबूर किया जाता है। इनका कहना है कि गुरु के डर की वजह से वह कही भी बधाइयां लेने नहीं जा रहे है।

*किन्नरों का आरोप-बरखा की हत्या का डर दिखाकर किन्नरों को इस्लाम धर्म कुबूल करने का दवाब बना रहीं गुरु सुरैया*



मंगलवार को एक दर्जन से अधिक किन्नरों ने कलेक्टोरेट में प्रदर्शन करते हुए।



### सभी धर्मों को समान रूप से मानते हैं

हम सभी धर्मों को समान रूप से मानते हैं, इतना ही नहीं सभी जातों से बधाई लेते हैं। हमारा आज का ठिकाना नहीं पीढ़ी दर पीढ़ी चला आ रहा है। मंडीदीप की किन्नर द्वारा अपने सहयोगियों के साथ मिलकर मेरी गद्दी हड़पने का षड़यंत्र रचा जा रहा है।

**सुरैया नायक,**
किन्नर गुरु प्रमुख मंगलवारा

### काजल ग्रुप की यह मांगें

- डेरों में जन्म के आधार पर हिंदू-मुस्लिम की जांच होना चाहिए
- गुरुओं के मृत्यु के बाद रोटी रस्म पर रोक लगे
- सनातन धर्म को मानने वाले किन्नर ही हिंदुओं से बधाई लें
- किन्नरों के आपराधिक रिकॉर्ड की जांच की जाए
- डेरे का नायक हिंदू होना चाहिए
- गद्दी हड़पने रचा षड़यंत्र

## 4-5 युवकों ने विकलांग पर धारदार हथियार से किया जानलेवा हमला

जहांगीराबाद थाना क्षेत्र स्थित एक पेट्रोल पंप पर हुआ विवाद

**भोपाल।** राजधानी भोपाल के जहांगीराबाद थाना क्षेत्र स्थित एक पेट्रोल पंप पर शनिवार रात बदमाशों ने कानून-व्यवस्था को खुली चुनौती दी। मामूली विवाद के बाद 4-5 युवकों ने एक पैर से विकलांग युवक को घेरकर बेरहमी से पीटा और धारदार हथियार से उस पर जानलेवा हमला कर दिया।यह पूरी वारदात पेट्रोल पंप में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। अब इसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि आरोपी किस तरह बेखौफ होकर युवक को चारों ओर से घेरते हैं और उस पर ताबड़तोड़ वार करते हैं। घटना के वक्त मौके पर मौजूद लोग दहशत में आ गए, लेकिन कोई बीच-बचाव की हिम्मत नहीं जुटा सका। पीड़ित की ओर से जहांगीराबाद थाने में शिकायत दर्ज कराई जा चुकी है, लेकिन हैरानी की बात यह है कि घटना के कई दिन बीत जाने के बावजूद अब तक एक भी आरोपी पुलिस गिरफ्त में नहीं आया है। हमले के बाद से आरोपी फरार हैं।

## टीटी नगर पुलिस ने किया छह माह से फरार इनामी आरोपी गिरफ्तार

**आरोपी पर दर्ज हैं 21 आपराधिक प्रकरण**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर में कानून-व्यवस्था मजबूत करने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत टीटी नगर पुलिस ने अड़ीबाजी के एक मामले में फरार चल रहे 2500 रुपए के इनामी आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पिछले छह माह से फरार था और उसकी तलाश में पुलिस लगातार दबिश दे रही थी। टीटी नगर थाना क्षेत्र के अपराध में फरार आरोपी भारत उर्फ बब्बू बाथम के अटल पथ रोड पर घूमने की सूचना मुखबिर से मिली।

सूचना की पुष्टि के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस को देखते ही आरोपी भागने लगा, लेकिन घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया गया। पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम भारत उर्फ बब्बू बाथम, (26) निवासी मकान नंबर 185, ग्वाल मोहल्ला रोशनपुरा, थाना अरेरा हिल्स बताया। पूछताछ में उसने अड़ीबाजी सहित संबंधित धाराओं में अपराध करना स्वीकार किया। आरोपी पर विभिन्न धाराओं में दर्ज प्रकरण में फरार था। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे केंद्रीय जेल भोपाल भेज दिया गया। पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक भारत उर्फ बब्बू बाथम के खिलाफ कुल 21 आपराधिक मामले दर्ज हैं।

## धोखाधड़ी कर जमीन बेचने वाले दोषी को तीन वर्ष का कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पूर्व में विक्रय की जा चुकी कृषि भूमि को धोखाधड़ी कर पुनः बेचने वाले आरोपियों मेहताब बाई एवं उसके 3 पुत्रों सुजन सिंह, भैरो सिंह एवं जीवन सिंह निवासी ग्राम बरखेड़ा पठानी भेल भोपाल मप्र को अपर सत्र न्यायाधीश जयंत शर्मा ने भादंसं की धारा-420 सहपठित धारा-34 के अंतर्गत दोषी ठहराते हुए 3 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 1000-1000 रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। प्रकरण में अभियोजन की ओर से अतिरिक्त जिला लोक अभियोजक अनिल शुक्ला द्वारा पैरवी की गई थी। प्रकरण के सहआरोपी हरिचरण की सुनवाई के दौरान मृत्यु हो गई है। अभियोजन के अनुसार आरोपियों ने 20 जुलाई 2012 को परिवादी जगदीश पटेल एवं माधुरी पटेल ने न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी के न्यायालय में परिवाद प्रस्तुत किया था। परिवाद में बताया था कि अभियुक्त हरिचरण ने परिवादी को आरोपी मेहताब बाई व उसके 3 पुत्रों सुजन सिंह,भैरो सिंह एवं जीवन सिंह की ग्राम बरखेडा पठानी की 53 एकड़ कृषि भूमि बेचने का प्रस्ताव दिया था।

## नगर परिषद ने वार्ड पांच में किया विशेष वसूली शिविर आयोजित

**शिविर में करीब 1 लाख रुपए का प्राप्त हुआ राजस्व**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज



मुख्य नगर पालिका अधिकारी किरण राहंगडाले के के निर्देशानुसार अनुसार वार्ड 5 लोधी मोहल्ला में विशेष वसूली शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें वार्ड 5, एवं 4 के करदाता आए और अपना संपत्ति कर, जलकर, दुकान किराया की राशि जमा की। इस शिविर में करीब 1 लाख का राजस्व प्राप्त हुआ।

वार्ड 7 उमरिया में संकल्प से समाधान, पीएम सम्मान निधि स्वाभिमान भी पखवाड़ा, एवं प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना का कैंप का आयोजन किया गया। शिविर का वरिष्ठ कार्यालय से आए अधिकारी द्वारा निरीक्षण किया गया और वार्ड वासियों को योजनाओं से संबंधित जानकारी दी। वार्डवासियों ने कैंप में आकर अपने फॉर्म भरे और योजना का लाभ लिया। इस कार्यक्रम में कर्मचारी सुभाष सराठे, कन्हैया धुर्वे, प्रशांत चौकसे, सन्नी अग्रवाल, आशीष यादव, राजकुमार शर्मा, उमेश चंदेल, राकेश माहेश्वरी, संजय बाजपेई, जितेंद्र सरसवाल, प्रमोद कुमार पांडे आदि उपस्थित रहे।


## मंडीदीप में छठ घाट कलियासोत और भोजपुर में बेतवा नदी के विसर्जन स्थल पर की सफाई

**रायसेन कलेक्टर अरुण कुमार ने दिए थे सफाई के निर्देश**

*इंडस्ट्रियल वेस्ट को नदियों में मिलने से रोकने संबंधितों को दिया नोटिस*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

जिले के बेतवा नदी के उद्गम स्थल झिरी और बेतवा व सहायक नदी कालियासोत के मार्ग में डोमेस्टिक और इंडस्ट्रियल प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा के निर्देशानुसार मंगलवार को छठ घाट कलियासोत मंडीदीप और भोजपुर में बेतवा नदी विसर्जन स्थल पर सफाई कार्य प्रारंभ किया गया है। इसके साथ ही जिन कारखाने से इंडस्ट्रियल वेस्ट नदियों में मिल रहा है, उनको भी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की तरफ से नोटिस जारी करते हुए उनको चेतावनी दी गई है कि अपने ड्रेनेज को नदी में मिलने से रोकने के लिए 7 दिन में प्रबंध करें। इस कार्य में प्रशासन के साथ नगर पालिका मंडीदीप और पंचायतों की टीम भी लगी हुई है, साथ ही प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड का भी सहयोग रहा।





### स्व. देवेंद्र गुप्ता की स्मृति में निकलेगी भव्य शिव बारात



**औबेदुल्लागंज।** शिव शक्ति धर्मात्र उत्सव समिति के तत्वावधान में 15 फरवरी रविवार को महाशिवरात्रि के अवसर पर भव्य शिव बारात निकाली जाएगी। यह आयोजन स्वर्गीय देवेंद्र गुप्ता की पुण्य स्मृति में किया जा रहा है। आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं एवं आयोजन समिति तैयारियों में लगे हुए हैं। शिव बारात में डीजे, ढोल और भक्ति संगीत के साथ नगर भ्रमण किया जाएगा। आयोजन को भव्य स्वरूप देने के लिए नगर के युवाओं व समाजसेवियों द्वारा सजावट, रूट तय करने एवं व्यवस्था संभालने की जिम्मेदारी संभाली जा रही है।



### पंडित लक्ष्मीचंद इज़ारदार का मनाया 90वां जन्मदिन

**औबेदुल्लागंज।** जैन समाज के प्रतिष्ठित पंडित लक्ष्मीचंद इज़ारदार मंगलवार को 90 वर्ष के हो गए। उनके जन्मदिन पर श्री भक्तांबर का पाठ एवं मंदिर में विश्व शांति धारा की। 90 वर्ष की उम्र में भी वे स्वस्थ्य हैं। उनके 90 वर्ष पूर्ण होने पर केक काटा कर लोगों ने बधाई दी। इस दौरान विजय जैन, केटी अनुराग जैन, एलसी जैन, तरुण जैन, पवन जैन, वरिष्ठ पत्रकार ऋषभ जैन, रितेश जैन, बच्चू लाल जैन, सुनील वर्धमान, सुनील जैन तामोट, मीना तामोट, महिला मंडल अध्यक्ष आशा रानी, बंटी शिरोमणि, आकाश जैन, नीति जैन, दिनेश गुड्डन जैन, रवि जैन आदि ने बधाई दी ।

**जमीन मालिक चार भाइयों ने सोसाइटी अध्यक्ष पर लगाया आरोप**

# पुष्प मयूर हाउसिंग सोसाइटी ने हड़पी साढ़े 5 एकड़ जमीन

जनसुनवाई में अपर कलेक्टर प्रकाश नायक ने उपायुक्त सहकारिता को सौंपी जांच, नामांतरण निरस्त करने की रखी मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पुष्प मयूर हाउसिंग सोसाइटी के अध्यक्ष नवाब खान पर फर्जीवाड़ा करने का आरोप लगाया है। जिसमें कहा गया है कि तीन अलग-अलग रजिस्ट्री कर साढ़े पांच एकड़ जमीन हड़पी गई है। मंगलवार को मुबारक होम्स एयरपोर्ट रोड लालघाटी निवासी बुजुर्ग अमान उल्ला, जफर उल्ला, नासिर मोहम्मद, रहमान उल्ला पिता असद उल्ला ने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई।





जनसुनवाई में अपर कलेक्टर प्रकाश नायक लोगों की परियाद सुनते हुए।

पीड़ितों ने बताया कि उनकी जमीन को फर्जी तरीके से हड़पकर पुष्प मयूर हाउसिंग सोसाइटी के नाम ट्रांसफर किया गया है, जिसे वापस दिया जाए। जनसुनवाई कर रहे अपर कलेक्टर प्रकाश नायक ने मामले की जांच उपायुक्त सहकारिता आरएस विश्वकर्मा को सौंपी है। बुजुर्गों ने बताया कि पुष्प मयूर हाउसिंग सोसाइटी ग्राम खुदागंज में सवा तेरह एकड़ जमीन अमान उल्ला, जफर उल्ला, नासिर मोहम्मद, रहमान उल्ला पिता असद उल्ला के नाम पर वर्ष-1981 से दर्ज थी, जिसमें से साढ़े पांच एकड़ जमीन सोसाइटी के अध्यक्ष नवाब खान पिता मोहम्मद खान निवासी बैंड मास्टर चौराहा सुल्तानिया रोड बुधवारा द्वारा फर्जीवाड़ा कर हड़प ली। आरोप है कि वर्ष-1985 में अलग-अलग तीन रजिस्ट्री कर 5.50 एकड़ जमीन को फर्जी तरीके से हाउसिंग सोसाइटी के नाम दर्ज करा ली गई है। पीड़ितों का कहना है कि शिकायत के बाद भी अध्यक्ष पर कार्रवाई नहीं की जा रही है।

### फर्जी महिला ने कराई रजिस्ट्री

फर्जी महिला ने रजिस्ट्री करा दी, इसके बाद अपर तहसीलदार हुजूर के यहां नामांतरण का आवेदन पेश कर दिया गया। जमीन के वारिस को जब इसकी जानकारी लगी तो उसने आपत्ति भी लगाई, लेकिन अपर तहसीलदार हुजूर आलोक पारे ने नामांतरण कर दिया। जीतेंद्र यादव पिता भगवान यादव निवासी जहांगीराबाद का कहना है कि महिला के खिलाफ कोहेफिजा थाने में धोखाधड़ी का केस दर्ज होने के बाद भी तहसीलदार ने नामांतरण किया है। पीड़ति ने बताया कि मेरे दादा के नाम आठ एकड़ जमीन ग्राम सागोनी गुनगा में है। जिसमें शारदा बाई पुत्री भवानी प्रसाद निवासी जहांगीराबाद ने मेरी जमीन को फर्जी तरीके से पूजा कुमारी को बेच दिया है। पीड़ित का कहना है कि आपत्ति के बाद भी अगस्त 2025 में मेरी जमीन का नामांतरण पूजा कुमारी के नाम कर दिया। मामले की शिकायत ईओडब्ल्यू में भी की गई है। जिसको लेकर दो महीने पहले पत्र भी कलेक्टर को लिखा है।

## छोला मंदिर थाने में दो महिलाओं ने किया जमकर हंगामा

**पुलिस ने आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विवाहेत्तर संबंध को लेकर रविवार को छोला मंदिर थाने में भारी हंगामा हुआ। थाने में दो महिलाएं एक-दूसरे पर आरोप लगाकर भारी हंगामा किया। पूरी तफ्तीश के बाद कहानी समझी तो पुलिस को एक महिला के खिलाफ प्रकरण दर्ज करना पड़ा। मामला सोशल मीडिया से जुड़ा है।

पुलिस के अनुसार आरोपी महिला के खिलाफ अपशब्द कहने, धमकाने, और नाबालिग की तस्वीर का गलत इस्तेमाल करने का प्रकरण दर्ज किया है। आरोपी महिला के पति का जिस महिला के साथ विवाहेत्तर संबंध हैं उसकी बारह साल की बेटी की तस्वीर का गलत इस्तेमाल किया गया था। आरोपी महिला का कहना था कि वह उसके पति के साथ अवैध संबंध रखती हैं, लेकिन महिला का कहना था कि वह उससे सिर्फ बातचीत करती है, जिसके गलत मतलब आरोपी महिला निकालती है।

इसके बावजूद उसका मामला होने पर भी उसने नाबालिग बेटी की तस्वीर का गलत इस्तेमाल करके उसको अभद्र बातें लिखकर धमकाया गया। उसको बस्ती में भी उसने बदनाम कर दिया है। पुलिस का कहना है कि आरोपी महिला को नोटिस देकर गिरफ्तार कर लिया गया है।

# 52वां खजुराहो नृत्य समारोह 20 से: सृजन का प्रतीक 'नटराज थीम' पर होगा समारोह, पहली बार होगा 'खजुराहो कार्निवाल'

## 7 पद्मश्री एवं 6 संगीत नाटक अकादमी अवॉर्डी नृत्य कलाकारों के साथ ही उदीयमान कलाकारों की प्रस्तुतियां

### 26 फरवरी तक होंगे कई सांस्कृतिक आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नृत्य, लय और सृजन का प्रतीक 'नटराज थीम' पर इस बार 52वां खजुराहो नृत्य समारोह 20 से 26 फरवरी तक कंदरिया महादेव एवं जगदंबा मंदिर परिसर, खजुराहो में आयोजित किया जाएगा। जीवंत एवं समावेशी सांस्कृतिक उत्सव के रूप में खजुराहो नृत्य समारोह में पहली बार 'खजुराहो कार्निवाल' भी आयोजित होगा। सात दिवसीय अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त आयोजन में देश के सुप्रतिष्ठित तथा उदीयमान नर्तक, नृत्यांगनाएं अपनी साधनारत प्रस्तुतियों से भारतीय शास्त्रीय नृत्य की विविध परम्पराओं को मंच पर साकार करेंगी। समारोह में सात पद्मश्री एवं छह संगीत नाटक अकादमी अवॉर्डी नृत्य कलाकारों के साथ ही उदीयमान कलाकारों की प्रस्तुतियां भी खास रहेंगी।



प्रेसवार्ता में संस्कृति विभाग के अपर मुख्य सचिव शिवशेखर शुक्ला जानकारी देते हुए।

यह जानकारी एक होटल में आयोजित प्रेसवार्ता में संस्कृति विभाग के अपर मुख्य सचिव शिवशेखर शुक्ला ने दी। इस अवसर पर मप्र पर्यटन विभाग के सचिव एवं प्रबंध संचालक मप्र पर्यटन बोर्ड डॉ. इलैयाराजा टी, संचालक संस्कृति एन.पी. नामदेव, प्रबंध संचालक, मप्र राज्य पर्यटन विकास निगम के प्रबंधक संचालक दिलीप यादव आदि अधिकारी मौजूद थे।

### राष्ट्रीय बाल नृत्य महोत्सव में सैकड़ों बाल कलाकार देंगे प्रस्तुति

उन्होंने बताया कि 'खजुराहो कार्निवाल' का उद्देश्य भारत के विभिन्न राज्यों की समृद्ध लोक कलाओं, लोक नृत्यों, पारम्परिक शिल्पों एवं सांस्कृतिक अभिव्यक्तियों को प्रदर्शित करना है। कार्निवाल में 10 राज्यों की सहभागिता होगी, जिसमें सभी राज्यों के कलादलों द्वारा पारम्परिक नृत्य प्रस्तुतियां दी जाएंगी। समारोह में राष्ट्रीय बाल नृत्य महोत्सव का भी आयोजन मेला परिसर में होगा, जिसमें देशभर के 10 से 16 वर्ष आयु वर्ग बाल नृत्य कलाकारों को एक राष्ट्रीय मंच प्रदान किया जा रहा है, जिसमें विविध शास्त्रीय नृत्य विधाओं में 310 आवेदन देश भर से प्राप्त हुए हैं।

### भारतीय शास्त्रीय नृत्यों की उत्कर्ष प्रस्तुतियों से सजेगा महोत्सव

उस्ताद अलाउद्दीन खां संगीत एवं कला अकादमी के निदेशक प्रकाश सिंह ठाकुर ने बताया कि मंदिरों के मध्य निर्मित भव्य मंच पर कथक, भरतनाट्यम, ओडिसी, कुचिपुड़ी, मोहिनीअट्टम, कथकली, मणिपुरी एवं छाऊ जैसी शास्त्रीय नृत्य शैलियों की प्रस्तुतियां होंगी। साथ ही महोत्सव के प्रथम दिन सांस्कृतिक रैली का भी आयोजन होगा। इस रैली में विभिन्न विधाओं एवं परंपराओं के नृत्य कलाकार खजुराहो के विभिन्न मार्गों से होते हुए मुख्य कार्यक्रम स्थल तक पहुंचेंगे।

---

## संस्कार भारती में वीणा सहस्त्रबुद्धे की स्मृति में गायन सभा का आयोजन

# संगीत सभा वीणा-स्मरण में अनुश्री और उर्वशी शाह के स्वरों ने रच दिया सुरीले सुरों का संसार

### मन मोह लेने वाले भजनों ने कराई संगीत की अनंत यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

संस्कार भारती के सहयोग से कला समूह द्वारा आयोजित शास्त्रीय संगीत को समर्पित संगीत सभा वीणा-स्मरण में भोपाल की युवा गायिका अनुश्री संगमनेकर ने मन मोह लेने वाले गायन से जो शुरुआत की। उसे पुणे से आई उर्वशी शाह ने साधना से तैयार परिष्कृत गायन से संगीत सभा को उचाइयों तक पहुंचाया। ग्वालियर घराने की मुर्धन्य गायिका विदुषी वीणा सहस्त्रबुद्धे की स्मृति में आयोजित इस वार्षिक आयोजन में मंच पर सबसे अनुश्री ने राग मारु बिहाग में दो बंदिशे प्रस्तुत की। विलंबित रचना सकल गुनी जाने, एकताल में और मध्यलय रचना गाऊं गुणन कैसे तुमरों एकताल में निबद्ध थी।



संगीत सभा में प्रस्तुति देती अनुश्री संगमनेकर।

### बाजे रे मुरलिया बाजे से किया समापन

अनुश्री के स्वरों के उतार चढ़ाव और लयकारी को उपस्थित सुधी श्रोताओं ने काफी सराहा। अनुश्री ने अपने गायन का समापन सुप्रसिद्ध भजन बाजे रे मुरलिया बाजे से किया। अनुश्री के साथ तबले पर अभय मिश्रा और हारमोनियम पर राजेश भट ने सुमधुर संगत की।


संगीत सभा वीणा-स्मरण में कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

### विलंबित रचना अनहत नाद की दी प्रस्तुति


उर्वशी शाह की प्रस्तुति।

तत्पश्चात मंच पर आई पुणे की उर्वशी शाह जिन्होंने अपने गायन का आरम्भ राग शंकरा से किया एक ताल में रची विलंबित रचना अनहत नाद को भेद बखाने और तीन ताल में रचित द्रुत बंदिश शंकर भंडार खोले ने माहौल को संगीत की अनंत यात्रा में लें जाने का माध्यम बनाया।

### सिद्ध भजो से कराया आध्यात्मित संसार में विचरण

उल्लेखनीय है कि उर्वशी शाह वीणा सहस्त्र बुद्धे की ही शिष्या है। गुरु के चरणों में अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उर्वशी ने राग जोग में दो बंदिशें प्रस्तुत की। मध्यलय झपताल की बंदिश बात बनावत थी और तराना तीनताल में निबद्ध था। गायन का समापन करते हुए उर्वशी ने राग चारुकेशी पर आधारित निर्गुणी भजन सिद्ध भजो से श्रोताओं को आध्यात्म के संसार में भी विचरण कराया।

---

## रंग श्री लिटिल बैले ट्रूप में नाटक 'खामोश अदालत जारी है' का मंचन

# व्यक्तिगत अहम किसी को, कहीं भी, कितना नीचे ले जा सकता है...


नाटक 'खामोश अदालत जारी है', का मंचन करते कलाकार।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

व्यक्तिगत अहम किसी को, कहीं भी, कितना नीचे ले जा सकता है... व्यक्ति का यही अहम उसे काफी नीचे धकेल देता है तो वहीं दूसरी ओर कई बार यही अहम रिश्तों को भी खा जाता है। व्यक्ति अहम की इसी स्थिति को दर्शाता नाटक 'खामोश अदालत जारी है', का मंचन मंगलवार शाम रंग श्री लिटिल बैले ट्रूप में हुआ। इस नाटक में खामोशी के साथ कई मुद्दों की बात की। नाटक में दिखाया कि किसी का भी चरित्र उसकी व्यक्तिगत समस्या है और उसका दंड वो क्या भुगतेगा, ये वो व्यक्ति स्वयं तय करेगा। कोई तीसरा इस विषय में कोई भी दंड क्यों सुनाएगा। वर्ष 1963 में लिखे इस नाटक में विजय तेंदुलकर बहुत सुंदर और निष्ठुर तरीके से इस बात को कहते हैं। नाटक की परिकल्पना और निर्देशन वरिष्ठ रंगकर्मी सुनील राज का है।

### कथासार

नाटक में दिखाया कि मिस बैनारे एक चंचल स्वभाव की अभिनेत्री है, पर जब उसे अपने से अधिक उम्र के व्यक्ति से प्रेम में धोखा मिलता है, तब जबकि वो गर्भवती है तो ऐसे में वो उस दर्द को चुपचाप सहन करके साहस के साथ आगे बढ़ती है। लेकिन मिस बैनारे के नाटक मंडली के साथी कलाकार एक झूठे मुकदमे का नाटक खेल कर बातों ही बातों में उसकी इस सच्चाई को निर्लजता के साथ सार्वजनिक करते हैं और इस प्रकार इस नाटक में समाज के खोखले आदर्शवाद को उजागर किया गया।

### अलग-अलग किरदारों को जीवंत करते आठ कलाकार

मिस बैनारे की बड़ी उलझी यही भूमिका है, जिसमें वो कभी बहुत चंचल और मासूम तो कभी परिपक्व और दुख के सागर को पार करती हुई लड़की है। पल-पल बदलते इस चरित्र को आरती विश्वकर्मा बहुत शिद्दत और वास्तविकता के साथ मंच पर जीती हैं। इस किरदार के साथ आरती दुःख और तनाव की एक लंबी यात्रा करती है, जो बहुत कठिन है पर उनके अभिनय की सहजता ही किरदार को आसान बनाती है।

---

# विजयदत्त श्रीधर के कृतित्व पर चंद्रमणि को पीएचडी

**भोपाल।** महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिन्दी विवि, वर्धा ने शोध अध्येता चंद्रमणि के शोध 'प्रबंध विजयदत्त श्रीधर की पत्रकारिता में इतिहास बोध' पर पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। राष्ट्रीय बौद्धिक धरोहर के संरक्षण के लिए माधवराव सप्रे संग्रहालय एवं शोध संस्थान की स्थापना तथा पत्रकारिता विषयक ग्रंथों के शोध-प्रलेखन के लिए विजयदत्त श्रीधर को पद्मश्री सहित अनेक राष्ट्रीय सम्मानों से अलंकृत किया गया है।



शोध-छात्र चंद्रमणि ने उनके बहुआयामी कृतित्व को चार अध्यायों में बांटकर अध्ययन किया है। ये अध्याय हैं विजयदत्त श्रीधर के लेखन और संपादन में इतिहास बोध, विजयदत्त श्रीधर की पत्रकारिता सामाजिक सरोकार और लोक-चेतना, बौद्धिक धरोहर संदर्भ संपदा का दस्तावेजीकरण तथा स्वतंत्रता परवर्ती पत्रकारिता का अनुशीलन विजयदत्त श्रीधर की भूमिका। यह शोध अध्ययन हिन्दी विश्वविद्यालय, वर्धा के जनसंचार विभाग के प्रोफेसर डॉ. कृपाशंकर चौबे के मार्गदर्शन में किया गया है।

---

## समापन अवसर पर 50 से अधिक प्रतिभागी उपस्थित रहे

# आईईएचई में हरित रसायन पर छह दिनी कार्यशाला का सफल समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान (आई.ई.एच.ई.), भोपाल के रसायन शास्त्र विभाग द्वारा पर्यावरण अनुकूल अंतर्विषयी पर्सनल केयर उत्पाद, साबुन एवं डिटर्जेंट निर्माण की हरित रसायन विधि विषय पर आयोजित छह दिवसीय कार्यशाला का समापन संस्थान के संचालक एवं मार्गदर्शक की अध्यक्षता में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

इस अवसर पर विषय विशेषज्ञ डॉ. गजाला आफताब, डॉ. खुसनूर अहमद, विभागाध्यक्ष डॉ. संध्या त्रिवेदी (संयोजक), डॉ. गीता वर्मा, डॉ. आर.के. श्रीवास्तव, डॉ. निधि चौहान, डॉ. पल्लवी गुप्ता सहित विभिन्न विभागों से 50 से अधिक प्रतिभागी उपस्थित रहे। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, हरित रसायन के सिद्धांतों का प्रचार-प्रसार तथा विद्यार्थियों को व्यावहारिक एवं कौशल-आधारित ज्ञान प्रदान करना था। संस्थान के संचालक ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत स्टार्टअप एवं उद्यमिता विकास के संदर्भ में ऐसी कार्यशालाओं को अत्यंत उपयोगी एवं समय की आवश्यकता बताया।


हरित रसायन विधि विषय पर आयोजित छह दिवसीय कार्यशाला में उपस्थित विशेषज्ञ।

---

# एमसीयू में रेडियो दिवस पर दो दिवसीय वर्कशॉप कल से

**भोपाल।** माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विवि के सामुदायिक रेडियो स्टेशन रेडियो कर्मवीर 90.0 एफएम की री-लांचिंग और दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन 12 एवं 13 फरवरी को किया जा रहा है।

रेडियो कर्मवीर जो करता है जन गण मन की बात, विश्वविद्यालय के छात्रों को व्यावहारिक अनुभव प्रदान करने और समुदाय के साथ जोड़ने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। 13 फरवरी रेडियो दिवस के अवसर पर ख्यातनाम उद्घोषक कमल शर्मा (आकाशवाणी, मुंबई), शैफाली चतुर्वेदी (पूर्व पत्रकार, बीबीसी) और प्रख्यात आरजे अनादि अपने अनुभव साझा करेंगे। इस दो दिवसीय कार्यशाला में रेडियो पत्रकारिता, सामुदायिक रेडियो के महत्व और व्यावसायिक कौशल पर विशेष सत्र आयोजित किए जाएंगे।

---

## मानव संग्रहालय में आज होगा आयोजन

# नटराज नृत्य के देव पर आधारित कलमकारी चित्रकला का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मानव संग्रहालय में माह के प्रादर्श में 11 फरवरी को शाम 4 बजे नटराजः नृत्य के देव-श्रीकालहस्ती की पारंपरिक कलमकारी चित्रकला का विशेष प्रदर्शन किया जाएगा। इस कार्यक्रम के संयोजक डॉ पी. शंकर राव, असिस्टेंट क्यूरेटर द्वारा किया जा रहा है। प्रदर्शित कलाकृति शिव नटराज-द लॉर्ड ऑफ डांस आंध्र प्रदेश के तिरुपति जिले के पवित्र मंदिर नगर श्रीकालहस्ती से जुड़ी कलमकारी परंपरा का उत्कृष्ट उदाहरण है। यह कला लगभग 3000 वर्ष पुरानी मानी जाती है और प्राकृतिक रंगों तथा बाँस की कलम (कलम) से सूती कपड़े पर किए गए मुक्तहस्त चित्रांकन के लिए विश्वविख्यात है।

### शोध विशेषज्ञ डॉ. अल्पना त्रिवेदी के शोध ग्रंथ का लोकार्पण कल

**भोपाल।** भूगोल की प्राध्यापक एवं शोध विशेषज्ञ डॉ. अल्पना त्रिवेदी के शोध ग्रंथ 'भौगोलिक दृष्टिकोण से महाभारत' का लोकार्पण आगामी 12 फरवरी से होने वाले राष्ट्रीय शोधार्थी समागम में होने जा रहा है। डॉ. अल्पना ने दो वर्ष के शोध के बाद इस पुस्तक को लिखा है। उन्होंने यह शोधकार्य इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस स्टडी, शिमला में फेलो के रूप में सम्पन्न किया है। लेखिका के अनुसार इस पुस्तक में 'महाभारत' का पहली बार विवेचन अकादमिक दृष्टि से किया गया है। इसमें भारत के पर्वत-नदियां, वन प्रांतर आदि के बारे में विस्तार से लिखा गया है।

---

## राजधानी की खबरें

# आगामी नगरीय निकाय एवं पंचायत निर्वाचन में होगा सूचना प्रौद्योगिकी का बेहतर प्रयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र राज्य निर्वाचन आयोग आगामी नगरीय निकाय एवं पंचायत आम निर्वाचन-2027 में सूचना प्रौद्योगिकी का बेहतर उपयोग करेगा। इससे निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव कराने में मदद मिलेगी। राज्य निर्वाचन आयुक्त मनोज श्रीवास्तव ने मंगलवार को इस कार्य की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सभी तैयारियां समय-सीमा में पूरी करें।

■ राज्य निर्वाचन आयुक्त श्रीवास्तव ने की समीक्षा

बैठक में केन्द्र सरकार की संस्था एनआईसीएसआई के प्रतिनिधि ने स्थानीय निर्वाचन में मतदाता, मतदान, ट्रेकिंग टूल, लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम, इलेक्ट्रॉनिक एवं एआई आधारित मतदाता सूची एवं मतदाता सत्यापन सहित अन्य सूचना प्रौद्योगिकी से संबंधित विषयों पर विस्तार से प्रेजेंटेशन दिया। उन्होंने आयोग के अधिकारियों की शंकाओं का समाधान भी किया। सचिव राज्य निर्वाचन आयोग दीपक सिंह ने कहा कि राज्य निर्वाचन आयोग की निर्वाचन प्रक्रिया भारत निर्वाचन आयोग से कुछ पृथक है। अतः इसे ध्यान में रखकर ऐप बनायें। बैठक में राज्य निर्वाचन आयोग के अधिकारी उपस्थित थे।

---

## मध्यप्रदेश पुलिस का ऑपरेशन मुस्कान के तहत प्रहार

# 5 दिन में राजस्थान, उत्तरप्रदेश के कई जिलों से 27 नाबालिग बालक-बालिकाएं को किया रेस्क्यू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश पुलिस ने महिला एवं बाल सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता के तहत ऑपरेशन मुस्कान के अंतर्गत प्रदेश के विभिन्न जिलों में अपहत एवं गुमशुदा नाबालिग बालक-बालिकाओं की खोज कर सशक्त कार्रवाई की है। 5 दिनों में पुलिस टीम ने प्रदेश के विभिन्न जिलों से 27 नाबालिग गुमशुदा बालक-बालिकाओं को रेस्क्यू कर परिजनों को सौंपा है। वहीं जिले में ऑपरेशन मुस्कान के अंतर्गत कुल 05 नाबालिग बालक-बालिकाओं की बरामदगी की गई है। कोतवाली थाना क्षेत्र में अपहत नाबालिग बालक को मात्र 10 घंटे के भीतर सुरक्षित दस्तयाब कर परिजनों को सुपुर्द किया गया।

थाना तेंदुआ पुलिस ने दो नाबालिक बालिका एवं थाना सुभाषपुरा पुलिस ने एक अपहत नाबालिग बालिका को जयपुर, राजस्थान से सकुशल दस्तयाब कर आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया। इसके अतिरिक्त थाना नरवर पुलिस ने भी अपहत नाबालिग बालिका को सुरक्षित परिजनों के सुपुर्द किया।

- **सीहोर**-जिले में 04 नाबालिग बालिकाओं की दस्तयाबी की गई है। थाना आष्टा, जावर, रेहटी एवं भैरूंदा पुलिस द्वारा गठित टीमों ने तकनीकी सहायता से नाबालिग बालिकाओं को सुरक्षित दस्तयाब कर परिजनों को सुपुर्द किया, साथ ही अपहरण के मामलों में आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया।
- **सीधी**-थाना कोतवाली क्षेत्र में चीता मोबाइल टीम द्वारा 3 वर्षीय मासूम बच्ची को सुरक्षित परिजनों को सौंपा गया। वहीं थाना मझौली पुलिस द्वारा महाराष्ट्र एवं गुजरात से दो नाबालिग बालिकाओं को दस्तयाब कर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।
- **विदिशा**- जिले में ऑपरेशन मुस्कान के अंतर्गत कुल 2 नाबालिग बालिकाओं को दस्तयाब किया गया। शमशाबाद एवं गंजबासौदा थाना पुलिस द्वारा घर से नाराज होकर चली गई नाबालिग बालिकाओं को त्वरित, संवेदनशील एवं मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए सकुशल दस्तयाब कर परिजनों से मिलाया।
- **अशोकनगर, बैतूल** -जिले में थाना ईसागढ़ पुलिस द्वारा दो अलग अलग कार्रवाई करते हुए दो नाबालिग बालिकाओं को सकुशल दस्तयाब कर परिजनों से मिलाया। जिले में ऑपरेशन मुस्कान के अंतर्गत 02 नाबालिग बालिकाओं की दस्तयाबी की गई है। थाना कोतवाली बैतूल पुलिस द्वारा दोनों नाबालिग बालिकाओं को सुरक्षित दस्तयाब कर उनके परिजनों को सुपुर्द किया गया।

### उज्जैन

जिले में ऑपरेशन मुस्कान के अंतर्गत थाना भाटपचलाना पुलिस द्वारा राजस्थान के सांवलियाजी से दो बालिकाओं को सकुशल दस्तयाब कर अपहरण में प्रयुक्त वाहन जब्त किया गया तथा 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

### कटनी , उमरिया

जिले में कुल 02 नाबालिग बालिकाओं की दस्तयाबी की गई है। थाना बरही पुलिस द्वारा दोनों बालिकाओं को दस्तयाब किया गया। थाना मानपुर पुलिस टीम ने लगभग 1200 किलोमीटर दूर सिलवासा (दादर एवं नगर हवेली) से 15 वर्षीय गुमशुदा बालिका को दस्तयाब किया।

### मंदसौर

थाना दलौदा पुलिस ने 150 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की जांच कर 700 किमी दूर ग्रेटर नोएडा,से 16 वर्षीय अपहृत बालिका को आरोपी के कब्जे से दस्तयाब कर आरोपी को गिरफ्तार किया है। वहीं दतिया, देवास एवं बड़वानी पुलिस ने 1-1 अपहृत नाबालिग बालिका को बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया है।

---

# दस महीने में ट्रेनों में टिकट चैकिंग अभियान के दौरान 5.20 लाख मामले पकड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रेल मंडल के वाणिज्य विभाग ने वर्तमान वित्तीय वर्ष में अबतक दस माह अप्रैल एवं जनवरी, 2026 तक में टिकट जांच के दौरान बिना टिकट, अनुचित टिकट लेकर यात्रा करने वाले एवं बिना बुक गए सामान सहित कुल 5,19,949 मामलों से 33.19 करोड़ रुपए अर्जित किए, जिसमें बिना टिकट के 2,56,509 मामले, अनुचित टिकट के 2,61,026 मामलें एवं 2414 बिना बुक गए सामान के मामलें शामिल है।

**जनवरी माह में 45,376 मामलें पकड़े, 2.7 करोड़ रुपए जुर्माना वसूला**

जनवरी माह में टिकट चैकिंग अभियान के दौरान बिना टिकट के 21,628 मामलें, अनुचित टिकट के 23,399 मामलें एवं 349 बिना बुक गए सामान के मामलें पकड़े गए, जिससे भोपाल रेल मंडल को केवल जनवरी माह में 45,376 मामलों से कुल 2.7 करोड़ रूपए का राजस्व प्राप्त हुआ। इससे भोपाल रेल मंडल के आय में बढ़ोत्तरी हुई।

## कोर्ट ने अपील दाखिल करने के लिए अतिरिक्त समय दिया

# याचिकाकर्ता ने इसके माध्यम से किया केवल सनसनी फैलाने का प्रयास, दिल्ली विश्वविद्यालय को दिया 3 सप्ताह का अतिरिक्त समय

### प्रधानमंत्री मोदी की डिग्री पर दिल्ली हाईकोर्ट में सुनवाई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की शैक्षणिक डिग्री से जुड़ी जानकारी के खुलासे को लेकर चल रहे मामले में दिल्ली हाईकोर्ट ने मंगलवार को दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) को बड़ी राहत दी। कोर्ट ने अपील दाखिल करने में हुई देरी पर आपत्ति दर्ज कराने के लिए विश्वविद्यालय को तीन सप्ताह का अतिरिक्त समय दे दिया। मुख्य न्यायाधीश डीके उपाध्याय और न्यायमूर्ति तेजस करिया की खंडपीठ ने कहा जैसा कि प्रार्थना की गई है, देरी माफ करने से संबंधित आवेदन पर आपत्ति दाखिल करने के लिए 3 सप्ताह का समय दिया जाता है। मामले की अगली सुनवाई 27 अप्रैल को होगी।

अगली सुनवाई 27 अप्रैल को होगी



#### नोटिस जारी करना दिखावे के लिए नहीं हो सकता

अपीलकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ वकील ने कोर्ट को बताया कि करीब ढाई महीने बीत जाने के बावजूद डीयू ने देरी पर आपत्ति दाखिल नहीं की है। उन्होंने कहा कि यह देरी केवल 15 से 45 दिनों की है, जिसे अदालत आसानी से माफ कर सकती है। वकील ने यह भी मांग की कि यदि दिल्ली विश्वविद्यालय मुख्य अपील पर जवाब देना चाहता है, तो कोर्ट औपचारिक नोटिस जारी करे। इस पर सॉलिसिटर जनरल मेहता ने आपत्ति जताते हुए कहा नोटिस जारी करना सिर्फ सनसनी फैलाने के लिए नहीं हो सकता।

#### एकल न्यायाधीश का अहम फैसला

एकल न्यायाधीश ने अपने फैसले में कहा था कि केवल सार्वजनिक पद पर होने के कारण किसी व्यक्ति की सभी व्यक्तिगत जानकारियां सार्वजनिक नहीं की जा सकतीं। कोर्ट ने साफ कहा कि आरटीआई कानून का उद्देश्य सरकारी कामकाज में पारदर्शिता लाना है, न कि सनसनी के लिए सामग्री उपलब्ध कराना। अदालत ने यह भी टिप्पणी की थी कि यदि किसी सार्वजनिक पद के लिए शैक्षणिक योग्यता अनिवार्य होती, तो स्थिति अलग हो सकती थी। इसी आधार पर सीआईसी के रुख को पूरी तरह गलत बताया गया था। दिल्ली हाईकोर्ट ने इसी फैसले में सीआईसी के उस आदेश को भी रद्द कर दिया था, जिसमें पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के कक्षा 10 और 12 के रिकॉर्ड सीबीएसई से उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया था।

#### 3 याचिकाकर्ताओं ने डिग्री पर उठाए थे सवाल

*यह अपील दिल्ली हाईकोर्ट के उस एकल न्यायाधीश के फैसले के खिलाफ दायर की गई है, जिसने 25 अगस्त 2025 को केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) के उस आदेश को रद्द कर दिया था, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की स्नातक डिग्री से जुड़ी जानकारी सार्वजनिक करने का निर्देश दिया गया था। अपीलकर्ताओं में आरटीआई कार्यकर्ता नीरज, आम आदमी पार्टी (आप) के नेता संजय सिंह और अधिवक्ता मोहम्मद इरशाद शामिल हैं।*

#### विवि की ओर से सॉलिसिटर जनरल की दलील

*दिल्ली विश्वविद्यालय की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अदालत में दलील दी कि इस पूरे मामले में कुछ भी ठोस नहीं है और इसे केवल सनसनी फैलाने के लिए आगे बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने अपील में हुई देरी के साथ-साथ मामले के गुण-दोष पर जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा।*

---

## खबर संक्षेप

### वकील की ड्रेस पहनकर कोर्ट पहुंचा हत्यारा



**संभल।** धनारी थाना क्षेत्र से अपहत कर हत्या किए गए दो सगे भाइयों के मामले में फरार चल रहा हत्यारोपित धनवीर सोमवार को चंदौसी न्यायालय में अधिवक्ता की ड्रेस पहनकर पहुंचा और अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस को पहले से ही उसके समर्पण की सूचना मिल गई थी, लेकिन वह प्रवेश करने में सफल रहा।

### लैंबोर्गिनी शिवम मिश्रा ही चला रहा था, फरार



**कानपुर।** उत्तर प्रदेश के कानपुर में करोड़पति तंबाकू कारोबारी केके मिश्रा के बेटे शिवम मिश्रा की लैंबॉर्गिनी कार से हुए हादसे ने अब कानूनी लड़ाई का रूप ले लिया है। कानपुर पुलिस कमिश्नर ने स्पष्ट कर दिया है कि हादसे के वक्त शिवम ही स्टीयरिंग पर था। वहीं, शिवम के पिता ने बेटे का बचाव करते हुए एक अलग ही कहानी पेश की है। एफआईआर दर्ज की गई है।

### दिल्ली में 'लाड़ली योजना' होगी बंद



**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने पूर्ववर्ती सरकार के समय से चली आ रही लाड़ली योजना को बंद करने का ऐलान सीएम रेखा गुप्ता ने घोषणा की है। सरकार लाड़ली योजना को 31 मार्च के बाद बंद कर देगी। इस योजना की जगह एक अप्रैल से दिल्ली सरकार के महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत 'दिल्ली लखपति बिटिया योजना' अस्तित्व में आएगी। एक अप्रैल से नई योजना लागू की जाएगी।

### हत्या का मास्टरमाइंड अमृतपाल भगोड़ा घोषित



**नई दिल्ली।** पंजाब की सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर रहीं कंचन कुमारी उर्फ कमल कौर भाभी की हत्या के मामले में बठिंडा कोर्ट ने सिख कट्टरपंथी नेता अमृतपाल सिंह मेहरों को भगोड़ा घोषित कर दिया है। बार-बार समन के बावजूद वह कोर्ट में पेश नहीं हुआ था। भगोड़ा घोषित किए जाने से इंटरपोल के जरिए रेड कार्नर नोटिस जारी में पुलिस को मदद मिल सकेगी। वह भाग नहीं पाएगा।

### हाईवे पर भीषण हादसा 3 युवकों की मौत



**लुधियाना।** फगवाड़ा-लुधियाना हाईवे पर गांव चाचोकी के नजदीक भीषण सड़क हादसा हुआ है। कार और टाटा 407 के भी आमने-सामने भयानक टक्कर हो गई। इस भयानक हादसे में कार सवार 3 युवकों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान साहिल मोहम्मद, दलजीत भट्टी और अवतार के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि ये तीनों लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी के छात्र थे।

---

### बच्चों के लापता होने को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने जताई चिंता और कहा

# इसके पीछे देशभर में कोई नेटवर्क तो नहीं चल रहा, सरकार करे पता व डेटा भी जुटाए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

### एडिशनल सॉलिसिटर जनरल बोलीं-कुछ राज्यों ने डेटा दिया

बच्चों के लापता होने की खबरों को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से कहा है कि वह पता करे कि इसके पीछे कोई देशव्यापी नेटवर्क तो नहीं है। कोर्ट ने यह भी कहा कि आप जानकारी दें कि क्या पूरे देश में ऐसा कोई नेटवर्क है या फिर किसी राज्य में ही स्टेट लेवल पर ऐसा चल रहा है। बीते कुछ दिनों में बच्चों के गायब होने की खबरें काफी चर्चा में रही थीं।

जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस उज्ज्वल भुइयां ने कहा कि यह पता लगाने की जरूरत है कि ऐसी घटनाओं के पीछे कोई एक ही पैटर्न है या फिर ऐसी घटनाओं में आपस में कोई संबंध नहीं है। अदालत ने केंद्र सरकार से कहा कि वह ऐसी घटनाओं का सभी राज्यों से ब्योरा जुटाए। इस दौरान केंद्र सरकार की ओर से एडिशनल सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्य भाटी मौजूद थीं। उन्होंने कहा कि कुछ राज्यों की ओर बच्चों के लापता होने का डेटा दिया गया है।

जस्टिस नागरत्ना और जस्टिस भुइयां की बेंच ने कहा



#### 8 मिनट में एक बच्चे के गायब होने पर भी सवाल किए

अदालत ने 9 दिसंबर को ही केंद्र सरकार को आदेश दिया था कि वह बीते 6 सालों का देश भर का डेटा जुटाए। इससे पता चल सकेगा कि कितने बच्चे कहां से कब किडनैप हुए हैं? होम मिनिस्ट्री को उसने आदेश दिया था कि देश भर का डेटा एकत्रित किया जाए। इसके अलावा अदालत का यह भी कहना था कि पूरे डेटा को महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की वेबसाइट पर अपलोड किया जाए। दरअसल, बीते साल 18 नवंबर को एक रिपोर्ट आई थी। इसमें कहा गया था कि हर 8 मिनट पर देश में एक बच्चा गायब हो जाता है और यह गंभीर मसला है। इस पर अदालत ने कहा था कि इस मामले की जटिलता को देखते हुए सरकार डेटा जुटाए और फिर सही मेकेनिज्म तैयार किया जाए।

#### जिन बच्चों को बचाया गया उनके इंटरव्यू लें

पीठ ने सरकार को यह सुझाव भी दिया कि जिन लोगों को किडनैपिंग से बचाया गया है। उनके इंटरव्यू करने चाहिए। इससे कुछ अंदाजा लग सकेगा कि आखिर ऐसी घटनाओं को कौन अंजाम दे रहा है। इसके अलावा बेंच ने ऐसे राज्यों के रवैए पर भी आपत्ति जताई, जिन्होंने डेटा नहीं दिया है। उन्होंने कहा कि जरूरी हुआ तो हम इस मामले में कोई सख्त आदेश भी जारी करेंगे। इस पर केंद्र सरकार की ओर से कहा गया कि हमने प्रयास शुरू कर दिए हैं। सभी राज्यों से डेटा की डिमांड की गई है। दरअसल इस मामले में एक एनजीओ की ओर से याचिका दाखिल की गई थी, जिस पर सुनवाई करते हुए अदालत ने यह आदेश दिया है।

#### 12 राज्यों ने कोई जानकारी नहीं दी

ऐसे मामलों में चल रहे मुकदमों का स्टेटस भी मिला है, लेकिन अब भी करीब एक दर्जन ऐसे राज्य हैं, जहां से जानकारी नहीं मिल पाई है। ऐश्वर्या ने कहा कि केंद्र सरकार को पूरा डेटा मिलने के बाद ही उसका विश्लेषण किया जा सकता है। इस पर बेंच ने भाटी से कहा, हम यह जानना चाहते हैं कि इसके पीछे कोई राष्ट्रव्यापी नेटवर्क है या फिर राज्य स्तर पर ही ऐसा कुछ हो रहा है। यह कोई पैटर्न है या फिर इन घटनाओं में कोई आपसी ताल्लुक नहीं है।'

#### पॉक्सो मामले में हाईकोर्ट के आदेश पर स्वतः संज्ञान लिया




सुप्रीम कोर्ट ने मार्च 2025 में पारित इलाहाबाद हाईकोर्ट के उस आदेश पर स्वतः संज्ञान लिया जिसमें पॉक्सो मामले के आरोपों को 'छेड़छाड़' तक सीमित कर दिया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी से न्यायाधीशों को विशिष्ट प्रशिक्षण देकर संवेदनशील बनाने पर गौर करने को कहा है। इस मामले में वरिष्ठ अधिवक्ता शोभा गुप्ता ने कहा कि उक्त फैसले में जिस तरह की भाषा का इस्तेमाल किया गया है, वह अपराध की गंभीरता को कमतर बनाने वाले लगते हैं। वे 11 साल की बच्ची को पुलिया के नीचे खींच ले गए। उसके कपड़े उतारने की कोशिश की। सलवार का नाड़ा तोड़ दिया। इस मामले में हाईकोर्ट जज ने कहा कि क्योंकि वह उनके साथ जाने के लिए सहमत हो गई थी, इसलिए आपने आरोपी को ऐसी हरकत करने को आमंत्रित किया है। कोलकाता रेप मामले में भी ऐसा ही हुआ था। निर्णय में इस तरह की भाषा का उपयोग नहीं किया जाना चाहिए। केरल राज्य के विधिक सेवा प्राधिकरण पीड़ित अधिकार केंद्र के सहयोग से हम उम्र के अनुरूप भाषा के संबंध में संवेदीकरण का काम भी कर रहे हैं।

---

### सरमा ने झूठा और दुर्भावनापूर्ण करार दिया

# गोगोई, भूपेश समेत 3 नेताओं पर ठोका 500 करोड़ का केस

एजेंसी ▶▶ गुवाहाटी

असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं- जितेंद्र सिंह, भूपेश बघेल और गौरव गोगोई के खिलाफ 500 करोड़ रुपए का मानहानि का मुकदमा दायर किया है।

यह कार्रवाई कांग्रेस नेताओं की ओर से मुख्यमंत्री और उनके परिवार की संपत्ति को लेकर लगाए गए आरोपों के बाद की गई है। दरअसल, यह मामला 4 फरवरी को गुवाहाटी में आयोजित एक संयुक्त प्रेस वार्ता से शुरू हुआ। असम कांग्रेस अध्यक्ष गौरव गोगोई ने दावा किया था कि पार्टी की आंतरिक जांच में यह सामने आया है कि मुख्यमंत्री और उनके परिवार ने राज्य भर में लगभग 12,000 बीघा जमीन पर कब्जा कर रखा है। सरमा ने इन दावों को पूरी तरह से 'झूठा, दुर्भावनापूर्ण और मानहानिकारक करार दिया है। इसेक पहले गोगोई ने मुसलमानों के खिलाफ 'नरसंहार भड़काने' का भी आरोप लगाया था और पुलिस से कार्रवाई की मांग की थी।



गौरव गोगोई | हिमंता सरमा

#### 12,000 बीघा भूमि के आरोप पर कहा

#### *एक्स पर मुख्यमंत्री ने दी जानकारी*

*मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इस कानूनी कार्रवाई की जानकारी देते हुए कहा कि आज मैंने कांग्रेस नेताओं जितेंद्र सिंह, भूपेश बघेल और गौरव गोगोई के खिलाफ प्रेस वार्ता के माध्यम से मेरे खिलाफ झूठे और दुर्भावनापूर्ण आरोप लगाने के लिए 500 करोड़ रुपए के हर्जाने की मांग करते हुए मानहानि का मुकदमा दायर किया है।*

#### गोगोई ने लगाए थे नरसंहार भड़काने के आरोप

गोगोई ने सोमवार को एक अन्य प्रेस वार्ता में मुख्यमंत्री पर अपने वीडियो के माध्यम से मुसलमानों के खिलाफ 'नरसंहार भड़काने' का भी आरोप लगाया था और पुलिस से इस मामले में स्वतः संज्ञान लेने की मांग की। कथित तौर पर इस वीडियो में सीएम सरमा एक राइफल से दो तस्वीरों पर निशाना साधते दिख रहे थे। इनमें से एक तस्वीर में व्यक्ति ने टोपी पहनी थी और दूसरे की दाढ़ी थी। वीडियो का कैप्शन 'पॉइंट-ब्लैंक शॉट' दिया गया था। गोगोई ने कहा कि मुख्यमंत्री एक विशेष समुदाय को निशाना बनाकर नफरत फैला रहे हैं। यह सीधे तौर पर नरसंहार को बढ़ावा देना है। उन्होंने सीएम के 'मियां' समुदाय के खिलाफ दिए गए हालिया बयानों की भी निंदा की। कांग्रेस नेता ने मुख्यमंत्री की योग्यता पर सवाल उठाते हुए उनके इस्तीफे की मांग की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पद की गरिमा के खिलाफ काम कर रहे हैं। जब वे कांग्रेस में थे, तब 'धर्मनिरपेक्ष' होने का दिखावा करते थे, लेकिन अब वे केवल राजनीति कर रहे हैं।

---

### हाईकोर्ट ने सुनाया अहम फैसला

## अनुशासन के लिए छात्र को छड़ी से पीटना अपराध नहीं

एजेंसी ▶▶ तिरुवनंतपुरम



केरल हाईकोर्ट ने कहा कि शिक्षक की ओर से छात्रों को अनुशासन में लाने छड़ी का उचित और सीमित उपयोग अपराध नहीं माना जाएगा। यह फैसला जस्टिस सी. प्रथीप कुमार के सुनाए गए एक मामले में आया, जहां टीचर पर छात्र को छड़ी से मारने का आरोप था।

मामला सिबिन एसवी बनाम केरल राज्य के नाम से दर्ज था। घटना 10 फरवरी 2025 को वेंगलूर स्कूल के स्टाफ रूम में शिक्षक ने अनुशासनहीनता के लिए छात्र को न्यूनतम शारीरिक दंड दिया। छात्र को दर्द होने पर उसी दिन स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, लेकिन मेडिकल रिपोर्ट में कोई बाहरी चोट नहीं पाई गई। 13 फरवरी को एफआईआर दर्ज हुई, जिसमें नए कानून से मामला बनाया गया। शिक्षक ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर आपराधिक कार्यवाही रद्द करने की मांग की। अदालत ने स्पष्ट किया कि माता-पिता जब बच्चे को स्कूल सौंपते हैं, तो वे शिक्षक को अनुशासन बनाए रखने का अधिकार देते हैं।

### संघ के कार्यक्रम में जाने पर बवाल

## शिंदे की दो टूक-सलमान खान भारतीय नागरिक नहीं हैं क्या?

एजेंसी ▶▶ मुंबई



महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने एक्टर सलमान खान के संघ के कार्यक्रम में शामिल होने पर उठे विवाद का बचाव किया। उन्होंने कहा कि खान आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के कार्यक्रम में गए या नहीं गए, यह किस तरह का सवाल है? खान भारतीय नागरिक नहीं है क्या? खान एक भारतीय नागरिक हैं। वे घर में भगवान गणेश की स्थापना करते हैं। हमारी संस्कृति का सम्मान करते हैं और उनका परिवार भी ऐसा ही करता है।

#### सलमान तो उद्धव से बड़े हिंदू दिखे: राणे



महाराष्ट्र के मंत्री और भाजपा नेता नितेश राणे ने अब बार फिर ऐसी बात कह दी है, जिससे महाराष्ट्र की सियासत में चर्चा का विषय बन गई है। भारत में हिंदुत्व के लिए मुखर रहने वाली पार्टी शिवसेना यूबीटी के प्रमुख उद्धव ठाकरे पर राणे ने बड़ा तंज कसा है। उनका कहना है कि बॉलीवुड एक्टर सलमान खान, उद्धव ठाकरे से ज्यादा 'हिंदू' लगते हैं।

## संगठन सृजन अभियान के तहत 8 राज्यों के नव नियुक्त डीसीसी अध्यक्षों का एकदिवसीय प्रशिक्षण हुआ संपन्न

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि संगठन सृजन अभियान कांग्रेस संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने की एक निर्णायक पहल है। इसी अभियान के तहत 8 राज्यों से नव नियुक्त 286 जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्षों के लिए एक गहन एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।

इस प्रशिक्षण सत्र में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने विशेष रूप से उपस्थित होकर संगठनात्मक मजबूती, जमीनी राजनीति और भविष्य की रणनीति को लेकर महत्वपूर्ण मार्गदर्शन दिया। वेणुगोपाल ने बताया कि संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत अब तक 14 राज्यों में 5 चरण पूरे किए जा चुके हैं, जिनमें 531 डीसीसी अध्यक्षों की नियुक्ति की गई है। अगले चरण में 6 और राज्यों के 218 जिलों में यह प्रक्रिया जारी है। उन्होंने जानकारी दी कि इस व्यापक संगठनात्मक अभ्यास में 284 एआईसीसी पर्यवेक्षकों की अहम भूमिका रही है। इनमें कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्य, पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष, सांसद और विधायक शामिल हैं। ये पर्यवेक्षक अब तक कुल 2,604 दिन मैदानी स्तर पर बिताकर संगठन को पारदर्शिता, प्रतिबद्धता और मजबूती प्रदान कर चुके हैं। डीसीसी अध्यक्षों की नियुक्ति के बाद प्रशिक्षण प्रक्रिया को भी तेजी से आगे बढ़ाया गया है। अब तक 4 राज्यों के 172 डीसीसी के लिए 10-दिवसीय प्रशिक्षण शिविर सफलतापूर्वक आयोजित किए जा चुके हैं। आगामी चरण का प्रशिक्षण 21 फरवरी से तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में आयोजित किया जाएगा। केसी वेणुगोपाल ने कहा कि यह सामूहिक प्रयास कांग्रेस पार्टी के मजबूत, अनुशासित और सक्रिय संगठन के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने विश्वास जताया कि पार्टी पूरी ऊर्जा और उद्देश्य के साथ आगे बढ़ेगी।




---

### कर्नाटक में कुर्सी की अंतर्कलह पर विधायकों ने डाला आग में 'घी'

# शिवकुमार को सीएम बनाने 80-90 विधायकों ने बनाया दबाव

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु



कर्नाटक की कांग्रेस सरकार में जारी अंतर्कलह लगाता बढ़ती जा रही है। हाल ही में कांग्रेस एमएलसी यतींद्र सिद्धारमैया ने अपने पिता सिद्धारमैया को लेकर कहा था कि वे पूरे 5 साल तक मुख्यमंत्री रहेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि सीएम बदलने का मुद्दा अब खत्म हो गया है। इस बीच अब कांग्रेस विधायक इकबाल हुसैन ने बड़ा दावा करते हुए कहा कि पार्टी के 80-90 विधायकों ने मुख्यमंत्री पद के लिए उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार का नाम हाई कमान को दिया है। हुसैन ने कहा कि हमने यह मामला हाई कमान पर छोड़ दिया है। हम एक अनुशासित पार्टी हैं और हमें शालीनता से व्यवहार करना होगा। हमें यह पसंद नहीं है कि वह (यतींद्र) बार-बार पिता के पक्ष में बोलकर आलाकमान को शर्मिंदा कर रहे हैं।

#### *कांग्रेस विधायक इकबाल ने बड़ा दावा कर यह बात कही*



#### डीके के खुले समर्थन में हुसैन

उन्होंने कहा कि हम सभी के मन में यही इच्छा है कि डीके को मौका दिया जाए। हर कोई यही चाहता है, लेकिन हमें बयानबाजी से कोई भ्रम पैदा नहीं करना चाहिए, इसीलिए सब चुप हैं और कुछ लोग आपस में बात कर रहे हैं। मैं खुले दिल से, जैसा कि मैंने पहले दिन से कहा है यही मेरी इच्छा है कि डीके को इसी कार्यकाल में मौका दिया जाए। कांग्रेस एमएलसी चन्नाराज हट्टीहोली ने भी कहा कि मेरी इच्छा है कि डीके जल्द ही मुख्यमंत्री बनें।

#### दिल्ली में आलाकमान संग बैठक करेंगे शिवकुमार

पिछले हफ्ते यतींद्र ने कहा था कि कांग्रेस हाई कमान ने सिद्धारमैया को पूरे कार्यकाल के लिए मुख्यमंत्री बने रहने की हरी झंडी दे दी है। यतींद्र के बयान पर शिवकुमार ने कहा कि ऐसे बयान पार्टी को नुकसान पहुंचाते हैं। उन्होंने यह बयान दिल्ली में एक पार्टी बैठक के लिए रवाना होने से पहले दिया। उन्होंने कहा कि वे आगामी राज्य चुनावों पर एआईसीसी की बैठक में भाग लेने जा रहे हैं।

#### डीके ने पार्टी नेताओं को दी नसीहत

शिवकुमार ने कहा कि आज मेरी एआईसीसी में विभिन्न चुनावों से संबंधित राजनीतिक मामलों पर बैठक है, इसलिए मैं (दिल्ली) जा रहा हूं। एआईसीसी ने मुझे बुलाया है क्योंकि तारीखों की घोषणा होनी बाकी है। उन्होंने नेतृत्व परिवर्तन के कयासों पर कहा कि इसमें कोई भ्रम नहीं है। जब दूसरे लोग मेरे पक्ष में या किसी विधायक या मंत्री के खिलाफ बयान देते हैं या राय देते हैं, तो इससे पार्टी को नुकसान होता है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सभी से इस पर बोलने से मना किया है।

---

### सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से मांगा जवाब

# एससी-एसटी आरक्षण में क्रीमी लेयर हटाने के 'मापदंड' बताएं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कई याचिकाओं पर केंद्र सरकार से जवाब मांगा। ये याचिकाएं एससी-एसटीं क्रीमी लेयर (सामाजिक और आर्थिक रूप से मजबूत हो चुके लोग) को आरक्षण के लाभ से बाहर करने की मांग से जुड़ी हैं।

कोर्ट ने कहा कि केंद्र यह बताए कि क्रीमी लेयर को हटाने के लिए क्या मापदंड तय किए जाएंगे। यह आरक्षण दाखिले और सरकारी नौकरियों दोनों पर लागू होगा। सीजेआई सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ इसकी सुनवाई कर रही थी। पीठ में न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया भी शामिल थे। ये याचिकाएं ओपी शुक्ला और समता आंदोलन समिति ने दायर की हैं। इनका कहना है कि 1 अगस्त 2024 के अहम फैसले को लागू किया जाए। कोर्ट ने केंद्र से कहा कि वह अपना पक्ष रखे। इसके बाद मामले पर आगे सुनवाई होगी। क्रीमी लेयर का सिद्धांत मंडल आयोग के फैसले से आया था। इसके तहत ओबीसी वर्ग के आर्थिक रूप से सक्षम लोगों को आरक्षण का लाभ नहीं दिया जाता।




# बीसीसीआई ने दिखाए कड़े तेवर, वर्ल्ड कप अभियान के दौरान परिवार के साथ नहीं रहेंगे भारतीय खिलाड़ी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टी20 वर्ल्ड कप में भारतीय टीम के बेहतर प्रदर्शन के लिए बीसीसीआई ने सख्त कदम उठाया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, बीसीसीआई ने अपनी सख्त नीतियों पर कायम रहते हुए टी20 वर्ल्ड कप अभियान के दौरान खिलाड़ियों के परिवारों को उनके साथ रहने से रोक दिया है। बता दें, टी20 वर्ल्ड कप में इंडियन टीम ग्रुप स्टेज के तीन मुकाबले भारत में ही खेलने वाली है। बीसीसीआई के नियम के मुताबिक 45 दिनों से ज्यादा चलने वाली सीरीज या टूर्नामेंट के लिए परिवार के सदस्य खिलाड़ियों के साथ 14 दिनों तक रह सकते हैं, जबकि छोटे टूर के लिए यह लिमिट घटाकर सिर्फ सात दिन कर दी गई है।



### कर सकते हैं अलग से इंतजाम

रिपोर्ट के मुताबिक भारतीय टीम मैनेजमेंट ने क्रिकेटरों के परिवारों को उनके साथ रहने की इजाजत देने के बारे में सफाई मांगी थी, लेकिन बोर्ड ने साफ कहा कि परिवार खिलाड़ियों के साथ नहीं रहेंगे। रिपोर्ट में कहा गया है, "बोर्ड ने साफ कर दिया है कि परिवार खिलाड़ियों के साथ नहीं रहेंगे। हालांकि, अगर वे चाहें तो अलग से इंतजाम कर सकते हैं।" भारत टी20 वर्ल्ड कप के दौरान लीग फेज के तीन मैच घर पर और एक गेम कोलंबो में खेलेगा। यह मैच भारत पाकिस्तान के खिलाफ होगा।

### खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर पड़ सकता है असर

भारतीय टीम 2024 में न्यूजीलैंड से भारत में ही 0-3 से हारी थी और फिर ऑस्ट्रेलिया में 2024-25 बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज में 1-3 से हार हुई थी। इसके बाद टेस्ट क्रिकेट में भारत के खराब प्रदर्शन की स्थिति को देखते हुए ऐसा किया गया था। अधिकारियों का मानना था कि परिवारों के साथ होने से, खासकर विदेशी मैचों के दौरान, खिलाड़ियों का ध्यान भटक सकता है और उनके प्रदर्शन पर असर पड़ सकता है। इसके अलावा, बीसीसीआई ने एक नियम बनाया है जिसके तहत सभी खिलाड़ियों को हर समय टीम के साथ यात्रा करनी होगी।

# पॉइंट्स टेबल में उतार-चढ़ाव, ग्रुप ए में टीम इंडिया का दबदबा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टी20 वर्ल्ड कप की पॉइंट्स टेबल में उतार-चढ़ाव है। लगभग हर टीम ने कम से कम एक मैच खेला है। इंडिया से लेकर न्यूज़ीलैंड और इंग्लैंड तक, सभी टीमों ने अपने पहले मैच जीते हैं। इस बीच, नीदरलैंड्स और नेपाल उलटफेर करने के बहुत करीब थे लेकिन आखिर में हार गए। सभी 20 वर्ल्ड कप टीमों को पांच-पांच के चार ग्रुप में बांटा गया है।

हर ग्रुप की पॉइंट्स टेबल में टॉप दो टीमें सुपर 8 स्टेज के लिए क्वालीफाई करेंगी। इंडियन टीम ग्रुप ए में दबदबा बनाए हुए है, उसने अपने पहले मैच में यूएसए को 29 रन से हराया था। नीदरलैंड्स दूसरे और पाकिस्तान तीसरे स्थान पर है। नामीबिया और यूएसए को अभी जीतना बाकी है।



| | |
|---|---|
| इंडिया | - 2 पॉइंट्स |
| नीदरलैंड | - 2 पॉइंट्स |
| पाकिस्तान | - 2 पॉइंट्स |
| नामीबिया | - 0 पॉइंट्स |
| यूएसए | - 0 पॉइंट्स |

**ग्रुप बी में पहले स्थान पर जिम्बाब्वे**

| | |
|---|---|
| ज़िम्बाब्वे | - 2 पॉइंट्स |
| श्रीलंका | - 2 पॉइंट्स |
| ऑस्ट्रेलिया | - 0 पॉइंट्स |
| आयरलैंड | - 0 पॉइंट्स |
| ओमान | - 0 पॉइंट्स |

**ग्रुप सी में मुश्किल में इंग्लैंड**

| | |
|---|---|
| वेस्ट इंडीज़ | - 2 पॉइंट्स |
| स्कॉटलैंड | - 2 पॉइंट्स |
| इंग्लैंड | - 2 पॉइंट्स |
| नेपाल | - 0 पॉइंट्स |
| इटली | - 0 पॉइंट्स |

**ग्रुप डी में द. अफ्रीका सबसे मज़बूत**

| | |
|---|---|
| साउथ अफ्रीका | - 2 पॉइंट्स |
| न्यूज़ीलैंड | - 2 पॉइंट्स |
| यूएई | - 0 पॉइंट्स |
| अफ़गानिस्तान | - 0 पॉइंट्स |
| कनाडा | - 0 पॉइंट्स |



### आयरलैंड के खिलाफ मैच में नहीं खेलेंगे टिम

**कोलंबो।** टी20 विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया अपना पहला ग्रुप मैच आयरलैंड के खिलाफ बुधवार को खेलेगी। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान मिशेल मार्श ने कहा है कि विस्फोटक बल्लेबाज टिम डेविड इस मैच का हिस्सा नहीं होंगे। डेविड हैमस्ट्रिंग इंजरी से रिकवरी कर रहे हैं। मार्श ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, "वह पहले मैच का हिस्सा नहीं होंगे, लेकिन निश्चित रूप से अगले कुछ मैचों में वह टीम में दिखेंगे।" टिम डेविड बिग बैश लीग के दौरान बॉक्सिंग डे पर इंजर्ड हो गए थे। उसके बाद से वह क्रिकेट से दूर हैं। उनकी रिकवरी की गति अच्छी है। कोलंबो में बुधवार को वैकल्पिक अभ्यास को छोड़कर हर बैटिंग सेशन में उन्होंने हिस्सा लिया है और मंगलवार को मैच के कपड़ों में विकेटों के बीच फुल-इंटेंसिटी स्प्रिंट सहित कई रनिंग और फील्डिंग ड्रिल भी पूरी की हैं। इसके बावजूद ऑस्ट्रेलियाई टीम डेविड को लेकर कोई जोखिम नहीं लेना चाहती है।

## यूएई को 10 विकेट से शिकस्त देकर कीवी टीम ने दर्ज की लगातार दूसरी जीत

**174 का लक्ष्य 15 ओवर में पार**

# ओपनर्स की रिकॉर्ड साझेदारी, न्यूजीलैंड ने यूएई को बिना विकेट गंवाए हराया

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टिम सिफर्ट (नाबाद 89) और फिन एलन (नाबाद 84) की आक्रामक पारियों और दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 92 गेंद में 175 रन की रिकॉर्ड साझेदारी ने न्यूजीलैंड ने आईसीसी टी20 विश्व कप मैच में 28 गेंद शेष रहते संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को 10 विकेट से शिकस्त देकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की।

यूएई को छह विकेट पर 173 रन पर रोकने के बाद न्यूजीलैंड ने महज 15.2 ओवर में बिना किसी नुकसान के 175 रन बनाकर एकतरफा जीत दर्ज की। न्यूजीलैंड की यह लगातार दूसरी जीत है। टीम ने इससे पहले अफगानिस्तान को हराया था। 'प्लेयर ऑफ द मैच' सिफर्ट ने 42 गेंद की नाबाद पारी में 12 चौके और तीन छक्के लगाए।

### एलन में टी20 में पूरे किए 100 छक्के पूरे

एलन ने 50 गेंद की नाबाद पारी में पांच छक्के और इतने ही चौके लगाए, इसके साथ उन्होंने टी20 अंतरराष्ट्रीय में 100 छक्के पूरे किए। इस जोड़ी ने पारी की शुरुआत से ही आक्रामक रूख अपनाते हुए यूएई के गेंदबाजों को कोई मौका नहीं दिया। दोनों की 175 रन की साझेदारी टी20 विश्व कप में किसी भी विकेट के लिए सर्वश्रेष्ठ साझेदारी है।



### एलन ने दिखाए आक्रामक तेवर

लक्ष्य का पीछा करते हुए एलन ने मैच के दूसरे ओवर में मोहम्मद रोहिद के खिलाफ चौके से हाथ खोला तो वहीं सिफर्ट ने इस ओवर को लगातार दो चौके से खत्म किया। एलन ने जुनैद के खिलाफ दो छक्के लगाकर अपने आक्रामक तेवर दिखाए। उन्होंने गेंदबाज के सिर के ऊपर से गेंद को बाउंड्री पर भेजने के बाद अच्छी गेंद को डीप फाइन लेग के ऊपर से छह रनों के लिए भेज दिया। सिफर्ट ने छठे ओवर में रोहिद के खिलाफ एक छक्का और तीन चौके जड़े, जिससे पावरप्ले में ही न्यूजीलैंड ने बिना किसी नुकसान के 78 रन बनाकर मैच पर पूरा नियंत्रण बना लिया।

### कप्तान वसीम ने खेली 66 रन की नाबाद पारी

कप्तान मोहम्मद वसीम (नाबाद 66) और अलीशाह शराफू (55) की अर्धशतकीय पारियों और दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 107 रन की साझेदारी से संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने छह विकेट पर 173 रन बनाए। सलामी बल्लेबाज वसीम में 45 गेंद की पारी में चार चौके और तीन छक्के मारे जबकि शराफू ने 47 गेंद में पांच चौके और दो छक्के जड़े। मयंक कुमार ने आखिरी ओवरों में 13 गेंद में दो चौके और एक छक्का की मदद से 21 रन बनाकर टीम को इस प्रारुप के विश्व कप में अपने सबसे बड़े स्कोर तक पहुंचाया। न्यूजीलैंड के लिए मैट हेनरी ने आखिर ओवर में दो विकेट लिए जबकि जैकब डफी, लॉकी फर्ग्यूसन, मिचेल सैंटनर और ग्लेन फिलिप्स को एक-एक सफलता मिली।

### नीदरलैंड ने नामीबिया को 7 विकेट से हराया, डी लीडे की दमदार पारी



**नई दिल्ली।** अरुण जेटली क्रिकेट स्टेडियम में टी20 विश्व कप का ग्रुप ए का मुकाबला नामीबिया और नीदरलैंड के बीच मंगलवार को खेला गया। बास डे लीडे के बेहतरीन ऑलराउंड प्रदर्शन के दम पर नीदरलैंड ने नामीबिया को 2 ओवर पहले ही 7 विकेट से हरा दिया। नीदरलैंड को जीत के लिए 157 रन का लक्ष्य मिला। टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और मैक्स ओ दाउद के रूप में पहला झटका 16 के स्कोर पर लगा। वह 7 रन बनाकर आउट हुए। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे बास डे लीडे ने बेहतरीन बल्लेबाजी की और 48 गेंद पर 4 छक्कों और 5 चौकों सहित नाबाद 72 रन की पारी खेल टीम को 12 गेंद पहले 7 विकेट से जीत दिला दी।

#### लीडे के बल्ले से निकला विजयी चौका

डे लीडे ने दूसरे विकेट के लिए माइकल लेविट 28, के साथ 30 और तीसरे विकेट के लिए कोलिन एकरमैन 32 के साथ 68 रन की अहम साझेदारी की। इसके अलावा लीडे ने कप्तान स्कॉट एडवर्ड्स नाबाद 18 के साथ 43 रन की साझेदारी की। नीदरलैंड ने 18 ओवर में 3 विकेट पर 159 रन बनाकर मैच जीता। विजयी चौका बास डे लीडे के बल्ले से निकला।

## खबर संक्षेप

### मैदान पर संदेश पहुंचाने में क्रिकेट अन्य खेलों से पीछे



**मुंबई।** इंग्लैंड के सीनियर बल्लेबाज जोस बटलर ने कहा कि मैदान पर खिलाड़ियों तक संदेश पहुंचाने के मामले में क्रिकेट अन्य खेलों की तुलना में अभी पीछे है। यह बयान उन्होंने उस घटना के बाद दिया, जब इंग्लैंड के मुख्य कोच ब्रैंडन मैकुलम को नेपाल के खिलाफ टी20 विश्व कप मुकाबले के दौरान 'ड्रिंक्स ब्रेक' में इंग्लैंड के कप्तान हैरी ब्रूक से वॉकी-टॉकी के जरिए बात करते हुए देखा गया। अन्य खेलों में जैसे फॉर्मूला वन में रेस इंजीनियर रेडियो के जरिए रियल-टाइम में ड्राइवरों को रणनीति, इंजन सेटिंग, टायर प्रबंधन और सुरक्षा से जुड़ी जानकारी देते हैं।

### विश्व कप में दर्शकों में 53 प्रतिशत की बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।** आईसीसी ने बताया कि 2026 टी20 विश्व कप के पहले छह मैच के बाद पिछले चरण की तुलना में उनके डिजिटल मंच पर वीडियो व्यूज में 53 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। बयान में विश्व संस्था ने कहा कि उनके डिजिटल प्लेटफॉर्म को कुल 647 मिलियन (64.7 करोड़) वीडियो व्यूज मिले। दर्शकों की इस भारी बढ़ोतरी में नेपाल, संयुक्त अरब अमीरात और अमेरिका जैसे देशों का बड़ा योगदान रहा, जिनकी राष्ट्रीय टीमें टूर्नामेंट में खेल रही हैं।

# रणजी ट्रॉफी : बंगाल 19वीं बार सेमीफाइनल में, आंध्र प्रदेश को पारी और 90 रन से हराया

एजेंसी ▶▶| कल्याणी

रणजी ट्रॉफी 2025-26 के जारी सीजन में जहां तीन टीमें पहले ही क्वार्टरफाइनल जीतकर सेमीफाइनल में पहुंच चुकी थीं, वहीं आखिरी मुकाबले में बंगाल ने नीतीश कुमार रेड्डी वाली आंध्र प्रदेश टीम को पारी और 90 रन से हराकर 19वीं बार रणजी ट्रॉफी के सेमीफाइनल में जगह बना ली है।

बंगाल की इस जीत में क्वार्टरफाइनल मुकाबले में सुदीप कुमार ने ऐतिहासिक पारी खेलते हुए 299 रन बनाए और सिर्फ एक रन से तिहरा शतक लगाने से चूक गए। इस जीत के साथ रणजी ट्रॉफी 2025-26 के सेमीफाइनल का पूरा लाइनअप भी तय हो गया है। बंगाल 15 फरवरी को होने वाले सेमीफाइनल में जम्मू कश्मीर से भिड़ेगा जबकि दूसरा सेमीफाइनल कर्नाटक और उत्तराखंड के बीच खेला जाएगा।

### शमी ने उड़ाए आंध्र प्रदेश के छक्के



मोहम्मद शमी ने बल्ले से ताबड़तोड़ अंदाज में खेलते हुए 33 गेंदों में 7 चौके और 3 छक्कों की मदद से 53 रन ठोक दिए। बंगाल ने पहली पारी में 629 रन बनाकर 334 रन की विशाल बढ़त हासिल कर ली। दूसरी पारी में आंध्र प्रदेश की टीम संभल नहीं सकी और 244 रन पर ढेर हो गई, जिससे उसे पारी और 60 रन से हार का सामना करना पड़ा। दूसरी पारी में बंगाल के लिए सबसे ज्यादा 4 विकेट शाहबाज अहमद ने झटके।

### आंध्रप्रदेश की टीम 295 रन पर सिमटी

पहले बल्लेबाजी करते हुए आंध्र प्रदेश के कप्तान रिकी भुई ने 83 रन बनाए, जबकि नीतीश कुमार रेड्डी सिर्फ 33 रन ही बना सके। पूरी टीम 295 रन पर सिमट गई। बंगाल की ओर से पहली पारी में मुकेश कुमार ने 5 विकेट हॉल लिया, मोहम्मद शमी ने 1 विकेट चटकाया और आकाश दीप ने 4 विकेट झटके।

### खिलाड़ियों के पास इतिहास रचने का मौका : सैमी

**मुंबई।** वेस्टइंडीज के मुख्य कोच डैरेन सैमी ने 2016 में आईसीसी प्रतियोगिताओं के तीन खिताबों का हवाला देते हुए कहा कि वेस्टइंडीज क्रिकेटरों के सामने मौजूद चुनौतियां आज भी लगभग वही हैं, जो उस समय थी। वेस्टइंडीज ने पिछली बार किसी आईसीसी टूर्नामेंट का खिताब एक दशक पहले 2016 में जीता था। उस साल कोलकाता में तीन अप्रैल को उनकी पुरुष टीम ने टी20 विश्व कप का खिताब जीता था।

इसी साल उनकी महिला टीम भी इस प्रारूप की विश्व चैंपियन बनी थी जबकि इससे पहले अंडर-19 टीम ने विश्व कप फाइनल में भारत को हराया था। सैमी ने कहा, 2016 हमारे लिए बेहद खास साल था। सिर्फ सीनियर टीम के लिए ही नहीं, बल्कि महिला और अंडर-19 टीम के लिए भी। हालात आज भी शायद वैसे ही हैं।/" उन्होंने कहा, /"मुझे याद है 2016 में हमारे खिलाड़ियों को किस तरह के नामों से पुकारा गया था और हमें किन-किन संघर्षों से गुजरना पड़ा। हम आज भी 10 साल बाद उन्हीं चुनौतियों से जूझ रहे हैं।/" सैमी ने कहा कि इन बातों का असर मैदान पर प्रदर्शन पर नहीं पड़ने दिया जाएगा।

# श्रीलंका को बड़ा झटका, हसरंगा विश्व कप से बाहर



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

श्रीलंका को बड़ा झटका लगा है। दिग्गज स्पिनर वानिंदु हसरंगा इंजरी की वजह से विश्व कप से बाहर हो गए हैं। हसरंगा को कोलंबो में रविवार को आयरलैंड के खिलाफ मैच के दौरान हैमस्ट्रिंग में चोट लगी थी। एमआरआई स्कैन में उनके बाएं हैमस्ट्रिंग में गंभीर चोट का पता चला। यूके के एक विशेषज्ञ ने उनकी इंजरी रिपोर्ट देखने के बाद उन्हें टी20 विश्व कप से बाहर कर दिया। श्रीलंकाई मीडिया के अनुसार इंजरी की वजह से हसरंगा चार सप्ताह तक क्रिकेट से दूर रहेंगे।

हसरंगा का विश्व कप से बाहर होना श्रीलंका के लिए बहुत बड़ा झटका है। वह न सिर्फ एक बेहतरीन और मैच जिताऊ गेंदबाज हैं, बल्कि निचले क्रम के उपयोगी बल्लेबाजी से भी कई बार वह श्रीलंका को जीत दिला चुके हैं। आयरलैंड के खिलाफ ग्रुप स्टेज के पहले मैच में भी हसरंगा ने टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई थी और 4 ओवर में 25 रन देकर 3 विकेट लिए थे। हसरंगा की जगह टीम में लेगस्पिनर दुशान हेमंथा को शामिल किया जा सकता है। 31 साल के हेमंथा ने श्रीलंका के लिए अब तक 5 वनडे और तीन टी20 खेले हैं, जिसमें उन्होंने 6 विकेट लिए हैं।

## एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप : भारत 39 स्वर्ण, 15 रजत और 12 कांस्य पदक के साथ शीर्ष पर

# आकृति ने रजत, अंजुम ने जीता कांस्य, सोफिया ने बनाया विश्व रिकॉर्ड

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत की आकृति दहिया और अंजुम मौदगिल ने एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप के महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन (3पी) स्पर्धा में क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीता। इस स्पर्धा में कजाकिस्तान की सोफिया शुलझेंको ने कर्णी सिंह परिसर में नया विश्व रिकॉर्ड बनाते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

सोफिया ने 35 शॉट के फाइनल में 358.2 अंक हासिल किए, जो रजत पदक विजेता आकृति दहिया से चार अंक अधिक थे। विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता अंजुम मौदगिल ने 340.4 अंक के साथ कांस्य पदक जीता। सोफिया के इस स्कोर के साथ तीन नए रिकॉर्ड विश्व जूनियर, एशियाई और एशियाई जूनियर कायम किए। टूर्नामेंट में भारत 39 स्वर्ण, 15 रजत और 12 कांस्य पदक के साथ तालिका में शीर्ष पर है।



### जूनियर वर्ग में अनुष्का ने जीता कांस्य पदक

जूनियर महिलाओं की 3पी स्पर्धा में भारत की प्राची गायकवाड़ ने 353.3 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता। 14 वर्षीय कजाकिस्तान की निशानेबाज टोमिरिस अमानोवा ने 351.4 अंक के साथ रजत पदक हासिल किया, जबकि भारत की अनुष्का ठाकुर ने 341.1 अंक के साथ कांस्य पदक जीता। प्राची, अनुष्का और हेजल की तिकड़ी ने टीम स्पर्धा में 1748 अंकों के साथ स्वर्ण पदक जीता, जो कजाकिस्तान से सात अंक अधिक था। सीनियर महिला 3पी टीम स्पर्धा में कजाकिस्तान ने 1760 अंकों के साथ भारत को चार अंकों से पीछे छोड़ते हुए।

### आदर्श 291 अंक के साथ शीर्ष स्थान पर

पुरुषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल स्पर्धा में भारत के आदर्श सिंह ने प्रिसीजन चरण के बाद 291 अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। अनीश भानवाला 287 अंकों के साथ फाइनल की दौड़ में बने हुए हैं, जबकि नीरज कुमार के नाम 277 अंक है।

### बेल्जियम के खिलाफ आज भारत करेगा अभियान की शुरुआत




**राउरकेला।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम बुधवार से बेल्जियम और अर्जेंटीना के खिलाफ होने वाले एफआईएच प्रो लीग में अपने अभियान की शानदार शुरुआत करने के लिए प्रतिबद्ध होगी क्योंकि पिछली बार वह आठवें स्थान पर रही थी। भारत बुधवार को मजबूत बेल्जियम के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा, जिसके बाद गुरुवार को उसका अर्जेंटीना से मुकाबला होगा। भारतीय टीम शनिवार को एक बार फिर बेल्जियम का सामना करेगी और रविवार को अर्जेंटीना के खिलाफ अपने अभियान का समापन करेगी।




## प्रदेश में अभी तेज ठंड नहीं, दो डिग्री तक और बढ़ेगा पारा, 13, 14 और 15 फरवरी को तापमान में गिरावट होगी और ठंड का असर बढ़ जाएगा


# पहाड़ों पर जब बर्फ पिघलेगी तो प्रदेश में सर्द हवाएं फिर से ठिठुरन बढ़ाएंगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में अगले 2 दिन तेज ठंड का असर नहीं होगा। इससे तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक बढ़त होगी। पहाड़ों से जब साइक्लोनिक सकुर्लेशन आगे बढ़ जाएगा और बर्फ पिघलेगी तो प्रदेश में सर्द हवाएं फिर से ठिठुरन बढ़ाएंगी। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार पूरे फरवरी महीने मौसम में उतार-चढ़ाव का दौर देखने को मिलेगा।

इसके बाद तापमान में बढ़त शुरू हो जाएगी। इस सिस्टम से प्रदेश में बारिश होने के आसार नहीं हैं। मौसम विभाग के अनुसार दक्षिण-पश्चिम राजस्थान के ऊपर एक साइक्लोनिक सकुर्लेशन एक्टिव है।

**फरवरी में मौसम में उतार-चढ़ाव का दौर देखने को मिलेगा, फिर तापमान में बढ़त शुरू हो जाएगी**


वीआईपी रोड से शाम 6 बजे का नजारा।


### बारिश का अनुमान

वहीं, पहाड़ों में बर्फबारी और बारिश होने का अनुमान है। इस वजह से प्रदेश में अगले 2 दिन तक तापमान में बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। भोपाल, इंदौर, उज्जैन सहित प्रदेश के अधिकांश हिस्से में मंगलवार को दिन में मध्यम धूप खिली रही। इससे अधिकतम तापमान में मामूली बढ़त रही। शाम से हवाओं ठंडक घुली जिससे देर रात से सुबह ठंड का असर बरकरार रहा।

### 5 शहरों में रात का पारा 8 डिग्री के नीचे

मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार सिस्टम गुजरने और बर्फ पिघलने के बाद मौसम में फिर से बदलाव देखने को मिलेगा। 13, 14 और 15 फरवरी को तापमान में गिरावट होगी और ठंड का असर बढ़ जाएगा। उत्तर से ठंडी हवाओं का असर भी देखने को मिलेगा। मंगलवार रात में प्रदेश के 13 शहरों में रात का तापमान 10 डिग्री के नीचे रहा। इनमें से 5 शहरों में न्यूनतम तापमान 5 से 8 डिग्री के बीच रहा। सबसे कम न्यूनतम तापमान शहडोल में 4.5 डिग्री रहा। कटनी 5.9, अनूपपुर 7.8, खजुराहो 8.2, उमरिया, पचमढ़ी में 8.4 डिग्री रहा है।

## पं. दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर आज बूथ स्तर पर होंगे



**भोपाल।** पं. दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि 11 फरवरी को पूरे प्रदेश में श्रद्धा भाव से मनाई जाएगी। भाजपा प्रदेश कार्यालय एवं लालघाटी स्थित उनकी प्रतिमा सहित प्रदेश के सभी बूथ स्तरों पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके साथ ही, प्रदेश भर के प्रत्येक बूथ पर पार्टी के वरिष्ठ नेता, जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता सेवा कार्यों में भाग लेकर पं. दीनदयाल उपाध्याय को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। पं. दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर भाजपा के पार्टी पदाधिकारी एवं जिले के जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी और कार्यकर्ता सुबह 9:30 बजे लालघाटी स्थित पं. दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे। इसके बाद 11 बजे भाजपा प्रदेश कार्यालय में पार्टी पदाधिकारी प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे।

## भोपाल में 3525 चिकित्सक और हेल्थ प्रोफेशनल्स पंजीकृत

# डिजिटल हेल्थ का आदर्श मॉडल बनकर उभर रहा हमारा भोपाल




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत भोपाल डिजिटल हेल्थ का आदर्श मॉडल बनकर उभर रहा है। भोपाल को पहला और पूरी तरह डिजिटल स्वास्थ्य जिला बनाए जाने के निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इससे मरीजों को स्वास्थ्य सेवाएं एक ही डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से मिल सकेगी। कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह द्वारा समय-समय पर आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन की समीक्षा की जा रही है, विगत दिनों सभी शासकीय अस्पतालों को अपनी हेल्थ फैसिलिटी को रजिस्टर्ड करने के निर्देश दिए गए हैं। आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत हेल्थ प्रोफेशनल रजिस्ट्रेशन में भोपाल में सबसे अधिक 3525 चिकित्सक और स्वास्थ्य पेशेवर पंजीकृत व सत्यापित किए गए हैं। इसी तरह 1087 स्वास्थ्य संस्थाओं की एचएफआर आईडी बनाई जा चुकी है। जिले में 17 लाख से अधिक आभा आईडी बनाई जा चुकी हैं, जबकि 53 लाख से अधिक स्वास्थ्य रिकॉर्ड आभा आईडी से लिंक किए जा चुके हैं।

### टेलीपरामर्श, ई फार्मेसी, मेडिकल क्लेम जैसी कई सुविधाएं

आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (आभा) की शुरूआत 27 सितंबर 2021 को देशभर में की गई थी। इसका उद्देश्य देश में डिजिटल स्वास्थ्य को बढ़ावा देना है। इसके माध्यम से मेडिकल रिकॉर्ड का सुरक्षित रूप से स्टोर और एक्सेस करने की सुविधा मिल रही है।

### आभा आईडी बताएगी बीमारी का इतिहास

आभा डिजिटल हेल्थ आईडी के माध्यम से मरीज को पूर्व में दिए गए उपचार की सभी जानकारियां मिलती हैं। अस्पताल अथवा चिकित्सक को इस आईडी के माध्यम मरीज की पूर्व से चल रही बीमारियों, दिए गए उपचार, जांचों की जानकारी मिल जाती है।

### आभा आईडी मरीज का डिजिटल हेल्थ रिकॉर्ड

आभा आईडी 14 अंकों का यूनिक नंबर है। जिसके माध्यम से मरीज अपनी पैथोलॉजी रिपोर्ट, प्रिस्क्रिप्शन और उपचार डिजिटल रूप से प्राप्त कर कर सकते हैं। एक प्रकार से आभा आईडी मरीज का डिजिटल हेल्थ रिकॉर्ड है।

### 'एबीडीएम चैंपियंस' के रूप में युवाओं को करेंगे तैयार

भोपाल को 'डिजिटल हेल्थ पायनियर डिस्ट्रिक्ट' के रूप में विकसित किया जा रहा है। सार्वजनिक और निजी स्वास्थ्य सेवाओं को डिजिटली जोड़कर सेवाओं को और तेज व प्रभावी बनाया जा रहा है। जल्द ही स्कूलों और कॉलेजों में युवाओं को 'एबीडीएम चैंपियंस' के रूप में तैयार किया जाएगा।

डॉ मनीष शर्मा, सीएमएचओ

## मुख्यमंत्री का संवेदनशीलता से भरा फैसला है बेटियों को पेंशन का हकदार बनाना : परांजपे

भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष ने जताया सीएम का आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष अश्विनी परांजपे ने मध्यप्रदेश मंत्रि-परिषद द्वारा लिए गए महत्वपूर्ण निर्णयों पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि मंत्रि-परिषद द्वारा न्यू पेंशन योजना में बेटियों के पेंशन का हकदार बनाना प्रशासनिक नहीं अपितु संवेदनाओं से भरा फैसला है। ऐसे समय में जब पिता का साया बेटियों के सिर से उठ जाता है और घर में मां की ममता भी नहीं हो, ऐसे में नियम कानूनों की अड़चन बेटियों को पेंशन लेने से भी रोक देती थी। लेकिन मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की सरकार ने मानवीय पहल से बेटियों को परिवार पेंशन का हकदार बना दिया है। मंत्रिपरिषद में लिये गये निर्णय अनुसार परिवार पेंशन में अविवाहित, विधवा व तलाकशुदा पुत्री भी हकदार होगी। यह सिर्फ पेंशन नहीं बेटियों के सम्मान और सुरक्षा की गारंटी है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मंत्रि-परिषद की बैठक में लिया गया यह निर्णय नारी सम्मान, सामाजिक न्याय और संवेदनशील सुशासन का सशक्त उदाहरण है। उन्होंने कहा कि मंत्रि परिषद में गरीब, युवा, महिला, किसान और हर वर्ग हितों को लेकर कई फैसले लिए गए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार हर व्यक्ति के जीवन में प्रकाश लाने के लिए प्रतिबद्ध है।

■ निर्णय को बताया नारी सम्मान की दिशा में अहम

## खाद्य अमले ने दी रायसेन रोड के प्रतिष्ठानों में दबिश

# ढाबे से लिए भिंडी, होटल के लिए पनीर व दही के सैंपल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर के रायसेन रोड स्थित राजपूत ढाबा व होटल शुभ शालीन स्प्रिंग पर मंगलवार को खाद्य सुरक्षा प्रशासन के अमले ने निरीक्षण कर कार्रवाई की है।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी पंकज श्रीवास्तव ने बताया कि लगातार शिकायतें मिलने के बाद अमले ने आनंद नगर रायसेन रोड स्थित राजपूत ढाबा में निरीक्षण कर भिंडी की सब्जी व प्रयोग किए जा रहे तेल के नमूने लिए। पटेल नगर स्थित फर्म होटल शुभ शालीन स्प्रिंग का निरीक्षण किया और पनीर व दही के नमूने लिए। निरीक्षण के दौरान किचन की साफ-सफाई संतोषजनक नहीं पाई गई। साथ ही फूड सेफ्टी डिस्प्ले बोर्ड व कर्मचारियों के स्वास्थ्य प्रमाण पत्र भी उपलब्ध नहीं थे। दोनों ही प्रतिष्ठानों के पास खाद्य लाइसेंस नहीं मिले हैं। उन्होंने बताया कि खाद्य नमूने की रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**फूड सेफ्टी डिस्प्ले बोर्ड के साथ कर्मियों के स्वास्थ्य प्रमाण पत्र भी नहीं थे उपलब्ध**

## स्थानीय खेल समाचार

## बीयू प्रबंधन ने-एक निजी कॉलेज की कोच पहुंचेंगी समय पर

# बिना महिला कोच/मैनेजर के बीयू ने चैन्नई भेज दी टीम!

आज से 15 फरवरी तक डिंडीगुल में खेले जाएंगे मुकाबले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बरकत उल्लाह विश्वविद्यालय (बीयू) की 10 सदस्यीय महिला टीम को अन्ना यूनिवर्सिटी बोर्ड ऑफ स्पोर्ट्स बोर्ड द्वारा आयोजित ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी बॉल बैडमिंटन में हिस्सा लेने के लिए 8 फरवरी को चैन्नई के लिए रवाना किया गया है।

यह टीम तमिलनाडु के चैन्नई के डिंडगुल स्थित पीएसएनए कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में 11 से 15 फरवरी तक आयोजित टूर्नामेंट में हिस्सा लेगी। वहीं कुछ महिला खिलाड़ी की अभिभावकों का आरोप है कि इस टीम को बिना महिला कोच या मैनेजर के ही रवाना किया गया है। इसके साथ ही उनका यह भी आरोप है कि इस टीम में उनके साथ एक सीनियर खिलाड़ी मौजूद है, जो कि सिर्फ खेल में सीनियर है, उम्र से परिपक्व नहीं है। ऐसे में उनकी बच्चियों की सुरक्षा की जिम्मेदारी कौन लेगा? इसके साथ ही उनके कोई घटना हो जाती है तो कौन उनकी रक्षा करेगा।

### प्रबंधन का जवाब-सेम कॉलेज की कोच को किया है रवाना

इस संबंध में जब बीयू खेल संचालक आलोक मिश्रा से चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि एक निजी कॉलेज की कोच को उनके साथ भेजा गया है। इसकी डिटेल के लिए वॉल बैडमिंटन के इंचार्ज दिलीप राठौड़ से चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि सेम गर्ल्स कॉलेज जो बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय से ही संबद्ध है, की कोच डिंपल शिर्डी गई थीं और वहीं से उनका रिजर्वेशन चैन्नई के लिए करा दिया गया है, वे समय पर वहां पहुंचकर छात्राओं को अपने संरक्षण में ले लेंगी। हालांकि सूत्रों ने बताया कि वे मंगलवार रात 9 बजे तक वहां नहीं पहुंची हैं।



# आईटीईपी प्रथम वर्ष ने विजय ने जीती खो-खो प्रतियोगिता

केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में प्रथम बालक वर्ग स्पर्धा का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय बालक वर्ग की खो-खो प्रतियोगिता का समापन हुआ, जिसमें आईटीईपी (एकीकृत शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम) प्रथम वर्ष तथा प्राक. शास्त्री प्रथम एवं द्वितीय वर्ष (संयुक्त) का मैच हुआ, जिसमें आईटीईपी (एकीकृत शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम) प्रथम वर्ष ने विजय श्री हासिल की तथा प्राक. शास्त्री प्रथम एवं प्राक.शास्त्री द्वितीय वर्ष उप- विजेता के रूप में स्थान प्राप्त किया है। समापन का उद्घाटन परिसर के निदेशक प्रो. हंसधर झा ने किया तथा सभी प्रतिभागियों को विजय श्री का भी आशीर्वाद दिया। वहीं उन्होंने खेल भावना से खेलते हुए इस खेल की संघर्ष को बताया। यह प्रतियोगिता लीग फॉर्मेट में कराई गई थी।

# जबलपुर डिवीज़न के विरुद्ध प्रारब्ध मिश्रा की कप्तानी पारी में ठोका नाबाद शतक

*एम. वाय. मेमोरियल ट्रॉफी सीनियर इंटर डिवीजनल मल्टी डे क्रिकेट टूर्नामेंट*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित एम. वाय. मेमोरियल ट्रॉफी सीनियर इंटर डिविजनल क्रिकेट टूर्नामेंट भोपाल के फ़ेथ मैदान पर खेला रहा है। चार दिवसीय मैच में जबलपुर डिवीजन और भोपाल डिवीजन के मध्य मैच के दूसरे दिन भोपाल डिवीजन ने कल के स्कोर 5/370 रन से आगे खेलते हुए 155 ओवर में 611 रन बनाकर ऑल आउट हो गई, जिसमें तनिष्क यादव 86, प्रतीक शुक्ला 43 और प्रारब्ध मिश्रा ने शानदार 102 रन की शतकीय पारी खेलकर नाबाद रहे। जबलपुर डिवीजन से गेंदबाजी में पारुश मंडल ने 4 विकेट, अंचित ठाकुर और वंदित जोशी ने 3-3 विकेट लिए। जवाबी पारी खेलते हुए जबलपुर डिविजन ने दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक 20.2 ओवर में 1 विकेट पर 78 रन बना लिए हैं, जिसमें हर्ष मंगलानी 42 रन पर प्रारब्ध मिश्रा का शिकार बने और वंदित जोशी 32 रन पर नाबाद खेल रहे हैं। बुधवार को तीसरे दिन का मैच खेला जाएगा।


प्रारब्ध मिश्रा।

# इंदौर के कन्हैया शर्मा, कनिका और अवनी ने जीता खिताब

ग्वालियर में हुई राज्य जूनियर रैंकिंग बैडमिंटन स्पर्धा


विजेता कन्हैया शर्मा और उपविजेता तनमय शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

इंदौर के कन्हैया शर्मा एवं कनिका जाट और अवनी यादव ने खेलो मप्र युवा खेलो बैडमिंटन में खिताबी सफलता हासिल की, इंदौर की अवनी यादव 19वर्ष बालिका एकल में उपविजेता रही, अविका वर्मा सेमीफाइनल खेली। ग्वालियर में हुई बैडमिंटन स्पर्धा में 19 वर्ष बालक एकल फाइनल इंदौर संभाग के खिलाड़ियों के बीच हुआ, इंदौर के कन्हैया शर्मा ने इंदौर संभाग के धार जिले के तनमय शर्मा को 34 मिनट में 21-16,21-14 से हराया, 19वर्ष बालिका युगल फाइनल में इंदौर की कनिका जाट और अवनी यादव ने कृतिका पाठक और आदित्या शर्मा को 47 मिनट में 21-14,18-21,21-9 से पराजित किया, अवनी यादव 19वर्ष बालिका एकल फाइनल में पाखी गुप्ता से 15-21,14-21 से पराजित हुई। अवनी यादव ने सेमीफाइनल में इंदौर संभाग की अविका वर्मा को 21-15,21-12 से हराया। कनिका जाट और अवनी यादव ने बालिका युगल सेमीफाइनल में संस्कृति अग्रवाल और पाखी गुप्ता को 17-21,21-18,21-14 से हराया।


विजेता अवनी यादव और कनिका

### इन्होंने दी बधाई

*इंदौर जिला बैडमिंटन संगठन अध्यक्ष अनिल भंडारी, सचिव आर पी सिंह नैयर, सह सचिव धर्मेश यशलहा, कोषाध्यक्ष विशाल चांदवानी, मनीष त्रिवेदी सुधांशु व्यास, इंदौर खेल अधिकारी रीना चौहान, धार जिला खेल अधिकारी राजेश शाक्य आदि ने इंदौर संभाग के सफल खिलाड़ियों को बधाई दी हैं। मप्र खेल युवा कल्याण विभाग की यह स्पर्धा मप्र बैडमिंटन संगठन के तहत हुई जिसे राज्य रैंकिंग बैडमिंटन स्पर्धा का दर्जा दिया गया है। इंदौर संभाग टीम चयन स्पर्धा इंदौर जिला बैडमिंटन संगठन के तहत खेल युवा कल्याण विभाग ने एमराल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित की।*

GANDHI P.R. COLLEGE BHOPAL
(Minority Institution)
D-1 Danish Nagar Hoshangabad Road, Bhopal- 462026
Faculty Required for D.El.Ed. Course
H.O.D.-PG in School subject and M.Ed. at least 5 year experience of teaching in a teacher education institute.
Lectures Perspectives in Education / Science/-Humanities, Mathematics/ Language/ Fine Arts /Dance & Music etc.
Pay scale and qualifications as per Norms. Candidates should apply with in 5 days along with all testimonials.
Send your resume to email Id: principal@gandhiprcollege.com or personally at college office.

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930